हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 15 अगस्त 2026



15 अगस्त पर विशेष

आजादी के महानायक नेताजी

जबलपुर की धरती से जुड़ी अमिट गाथा

दो बार जबलपुर जेल में रहे कैद, बीमारी की हालत में भी पहुंचे थे त्रिपुरी अधिवेशन


- वे यहां अध्ययन और चिंतन में समय बिताते थे
- आज नेताजी के विश्राम स्थल पर चढ़ाए जाते हैं फूल


अनुरोध पटेरिया ▶▶ जबलपुर

स्वतंत्रता दिवस पर जब देश आजादी के अमर सेनानियों को नमन कर रहा है, तब संस्कारधानी जबलपुर को यह गौरव प्राप्त है कि आजाद हिंद फौज के महानायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस का इस शहर से गहरा संबंध रहा है। अंग्रेज सरकार ने उन्हें स्वतंत्रता आंदोलन के



नेताजी के नाम पर जेल


बैरक के अंदर विश्राम पट्टिका


कपड़े व वारंट


बैरक बना स्मारक

दौरान दो बार जबलपुर सेंट्रल जेल में कैद रखा, और यहीं से उनके संघर्ष की अनेक महत्वपूर्ण स्मृतियां जुड़ी हैं। वर्ष 1818 में निर्मित ▶▶शेष पेज 4 पर

बीमारी से जूझते हुए भी पहुंचे त्रिपुरी अधिवेशन

नेताजी का जबलपुर से संबंध केवल जेल तक सीमित नहीं रहा। 1939 का ऐतिहासिक कांग्रेस त्रिपुरी (जबलपुर के पास एक ग्राम) अधिवेशन जबलपुर की पहचान बन गया। इसी अधिवेशन में नेताजी दूसरी बार कांग्रेस अध्यक्ष चुने गए। उस समय वे गंभीर रूप से अस्वस्थ थे और चिकित्सकों ने यात्रा से मना किया था, किंतु राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए वे ट्रेन से जबलपुर पहुंचे। उनके स्वागत के लिए शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। हाथियों


लोहे की बेड़ियां


नेताजी का स्मारक

और रथों की विशेष व्यवस्था की गई थी, परंतु स्वास्थ्य अत्यधिक खराब होने के कारण उन्हें स्टेशन से अधिवेशन स्थल तक एंबुलेंस से ले जाना पड़ा। हजारों कार्यकर्ता और लाखों नागरिक केवल उनके दर्शन के लिए उमड़ पड़े थे। बीमारी की अवस्था में भी अधिवेशन में उनकी उपस्थिति ने युवाओं में अद्भुत ऊर्जा भर दी और जबलपुर नेताजी के प्रति गहरी श्रद्धा से भर उठा। त्रिपुरी अधिवेशन ने भारतीय ▶▶शेष पेज 4 पर



'कर्मश्री' की तिरंगा यात्रा मदर टेरेसा स्कूल से हुई शुरु

तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री बोले भारत बनेगा विश्व का 'सर्वश्रेष्ठ देश'

युवा बाइकर्स, वरिष्ठ नागरिक, स्कूली बच्चे, महिलाएं, व्यापारी तिरंगे के साथ यात्रा में हुए शामिल

मुख्यमंत्री ने तिरंगा यात्रा के सहभागियों के साथ सेल्फी ली

सीएम ने कहा कि युवाओं के जोश से यह तिरंगा यात्रा देश की सबसे बड़ी तिरंगा यात्राओं में शामिल हो गई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक और सबसे युवा देश है। आजादी के अमृतकाल तक भारत विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश बनेगा। 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश उत्साह और उमंग से सराबोर है। दुनिया भारत को सामर्थ्यशाली और शक्तिशाली देश के रूप ▶▶शेष पेज 4 पर

खुली जीप पर सवार होकर तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया

देवास में तिरंगा यात्रा पर मधुमक्खियों का हमला

डीजे के शोर से भड़कीं, एक दर्जन से अधिक लोग घायल



देवास। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देवास में निकाली जा रही भाजपा ग्रामीण मंडल की तिरंगा यात्रा में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब डीजे की तेज आवाज और कंपन से पेड़ों पर मौजूद मधुमक्खियां भड़क गईं। भड़की मधुमक्खियों ने यात्रा में ▶▶शेष पेज 4 पर

रेलवे स्टेशन पर महिला के ट्रॉली बैग में मिला 6 किलो 325 ग्राम मेथामफेटामाइन ड्रग्स

ऑपरेशन क्रिस्टल डैगर के तहत की गई ये कार्रवाई

अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत 15 से 20 करोड़ रुपए आंकी

- राजस्व खुफिया निदेशालय की कार्रवाई
- विदेशी सिंडीकेट करा रहा था महिला से तस्करी
- कार्रवाई से पहले जीआरपी को भनक तक नहीं लगी


ड्रग्स के पैकेट


इस तरह रखे थे ड्रग्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भोपाल रेलवे स्टेशन से राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने महिला तस्कर से 6 किलो 325 ग्राम मेथामफेटामाइन बरामद किया है। महिला तस्कर ड्रग्स को ट्रॉली बैग के अंदर छिपाकर रखी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर हुई इस कार्रवाई में शुरुआत में जीआरपी को भनक तक नहीं लगी। हालांकि, बाद में जीआरपी की टीम भी मौके पर पहुंची थी। प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि महिला नई दिल्ली से बेंगलुरू जा रही थी। जब्त मेथामफेटामाइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करोड़ों रुपए की है। यह कार्रवाई ऑपरेशन क्रिस्टल डैगर के तहत की गई। अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में 6 किलो 325 ग्राम ▶▶शेष पेज 4 पर

ड्रग्स को बैग में टेपिंग किया हुआ था

डीआरआई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध महिला ट्रॉली बैग में बड़ी मात्रा में मेथामफेटामाइन ड्रग्स लेकर जा रही है। टीम ने स्टेशन पहुंचकर ट्रेन में सफर कर रही संदिग्ध महिला के बैग की तलाशी ली और ट्रॉली बैग में अंदर चेंबर बनाकर रखा मेथामफेटामाइन ड्रग्स बरामद कर लिया। डीआरआई के अधिकारियों ने बताया कि ट्रॉली बैग में ड्रग्स को कुछ इस तरह से टेपिंग कर छिपाकर रखा गया था कि उसे साधारण ▶▶शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुधि पाठकों, एजेंसियों विज्ञापनदाताओं और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

अवकाश


इस अवसर पर 15 अगस्त शनिवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 17 अगस्त सोमवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।

प्रधान संपादक

बगल की सीट पर बैठे थे लुटेरे, बस रुकवाई फिर छीन लिया बैग

रतलाम में चलती बस से व्यापारी का 5 किलो सोना लूटकर भागे बदमाश

- लूटे गए गहनों की कीमत 7.50 करोड़
- लूट में कुल 5 आरोपी शामिल थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

यहां एक सराफा व्यापारी के साथ करोड़ों रुपए की बड़ी लूट का मामला सामने आया है। उज्जैन के बड़नगर से रतलाम लौट रहे व्यापारी से बदमाशों ने करीब 5 किलो सोने के जेवरात से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए।


छीने गए सोने की कीमत लगभग 7.50 करोड़ रुपए बताई जा रही है। पीड़ित व्यापारी की पहचान रतलाम की महलवाड़ा जैन कॉलोनी निवासी अर्पित चौरड़िया के रूप में हुई है। अर्पित सोने के जेवरात बेचने बड़नगर गए थे और गुरुवार रात करीब सवा आठ बजे बस में सवार होकर रतलाम लौट रहे थे। रात लगभग 9:15 बजे, इंदौर फोरलेन पर बिलपांक थाना क्षेत्र के रेन फंटे के पास बस पहुंची। ड्राइवर की सीट के पास बैठे एक यात्री ने अचानक बस रुकवाई। उसी दौरान व्यापारी के ▶▶शेष पेज 4 पर

जिले भर के थानों को अलर्ट किया गया

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार और राकेश पंद्रो बल के साथ मौके पर पहुंचे। डॉग स्क्वाड की मदद से घटनास्थल और आसपास के इलाकों में गहन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। जिले भर के थानों को अलर्ट कर दिया गया है। पुलिस को इसमें किसी करीबी साजिश की भी आशंका है। व्यापारी की गतिविधियों और बदमाशों के भागने के मार्ग (रूट) के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।



जो कुछ भी है, ईश्वर की कृपा से है



अनुभव वृतांत

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

तीन दिन पहले सोशल मीडिया पर अपने एक छायाचित्र के साथ अनायास ही एक पोस्ट लिखा था 'जो कुछ भी है, ईश्वर की कृपा से है।' यह वाक्य जीवन के अनुभव पर ही आधारित था। बीते कल उसी अनुभव से एक बार फिर गुजरने का अवसर मिला। मध्यप्रदेश अंतर्गत छतरपुर जिले के गढ़ा गांव जाने का अवसर मिला, जहां पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्म हुआ। वही गढ़ा, जिसे आज बागेश्वर धाम के रूप में राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है।

एक दशक पहले तक यह इलाका देश के उन पिछड़े और बुनियादी सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में गिना जा सकता था, जहां सामान्य जरूरतों के लिए भी लोगों को संघर्ष करना पड़ता था। आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में विकास की गति बहुत धीमी थी। लेकिन एक दशक के भीतर इस गांव और पूरे इलाके की दशा और दिशा, दोनों बदल गई हैं।

इस बदलाव को समझने के लिए किसी आंकड़े की जरूरत नहीं। गांव में प्रवेश करते ही तस्वीर सामने दिखाई देने लगती है।

जिस गांव में कभी चाय पीने के लिए एक छोटी-सी टपरी ढूंढ़ना भी मुश्किल रहा होगा, आज वहां ▶▶शेष पेज 4 पर

जिनके अमर बलिदान से मिली स्वतंत्रता

उन वीरों को शत-शत नमन

नया मध्यप्रदेश

समानता का विश्वास, समावेशी विकास



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री





“स्वतंत्रता हमें केवल अधिकार नहीं देती, बल्कि यह कर्तव्य का स्मरण भी कराती है। आइए, हम सब मिलकर प्रदेश के समग्र विकास और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प लें।”

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

प्रदेशवासियों को

80वें स्वाधीनता दिवस की

हार्दिक शुभकामनाएं



स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
मुख्यमंत्री का संदेश सुनने के लिए यहां स्कैन करें।

जुड़ें नए मध्यप्रदेश से

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026 D-11080/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhypradesh @jansamparkMP JansamparkMP

भोपाल
शनिवार, 15 अगस्त 2026
श्रावण मास शुक्ल पक्ष- 3
वर्ष : 13, अंक : 135
पृष्ठ : 20 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 24

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

विदेश नीति पर राहुल का 'गले मिलने' वाला कटाक्ष मचा राजनीतिक घमासान

भाजपा का इंदिरा-कास्त्रो के वीडियो से तीखा पलटवार, कहा- जरा इतिहास भी देख लेते!


- राहुल ने संदीप दीक्षित को गले लगाकर पीएम मोदी पर कसा था तंज
- भाजपा ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी और फिडेल कास्त्रो की तस्वीर शेयर की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मावलंकर हॉल में आयोजित 'रचनात्मक कांग्रेस' के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने पीएम मोदी के नेतृत्व वाली विदेश नीति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन में यह बात बैठ गई है कि विदेश नीति का मतलब सिर्फ विदेशी नेताओं को गले लगाना है।


भाजपा ने जारी किया

अपनी बात को समझाने के लिए राहुल गांधी ने मंच पर मौजूद कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित को गले लगाकर दिखाया। राहुल गांधी के गले लगाए जाने के बाद संदीप दीक्षित ने पूछा कि मेलोनी समझ के तो गले नहीं लगाया था। इस पर राहुल ने कोई जवाब नहीं दिया। अब इसी मामले को लेकर भाजपा आक्रामक तरीके से कांग्रेस पर हमला बोल दिया है। इसे कूटनीतिक मर्यादा के खिलाफ बताया। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की क्यूबा यात्रा का एक पुराना वीडियो साझा किया, जिसमें क्यूबा के तत्कालीन राष्ट्रपति फिडेल कास्त्रो उन्हें गले लगाते दिख रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने फिलिस्तीनी नेता ▶▶शेष पेज 4 पर


राहुल और संदीप दीक्षित

गृह मंत्री पर टिप्पणी मामला

राहुल को लोकसभा विशेषाधिकार समिति का जारी हुआ नोटिस


लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ असंसदीय और अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और संजय जायसवाल की शिकायतों पर की गई है। मामला एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान का है, जब राहुल पर गृह मंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा के इस्तेमाल का आरोप लगा।

नालसार, हैदराबाद विवि में सीजेआई का विरोध करने वाले छात्रों का पंजीकरण रोकने पर बार काउंसिल को फटकार

सीजेआई बोले- छात्र 'गलत' हों तब भी उन्हें विरोध का अधिकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को हैदराबाद स्थित नालसार (नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च) कानून विश्वविद्यालय विवाद पर बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को कड़ी फटकार लगाई। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि छात्रों का फैसला भले ही गलत हो, लेकिन उन्हें अपनी बात रखने और विरोध दर्ज कराने का पूरा अधिकार है। अदालत ने बीसीआई के चेयरमैन मनन मिश्रा के उस परिपत्र (सर्कुलर) पर तीव्र



सुप्रीम कोर्ट ने किसी छात्र या फैकल्टी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया

नाराजगी जताई, जिसमें नालसार के 2026 बैच के स्नातकों के अधिवक्ता नामांकन पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया था। सीजेआई ने कहा कि यह मेरे और छात्रों के बीच का मामला है, इसे तूल देने की जरूरत नहीं थी। इसमें हस्तक्षेप करने वाला बार काउंसिल कौन होता है? शीर्ष अदालत ने बार काउंसिल को नोटिस जारी करते हुए विश्वविद्यालय के किसी भी छात्र या शिक्षक के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई न करने का सख्त आदेश दिया है। सीजेआई ने कहा कि कॉकरोच वाले केस में उनका बयान गलत तरीके से कोट किया गया। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय के लगभग 450 छात्र नीट प्रदर्शन पर दी गई एक पुरानी टिप्पणी से नाराज होकर सीजेआई को दीक्षांत समारोह का मुख्य अतिथि बनाए जाने का विरोध ▶▶शेष पेज 4 पर

जन-विश्वास अभियान: बड़वानी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का 'ऑन द स्पॉट' एक्शन

लापरवाही पर तहसीलदार 2 सीएमओ सीईओ, पटवारी समेत 7 निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- 6 साल तक नामांतरण लटकाने और पीएम आवास की किस्त में देरी पर गिरी गाज

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत बड़वानी में आयोजित जिला स्तरीय समाधान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कड़ा रुख देखने को मिला। आमजन की शिकायतों पर सीधे संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने काम में बेवजह देरी और लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर 'ऑन द स्पॉट' कार्रवाई की गाज गिराई। नामांतरण में 6 साल का बिलंब करने और प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्तें रोकने के मामलों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने तत्कालीन तहसीलदार, दो सीएमओ, दो पटवारी, एक सहायक यंत्री और जनपद पंचायत के सीईओ समेत 7 अधिकारियों-कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। वहीं, नगरीय प्रशासन इंदौर के संयुक्त संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि उत्कृष्ट कार्य ▶▶शेष पेज 4 पर



समाधान कार्यक्रम में सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बोले–अच्छा काम करने वाले होंगे सम्मानित, लापरवाही पर होगी सीधी कार्रवाई

पीएम आवास की किस्त रोकी तो 2 सीएमओ और सहायक यंत्री नपे

शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही रुपेश शर्मा की शिकायत पर भी सख्त एक्शन लिया गया। 2019 में आवेदन और मकान बनने के बावजूद शर्मा को अगस्त 2026 में जाकर पहली किस्त मिली। प्रकरण की प्राथमिकता सूची में गड़बड़ी और बेवजह विलंब पर गाज गिरते हुए सीएम ने ▶▶शेष पेज 4 पर

संबल योजना में धांधली पर जांच: पानसेमल के शिकायतकर्ता हरि निमवा ठाकुर ने बताया कि संबल योजना के तहत अंत्येष्टि और अनुग्रह राशि के लिए 2019 में आवेदन किया था, जो आज तक लंबित है। जांच में खुलासा हुआ कि प्राथमिकता सूची में नीचे मौजूद 16 हितग्राहियों को पहले लाभ दे दिया गया, जबकि हकदार भटकते रहे।

दिल्ली-वाराणसी से जुड़ेगा शहर

25 अक्टूबर से नियमित शुरू होगी खजुराहो उड़ान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खजुराहो

हवाई यात्रियों और पर्यटकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। खजुराहो एयरपोर्ट से 25 अक्टूबर से एयर इंडिया अपनी नियमित उड़ान सेवा शुरू करने जा रहा है। यह फ्लाइट दिल्ली से रवाना होकर खजुराहो होते हुए वाराणसी जाएगी। डीजीसीए से इसके संचालन की मंजूरी मिल चुकी है। एयरपोर्ट निदेशक संतोष सिंह ने बताया कि एयर इंडिया की टीम ने एयरपोर्ट पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। यह सेवा सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को संचालित होगी। खजुराहो में लंबे समय से नियमित हवाई सेवा की मांग की जा रही थी। इस नए रूट के शुरू होने से दिल्ली, खजुराहो ▶▶शेष पेज 4 पर

भोपाल नवाबी संपत्ति विवाद

ईओडब्ल्यू ने सैफ अली से मांगे जमीन के 'दस्तावेज'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने भोपाल रियासत के अंतिम नवाब हमीदुल्लाह खान की



पत्नी आफताब जहां बेगम की बेची गई संपत्तियों की जांच तेज कर दी है। प्रधानमंत्री कार्यालय और ईओडब्ल्यू महानिदेशक को मिली शिकायत के बाद अब बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और उनका पूरा परिवार जांच के दायरे में आ गया है। ईओडब्ल्यू ने करीब 1,370 एकड़ भूमि के संबंध में सैफ अली खान से मूल दस्तावेज मांगे हैं। जांच में सैफ अली खान के अलावा सोहा अली खान, सबा अली खान और शर्मिला टैगोर के नाम भी शामिल हैं। शिकायतकर्ता अमिताभ अग्निहोत्री ने अपने वकील के साथ ईओडब्ल्यू को लिखित साक्ष्य सौंपे हैं। विवाद भोपाल के ▶▶शेष पेज 4 पर

रास्ता बाधित करने का लगाया आरोप

शीर्ष कोर्ट के आदेश पर लगातार तीसरी बार हुई जुमे की नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

- *परिसर में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ*

जिले के ऐतिहासिक भोजशाला परिसर में सर्वोच्च न्यायालय की अंतरिम व्यवस्था के अनुरूप लगातार तीसरी बार भी जुमे की नमाज भोजशाला के पीछे स्थित खसरा नंबर 612 की भूमि पर शांतिपूर्वक अदा की गई। वहीं, भोजशाला परिसर के भीतर हिंदू समाज के लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। कड़े सुरक्षा पहरे के बीच दोनों आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। भोज उत्सव समिति के जिला मंत्री सुमित चौधरी ने आरोप लगाया कि नमाज के बाद जब नमाजी ▶▶शेष पेज 4 पर


भोजशाला के बाहर मौजूद पुलिस

कार्रवाई के आश्वासन पर मस्जिद पक्ष का धरना स्थगित

कमाल मौलाना वेलफेयर सोसाइटी के सदर अब्दुल समद ने कहा कि न्यायालय के आदेशानुसार खसरा नंबर 612 पर ▶▶शेष पेज 4 पर

बच्चे के इलाज के लिए जा रही महिला की फ्लाइट रद्द

भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर किया हंगामा कंप्यूटर मॉनिटर और मशीनें तोड़े

- *49,000 की संपत्ति को नुकसान, केस दर्ज*

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इंडिगो की फ्लाइट अचानक रद्द होने के बाद एक महिला यात्री ने जमकर हंगामा किया। बच्चे के इलाज के लिए कोलकाता जा रही महिला ने आक्रोश में आकर एयरपोर्ट के उपकरणों में तोड़फोड़ की, जिससे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को लगभग 49,000 का नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी महिला यात्री ▶▶शेष पेज 4 पर


हंगामे के दौरान झूमाझटकी भी हुई

एयरपोर्ट स्टाफ से बहस और कंप्यूटर-स्कैनर तोड़ी

गुस्से में आई महिला ने एयरलाइन और एयरपोर्ट अधिकारियों से तीखी बहस शुरू कर दी। उसने कहा कि उसकी यह यात्रा किसी छुट्टी या ▶▶शेष पेज 4 पर

आज देश मनाएगा आजादी की 80वीं वर्षगांठ

13वीं बार तिरंगा फहराकर मोदी रचेंगे इतिहास, सबसे ज्यादा बार झंडा फहराने वाले होंगे गैर-कांग्रेसी पीएम

- पहली बार होगा 'वंदे मातरम का सामूहिक गायन, तिरंगे को 21 तोपों की दी जाएगी सलामी, वायुसेना के हेलिकॉप्टर से होगी पुष्पवर्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


इस साल 15 अगस्त को जब देश आजादी की 80वीं वर्षगांठ मनाएगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले की प्राचीर से तिरंगा फहराएंगे और देश को संबोधित करेंगे तो एक नया रिकॉर्ड बनेगा। पीएम मोदी लगातार 13वीं बार लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसके साथ ही वह सबसे अधिक बार ऐसा करने वाले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री होंगे।


फाइल फोटो

दरअसल, केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली ▶▶शेष पेज 4 पर

सबसे अधिक 17 बार पंडित नेहरू ने फहराया झंडा

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने आजाद भारत में 15 अगस्त 1947 को लाल किले से झंडा फहराया। वह 27 मार्च 1964 तक देश के प्रधानमंत्री रहे और इस दौरान उन्होंने रिकॉर्ड 17 बार 15 अगस्त को झंडा फहराया। इसके बाद इंदिरा गांधी 11 और मनमोहन सिंह (10) का स्थान है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेश के नाम संदेश, कहा-

आपसी सहयोग से निरंतर होगा प्रदेश का विकास, हमें आत्मचिंतन करने के लिए प्रेरणा देता है स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश के मुखिया ने जारी किया वीडियो
- 80 वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों को दी बधाई और शुभकामनाएं

स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के नाम संदेश जारी किया। अपने संदेश में उन्होंने



राज्य के विकास, जन-सहयोग, अर्थव्यवस्था, निवेश सहित कई तथ्यों का जिक्र किया। उन्होंने संदेश में आम जनता के साथ-साथ किसानों पर बात की। उन्होंने प्रदेश में बारिश की गति बढ़ने पर प्रसन्नता भी जाहिर की। उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए आपसी सहयोग पर जोर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संदेश में कहा कि स्वतंत्रता की 80 वीं वर्षगांठ पर आप सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं। मैं सबसे पहले देश को स्वतंत्र करवाने के लिए अपने जीवन का बलिदान करने वाले अमर शहीद सेनानियों, राष्ट्रप्रेमियों का स्मरण करते हुए उन्हें आदरांजलि अर्पित करता हूं। स्वतंत्रता दिवस हम सभी के लिए एक विशेष त्योहार है, जो हमें आत्मचिंतन, भविष्य की रूपरेखा एवं प्रदेश के विकास में अपने योगदान को नियोजित करने का अवसर प्रदान करता है।

त्योहार हमारे जीवन का आधार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि इस महीने हम स्वतंत्रता दिवस के साथ रक्षाबंधन का पावन पर्व भी मना रहे हैं। इसके कुछ दिन बाद ही भगवान श्री कृष्ण की जन्माष्टमी और उनके साथ-साथ श्री गणेश उत्सव की लंबी परंपरा हमारी उमंग बढ़ाएगी। परमात्मा की कृपा से अब वर्षा भी अच्छी हो रही है, जिससे किसान भाई और आम नागरिकों को राहत मिली है। प्रदेश में सरकार और समाज ने मिलकर पर्व और त्योहार मनाने का काम किया है।

निरंतर आगे बढ़ता रहेगा विकास का कारवां

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माध्यम से मप्र को अनेक सौगातें मिली हैं। धार में टेक्सटाइल क्षेत्र में पीएम मित्रा पार्क बन रहा है, ग्वालियर में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन स्थापित किया जा रहा है। प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। अन्य कई क्षेत्रों में निवेश आ रहा है। मेरा विश्वास है कि विकास का ये कारवां प्रदेशवासियों के सहयोग से निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। एक बार पुनः स्वतंत्रता की वर्षगांठ की आप सभी को बधाई, बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत माता की जय।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस पर दीं शुभकामनाएं



भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने प्रदेशवासियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव, उमंग और उल्लास का पर्व नहीं है, बल्कि यह देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले लाखों स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों और अमर शहीदों के त्याग, तपस्या और बलिदान को स्मरण करने का अवसर भी है। भारत की स्वतंत्रता असंख्य वीर सपूतों के संघर्ष, साहस और बलिदान का परिणाम है। जिन महान स्वतंत्रता सेनानियों ने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, उनके त्याग और तपस्या के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। ऐसे सभी अमर वीरों, क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं।

मुख्यमंत्री ने जन विश्वास अभियान में बड़वानी के किसानों से किया संवाद

किसानों की समृद्धि और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खास बातें

- एचडी पद्धति से कपास उत्पादन से बढ़ी बड़वानी के किसानों की आय
- किसानों के सुझावों और समस्याओं का संवेदनशीलता से किया जाएगा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। बड़वानी में एचडी पद्धति से कपास उत्पादन के माध्यम से किसानों की आय में हुई वृद्धि इसका सकारात्मक उदाहरण है। किसानों के सुझावों और समस्याओं को सरकार पूरी संवेदनशीलता से सुनेगी और उनके निराकरण के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को बड़वानी जिले के प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले के किसानों से सीधा संवाद किया। उन्होंने किसानों से खेती-किसानी से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं, अनुभवों और सुझावों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने किसानों से फसल उत्पादन, सिंचाई सुविधाओं, कृषि आदानों की उपलब्धता तथा शासन की विभिन्न योजनाओं से मिल रहे लाभ के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

कामधेनु योजना से पशुपालन को मिला प्रोत्साहन

ग्राम बोरलाई के किसान हरिराम राठौर ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे दूध का व्यवसाय करते हैं और उन्हें डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना का लाभ मिला है। उन्होंने योजना की सराहना करते हुए बताया कि इससे पशुपालन और दुग्ध व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहायता मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को किसानों की आय का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। गोशालाओं को सरकार दे रही अनुदान- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गोशालाओं को भी अनुदान उपलब्ध करा रही है। कृषि के साथ पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार द्वारा विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं।

किसानों से सीधे संवाद से मजबूत हो रहा विश्वास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से आमजन तक पहुंचाना है। अभियान के माध्यम से सरकार स्वयं जनता के बीच पहुंचकर उनकी बात सुन रही है और समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे, यही जन विश्वास अभियान की मूल भावना है। बड़वानी में एक तिहाई क्षेत्र में कपास की खेती- संवाद के दौरान बताया गया कि बड़वानी जिले में कृषि क्षेत्र के एक बड़े हिस्से में कपास की खेती की जाती है।

जन विश्वास शिविर के अंतर्गत सीएम ने स्कूल में छात्रों से की चर्चा

मन में उठने वाले प्रश्नों और जिज्ञासाओं को नहीं रोकें, बल्कि चर्चा कर उत्तर पाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- *मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के अंतर्गत मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों से किया संवाद*

सूर्य के प्रकाश में क्या-क्या होता है?, हवा क्या करती है? पेड़ों से हमारा क्या संबंध है ?, बिना भोजन और बिना पानी पिये हम कितने दिनो तक जिंदा रह सकते है?, हवा क्यो चलती है?, हवा को कौन बांधता है?, गति कम या ज्यादा क्यो होती है?,हमारे शरीर में विटामिन्स का क्या महत्व है? कुछ ऐसे ही रोचक प्रश्न प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जन विश्वास शिविर के अंतर्गत एकीकृत हायर सेकेण्डरी स्कूल बोरलाय पहुंचकर विद्यार्थियों से किए।

इस दौरान मुख्यमंत्री के कुछ प्रश्नों के जवाब विद्यार्थियों ने दिए। जिन प्रश्नों के जवाब नहीं दिए, उन्हें मुख्यमंत्री ने उदाहरण देकर विद्यार्थियों को समझाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विद्यार्थियों से प्रश्न पूछते समय एक शिक्षक की भूमिका निभा रहे थे, वही बच्चे भी बिना झिझक के



छात्राओं से चर्चा करते सीएम।

अपने मुख्यमंत्री के प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने मन में उठने वाले प्रश्नों और जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त करे। कभी भी प्रश्न पूछने में झिझक नहीं दिखाएं, विद्यार्थी जीवन सीखने का एक सशक्त माध्यम है। वैसे तो मनुष्य अपने सारे जीवनकाल में कुछ न कुछ सीखता है, परन्तु विद्यार्थी जीवन में सीखा हुआ उसे जीवन पर्यन्त याद रहता है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर ध्यान देते हुए अपने जीवन के लक्ष्य को तय करे तथा उसी दिशा में आगे बढ़े। ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की तो कोई कमी नहीं है, विद्यार्थी अपने अंदर की क्षमता को पहचाने एवं खुद को कम न आंकते हुए लक्ष्य प्राप्त करे।

सीएम ने किए श्याम बाबा के दर्शन किए, संतों का लिया



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को बड़वानी प्रवास के दौरान ग्राम तलून स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर में पूजा-अर्चना कर श्याम बाबा के दर्शन किए एवं संतों का आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही सीएम ने गो सेवा भी की। बाद में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जिला पदाधिकारियों से संवाद कर क्षेत्र की जमीनी स्थिति, संगठनात्मक विषयों एवं विकास कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी सहित अन्य उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने उप स्वास्थ्य केंद्र तलून का किया निरीक्षण



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को बड़वानी जिले के प्रवास के दौरान दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र तलून का निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए ग्रामीणों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कम्युनिटी स्वास्थ्य अधिकारी से क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं की संख्या, उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विशेष रूप से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की पहचान और उनके स्वास्थ्य की निगरानी के संबंध में भी जानकारी ली।

सीएम ने बोरलाय में मैथ्स पार्क का किया उद्घाटन

गणित केवल कठिन सवालों और बड़ी-बड़ी संख्याओं का नाम नहीं है। गणित हमारे चारों ओर है, घड़ी में



समय देखने से लेकर बाजार में सामान खरीदने तक। यदि हम गणित को खेल, पहेलियों, रोचक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के माध्यम से सीखें, तो यह बहुत आसान और मजेदार बन सकता है। शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरलाय में बने मैथ्स पार्क का उद्घाटन करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात कही। इस दौरान उन्होंने बोरलाय स्कूल की बालिकाओं से मैथ्स पार्क में बनाए गए मॉडल की प्रशंसा करते हुए मॉडल के बारे में जानकारी प्राप्त की। बालिकाओं ने भी उत्सुकता के साथ बनाए गए हर मॉडल को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। ्राम पंचायत बोरलाय के शासकीय उच्चतर माध्यमिक के विद्यालय में 6.27 लाख रुपए की राशि से बच्चों में गणित के प्रति जागरूकता एवं खेल-खेल में सीखने के उद्देश्य से एक मैथ्स पार्क बनाया गया है। जिसमें बीज गणित, अंक गणित एवं त्रिकोणमिति के कुल 19 मॉडल बनाए गए हैं।

विदिशा में कृषि महोत्सव को किया संबोधित

नवीन तकनीकों को अपनाकर कृषि को बनाएं लाभ का धंधा : सीएम

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश में चल रहे बलराम कृषि महोत्सव के अंतर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शुक्रवार को जिले के ग्राम बोरलाय से विदिशा में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव के कार्यक्रम में वुर्चअली सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि बलराम महोत्सव का मुख्य उद्देश्य है नवीन तकनीकों को अपना प्राकृतिक एवं जैविक खेती के माध्यम से कृषि को लाभ का धंधा बनाना है।

इस वर्ष मनाए जा रहे कृषि महोत्सव में किसानों को परंपरागत खेती के साथ कृषि की नवीन तकनीकों से भी अवगत कराकर उन्हे अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसान प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाकर अपनी धरती को उपजाऊ बनाएं। रासायनिक खाद से हमारी धरती की उर्वरा शक्ति कम हो गई है, अतः किसान जैविक और प्राकृतिक खाद के माध्यम से मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाएं।



फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में भी आगे बढ़ें किसान

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने यह भी कहा कि आज के समय में किसान सिर्फ फसल उगाकर सिर्फ अनाज का उत्पादन नही करे, बल्कि उसकी फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में भी आगे बढ़े। अनाज से ज्यादा मूल्य किसान को प्रोसेसिंग किए हुए उत्पाद से मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश की सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा किसानों को फसल अल्पावधि ऋण की शर्तो में भी संशोधन किया गया है। अब किसानों के लिए 31 मार्च की ड्यू डेट हटा दी गई है। किसानों को अब सिंचाई के लिए रात्रि के समय नही दिन के समय ही बिजली दी जाएगी। कवच योजना के माध्यम से डिफाल्टर किसानों के ऋण खातों में सुधार किया जा रहा है।

ड्रोन दीदी से किया वर्चुअली संवाद

बलराम कृषि महोत्सव के वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विदिशा जिले की ड्रोन दीदी प्रभा वर्मा से भी संवाद किया। इस दौरान प्रभा दीदी ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ यादव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि दीदीयों को ड्रोन चलाना सिखाकर उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम उठाया है। अभी तक कुल खेतों में 1160 स्प्रे किए है, एक स्प्रे का वे 300 रुपये लेती है, अभी तक उन्होने 3 लाख रुपये से अधिक राशि कमाकर वे लखपति दीदी बन गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभाकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं के पास हौसलों की कोई कमी नही है, उनकी उड़ान को सिर्फ पंख देने की आवश्यकता है, बाकी मंजिल तो वे स्वयं की प्राप्त कर लेती है।

प्रभावित आदिवासी गांवों में तत्काल स्वास्थ्य जांच की मांग

बालाघाट जिले में दूषित पानी से बच्चों की मौत पर सिंघार ने सरकार को घेरा

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने शुक्रवार को बालाघाट जिले के महामारी प्रभावित ग्राम कुण्डेकसा, बोनदारी एवं कोरका का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती इन गांवों के बीमार मासूम बच्चों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और उनके उपचार तथा अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि हर बच्चे को बेहतर इलाज मिले और किसी भी परिवार को इलाज के अभाव में अपने बच्चे को न खोना पड़े, यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। नेता प्रतिपक्ष ने मामले में प्रशासनिक स्तर पर हुई संभावित लापरवाही की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।



अस्पताल में भर्ती बच्चों के परिजनों से मुलाकात करते उमंग सिंघार।

पीड़ित परिवारजनों से की मुलाकात

नेता प्रतिपक्ष ने पीड़ित परिवारजनों से भी मुलाकात की। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से दूषित पानी और संक्रमण के कारण बीमारी फैली हुई है, जिसमें अब तक आसपास के ग्रामों में 19 बच्चों की मौत हो चुकी है। बैगा आदिवासी बहुल इन गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और ग्रामीणों की कठिन परिस्थितियों को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की। सिंघार ने कहा कि सरकार को तत्काल प्रभावित क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति, विशेषकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए। बीमार बच्चों को समुचित और निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराने के साथ पर्याप्त पोषण एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।

सामाजिक भेदभाव और संविधान विरोधी मानसिकता का किया विरोध

खरगे के सम्मान को ठेस पहुंचाने के विरोध में कांग्रेस ने निकाला सत्याग्रह पैदल मार्च

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

उत्तराखंड के हल्द्वानी में भाजपा समर्थित संगठनों द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे के सम्मान को ठेस पहुंचाने तथा कार्यक्रम स्थल का गंगाजल से "शुद्धीकरण" किए जाने के विरोध में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर द्वारा सत्याग्रह पैदल मार्च निकाला गया। इस सत्याग्रह के माध्यम से कांग्रेसजनों ने सामाजिक भेदभाव, नफरत और संविधान विरोधी मानसिकता के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया तथा देश में समानता, भाईचारे और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा ने एक बार फिर अपने व्यवहार से देश को नफरत और सामाजिक विभाजन का संदेश दिया है। जिस स्थान पर खरगे का कार्यक्रम हुआ, वहां बाद में गंगाजल से "शुद्धीकरण" किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यह केवल श्री खरगे का अपमान नहीं है, बल्कि यह देश के दलित, आदिवासी और वंचित समाज के लिए एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। यदि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ इस तरह का



व्यवहार किया जा सकता है, तो आम दलित और आदिवासी नागरिक के साथ क्या होता होगा, यह सोचने की जरूरत है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी सहित सुखदेव पांसे, आरिफ मसूद, आतिफ अकील, पीसी शर्मा, मानक अग्रवाल, अरुण श्रीवास्तव, अवनीश भार्गव, संजीव सक्सेना,राजीव सिंह, दीपचंद यादव, प्रवीण सक्सेना एवं अनोखी मानसिंह पटेल जी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

एसीएस नीरज मंडलोई ने सीएमओ में हर दिन तय की ड्यूटी

मुख्यमंत्री कार्यालय और मुख्यमंत्री निवास में होने वाली बैठकों कार्यक्रमों और आम लोगों से मुलाकात को लेकर नया रोस्टर जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री कार्यालय ने अधिकारियों के लिए नई व्यवस्था लागू की है। अब मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में अधिकारी आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनेंगे और बैठकों व कार्यक्रमों का समन्वय भी करेंगे।

मुख्यमंत्री कार्यालय और मुख्यमंत्री निवास में होने वाली बैठकों, कार्यक्रमों और आम लोगों से मुलाकात को लेकर नया रोस्टर जारी किया गया है। इसके तहत सप्ताह के अलग-अलग दिनों में सचिव, अपर सचिव और उप सचिव स्तर के अधिकारियों की ड्यूटी तय की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई की ओर से जारी आदेश के अनुसार, अधिकारी मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों और बैठकों में समन्वय की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके अलावा, मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में उनसे मिलने आने वाले लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनेंगे। नई व्यवस्था के तहत मंत्रालय और मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन) दोनों जगह अधिकारियों की तैनाती की गई है।

इस तरह रहेगी अधिकारियों की ड्यूटी

सोमवार- सचिव डॉ. सुदाम खाड़े और अपर सचिव अरविंद दुबे
मंगलवार- सचिव डॉ. सुदाम खाड़े और अपर सचिव अरुण परमार
बुधवार- सचिव कौशलेंद्र विक्रम सिंह और उप सचिव सुधीर कोचर
गुरुवार- सचिव डॉ. इलैया राजा टी. और उप सचिव आदित्य शर्मा
शुक्रवार- सचिव कौशलेंद्र विक्रम सिंह और अपर सचिव अरुण परमार

समत्व भवन में इस तरह रहेगा रोस्टर

सोमवार- सचिव कौशलेंद्र विक्रम सिंह और उप सचिव सुधीर कोचर
मंगलवार- सचिव डॉ. इलैया राजा टी.और आदित्य शर्मा
बुधवार- सचिव डॉ. सुदाम खाड़े और अपर सचिव अरविंद दुबे
गुरुवार- सचिव डॉ. सुदाम खाड़े और अपर सचिव अरविंद दुबे
शुक्रवार- कुमार पुरुषोत्तम और अपर सचिव अरुण परमार
शनिवार- सचिव डॉ. इलैया राजा टी. और उप सचिव आदित्य शर्मा
रविवार- सचिव कौशलेंद्र विक्रम सिंह और उप सचिव सुधीर कोचर

हरिभूमि

भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 15 अगस्त 2026

जय हिंद...



आज शनिवार को भारत का स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। आजादी के पर्व को लेकर युवाओं में बहुत उत्साह है। बोट क्लब पर तिरंगा रंग के वस्त्र पहनकर इसी खुशी को बयां कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देतीं युवती। इंसेट में तिरंगे को सलामी देते युवा।



मुख्यमंत्री ने दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की तिरंगा यात्रा को शौर्य स्मारक तिराहे से किया रवाना

राष्ट्रभक्ति जनभागीदारी का उत्सव बना हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पूरे देश में स्वतंत्रता दिवस का उत्साह, उल्लास और उमंग व्याप्त है। सभी ओर तिरंगा दिखाई दे रहा है। देश की आजादी के लिए मर-मिटने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का देश स्मरण कर रहा है। स्वतंत्र भारत उनके ही पराक्रम से आकार ले पाया। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत सक्षमता सिद्ध कर रहा है। हम आज विश्व के सबसे युवा और तेज गति से बढ़ने वाले देश के रूप में जाने जाते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की विशाल तिरंगा यात्रा को शौर्य स्मारक तिराहे पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यात्रा को राष्ट्रीय ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी साथ थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर विकसित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, युवा और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। यात्रा में बड़ी संख्या में तिरंगा लेकर महिलाएं, युवा, वरिष्ठजन शामिल थे। देशभक्ति गीतों की धुनों, भारत माता की जय के नारों से वातावरण को गुजायमान करते हुए तिरंगा यात्रा भारत माता चौराहा (डिपो चौराहा) के लिए रवाना हुई।



तिरंगा यात्रा को रवाना करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

भारत की सांस्कृतिक धारा पुन: एक हो, यही कामना है: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर अतीत के संघर्ष और पीड़ा को याद कर अपना सर्वस्व समर्पित करने वाली विभूतियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि विभाजन के कारण ही बड़ी संख्या में सिख-पंजाबी और सिंधी परिवारों को अपना घर-बार-जमीन-जायदाद छोड़ना पड़ी। अपनी सनातन संस्कृति को बनाए रखने और अपने धर्म की रक्षा के लिए ही उन्होंने यह त्याग किया। यह भारत माता के प्रति प्रेम और समर्पण का प्रत्यक्ष उदाहरण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी यह कामना है कि यह सांस्कृतिक धारा पुनः एक हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

भोपाल को मेट्रोपॉलिटन सिटी का स्वरूप दिया जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश समृद्ध और सामर्थ्यशाली हो, यह लक्ष्य लेकर राज्य सरकार कार्य कर रही है। छह जिलों को मिलाकर भोपाल को मेट्रोपॉलिटन सिटी का स्वरूप दिया जाएगा।



ध्वजारोहण के पश्चात प्रदेशवासियों को देंगे शुभकामना संदेश

मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश कार्यालय में आज करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में शनिवार को गरिमामय ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल 15 अगस्त को सुबह 8:15 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रध्वज फहराकर प्रदेशवासियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देंगे। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों एवं राष्ट्रनायकों के त्याग, तपस्या और बलिदान को नमन कर राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया जाएगा। ध्वजारोहण समारोह में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रदेश कार्यालय परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

पुलिस सेवा में पहला उदाहरण, बाल आरक्षक से निरीक्षक बने

राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित होंगे इंस्पेक्टर अनिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुलिस सेवा की सबसे निचली पायदान बाल आरक्षक से शुरुआत कर निरीक्षक बनने वाले अनिल भदौरिया कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और निर्भीकता की मिसाल हैं। अब इंस्पेक्टर अनिल भदौरिया राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित होंगे। पिता के पुलिस विभाग में सिपाही रहते निधन के बाद 1 फरवरी 1983 को महज 15 वर्ष की उम्र में अनुकंपा नियुक्ति से पुलिस सेवा में आए।



1985 में आरक्षक और आठ साल बाद प्रधान आरक्षक बने। वर्ष 2015 में लोकायुक्त विशेष पुलिस स्थापना, भोपाल संभाग में उपनिरीक्षक पद पर पदस्थ हुए और इस समय मध्यप्रदेश के एकमात्र लोकायुक्त थाने में एसएचओ प्रभारी निरीक्षक तैनात हैं। इंस्पेक्टर अनिल भदौरिया ने 42वें वर्ष तक पांच पदोन्नतियां हासिल कीं। जून 2029 में सेवानिवृत्ति तक वे करीब 47 साल की पुलिस सेवा पूरी करेंगे। 2017 में लोकायुक्त कमेंडेशन डिस्क व प्रशस्ति पत्र और 2018 में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित हुए। राष्ट्रीय पर्वों पर सार्वजनिक समारोहों में सम्मान के साथ डीजीपी सहित विभिन्न संस्थाओं से भी पुरस्कार मिले। अब तक उन्हें 400 से अधिक विभागीय व सार्वजनिक सम्मान मिल चुके हैं। विगत नौ वर्ष में सिर्फ 6 अवकाश लेने वाले भदौरिया ने 41 साल के सेवाकाल में करीब 200 दिन अवकाश ही लिए। वर्ष 2000 के आठ वर्षीय बालिका दुष्कर्म-हत्या मामले में तीन माह की मेहनत से आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार कराया। 5 हजार रुपए के पुरस्कार से पीड़िता की छह वर्षीय बहन के नाम एफडी कराकर मिसाल पेश की।

स्वतंत्रता दिवस के चलते आज बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त शनिवार को लाल परेड मैदान पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसलिए शहर के विभिन्न मार्गों की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यह व्यवस्था सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक लागू रहेगी। इसलिए वाहन चालक उस दिन घर से निकलने से पहले यातायात व्यवस्था देख लें।

ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर लाल परेड ग्राउंड के आसपास भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। शहर में भारी वाहनों का प्रवेश सुबह छह बजे से बंद रहेगा। तो वहीं यातायात पुलिस की ओर से पहली बार यातायात क्षेत्र में दबाव वाले क्षेत्र की जानकारी दी गई।

इसके तहत रोशनपुरा चौराहा से गांधी पार्क, लालपरेड मैदान की ओर, डीबी मॉल तिराहे से जेल रोड, लालपरेड मैदान की ओर, लिली चौराहे से जहांगीराबाद, लालपरेड मैदान की ओर मार्ग पर यातायात दबाव रहेगा।

यह रहेगा ट्रैफिक प्लान

टीटी नगर न्यू मार्केट से रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड की ओर जाने वाली मिनी बसें एवं बड़ी बसें अपैक्स बैंक, लिंक रोड नंबर-1 से होते हुए बोर्ड ऑफिस चौराहा, प्रेस कॉम्प्लेक्स, बीएसएनएल तिराहा, ईओडब्ल्यू ऑफिस के सामने, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, मैदा मिल तिराहा, सुभाष नगर आरओबी ब्रिज होते हुए अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगी।

बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन से टीटी नगर, न्यू मार्केट की ओर आने वाली मिनी बसें एवं बड़ी बसें भारत टॉकीज से होते हुए पुल बोगदा, प्रभात चौराहा, सुभाष नगर आरओबी ब्रिज, मैदा मिल तिराहा, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, ईओडब्ल्यू ऑफिस के सामने, बीएसएनएल तिराहा, प्रेस कॉम्प्लेक्स, बोर्ड ऑफिस चौराहे से होते हुए अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगी।

रोशनपुरा चौराहा से बाणगंगा चौराहा-केएन प्रधान तिराहा पुराना मछलीघर-खटलापुरा मार्ग-पीएचक्यू तिराहा वाले मार्ग से आवागमन।

वाहनों का प्रवेश लाल परेड की ओर आने वाले मार्गों डीबी मॉल तिराहे से जेल मुख्यालय रोटरी की ओर होगा।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

सभी देशवासियों को
80 वें
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ

आप सबको आजादी के इस महान पर्व की अनेक-अनेक शुभकामनाएं। 140 करोड़ देशवासियों का एक ही मंत्र है- विकसित भारत। विकसित भारत बनाने के लिए ना हम रुकेंगे, ना हम झुकेंगे, और 2047 में विकसित भारत बना कर रहेंगे।

- नरेन्द्र मोदी

CBC 22201/13/0019/2627

लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण सुबह 6:30 बजे से दूरदर्शन नेटवर्क पर।

जैकेट का शेष..

दो बार जबलपुर ....

जबलपुर सेंट्रल जेल अंग्रेजों की प्रमुख कारागारों में गिनी जाती थी। नेताजी को पहली बार गिरफ्तार कर 22 दिसंबर 1931 से 16 जुलाई 1932 तक इसी जेल में रखा गया। वे यहां अध्ययन और चिंतन में समय बिताते थे। दूसरी बार उन्हें 18 फरवरी 1933 को पुनः इसी जेल में लाया गया। उस समय उनका स्वास्थ्य अत्यंत खराब था। चिकित्सकीय जांच में आंतों की गंभीर बीमारी की आशंका व्यक्त की गई, जिसके बाद उन्हें 22 मार्च 1933 को बंबई और फिर उपचार हेतु यूरोप भेज दिया गया। आज भी जेल परिसर में वह बैरक सुरक्षित है जहां नेताजी रहे थे। इसे संग्रहालय का रूप दिया गया है और वहां उनका जेल रजिस्टर, गिरफ्तारी वारंट तथा ब्रिटिशकालीन वस्तुएं संरक्षित हैं। जिस पत्थर की पट्टी पर नेताजी विश्राम करते थे, उस पर आज भी कैदी प्रतिदिन फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हैं।

बीमारी से जूझते ...

स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा बदल दी। महात्मा गांधी की इच्छा के विपरीत नेताजी की विजय ने कांग्रेस राजनीति में नया अध्याय लिखा। गांधी जी ने तब बाद के वर्षों में उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष का मार्ग चुना और आजाद हिंद फौज के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को नई गति दी। बोस दोबारा कांग्रेस अध्यक्ष बनना चाहते थे। महात्मा गांधी इसके पक्ष में नहीं थे और उन्होंने पट्टाभि सीतारमैया को अपना समर्थन दिया। बोस चुनाव जीतकर अध्यक्ष बने। अधिवेशन में गोविंद वल्लभ पंत ने एक प्रस्ताव रखा कि कार्यकारिणी समिति गांधीजी के विचारों के अनुसार बनाई जाए। इससे बोस के अधिकार सीमित होने लगे। गांधीजी के साथ तालमेल न बैठ पाने के कारण सुभाष चंद्र बोस ने अप्रैल 1939 में अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

तिरंगा यात्रा में ...

में देख रहा है। नभ, जल और थल हर जगह तिरंगा शान से लहरा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर कोलार रोड क्षेत्र में कर्मश्री संस्था की ओर से आयोजित तिरंगा यात्रा को मदर टेरेसा स्कूल से झंडी दिखाई और खुली जीप पर सवार होकर तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। मुख्यमंत्री ने तिरंगा यात्रा आरंभ होने से पहले मदर टेरेसा स्कूल पर यात्रा को संबोधित भी किया। इस अवसर पर पूर्व प्रोटेम स्पीकर तथा विधायक रामेश्वर शर्मा मौजूद थे।

डीजे के शोर....

शामिल कार्यकर्ताओं पर अचानक हमला कर दिया। मधुमक्खियों के डंक से एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ता घायल हो गए हैं। घायलों को तत्काल इलाज के लिए विजयागंज मंडी स्वास्थ्य केंद्र और देवास जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं, कुछ गंभीर रूप से घायलों को बेहतर उपचार के लिए उज्जैन रेफर किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में ...

मेथामफेटामाइन (क्रिस्टल मेथ/आइस) की अनुमानित कीमत लगभग 15 से 20 करोड़ रुपए या उससे अधिक होती है। अवैध मादक पदार्थों की यह कीमत उसकी शुद्धता, सप्लाई चेन, और स्थानीय या अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांग के आधार पर बदलती रहती है। डीआरआई के अनुसार यह कार्रवाई आपरेशन क्रिस्टल डैगर के तहत की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विदेशी सिंडिकेट भारतीय नागरिकों को करियर बनाने का प्रलोभन देकर उनसे ड्रग्स तस्करी करा रहा है। महिला का ड्रग्स की सप्लाई दिल्ली से हैदराबाद में देनी थी। अब डीआरआई महिला से पूछताछ कर और उसके मोबाइल से कांटेक्ट नंबर के आधार ड्रग्स तस्करों की चेन के बारे में पता लगा रही है।

ड्रग्स को बैग ....

तौर पर देखने के बाद कहा नहीं जा सकता था कि बैग में ड्रग्स है। अधिकारियों ने मौके पर ले गई फील्ड टेस्टिंग किट से ड्रग्स की जांच की। जांच में पदार्थ मेथामफेटामाइन यानी एम्फेटामाइन टाइप पदार्थ होने की पुष्टि हुई। डीआरआई ने ड्रग को जब्त करते हुए महिला को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया।

रतलाम में चलती ...

पीछे बैठी सीट पर मौजूद दो बदमाशों ने उनसे सोने का बैग छीना और नीचे उतरकर भाग निकले।

जो कुछ भी है, ईश्वर

होटल, मोटल, धर्मशालाएं और भोजनालय बड़ी संख्या में दिखाई देते हैं। गांव की मूल आबादी से कई गुना अधिक लोग प्रतिदिन यहां आते-जाते हैं। यह संख्या कभी-कभी हजारों से लाखों में भी तब्दील हो जाती है। एक छोटे-से गांव का इस तरह तीर्थस्थल और आस्था के बड़े केंद्र में बदल जाना अपने आप में असाधारण घटना है। और इसके केंद्र में है। एक व्यक्ति।

एक ऐसा व्यक्ति, जिसने स्वयं अत्यंत साधारण, अभावग्रस्त और संघर्षशील परिवार में जन्म लिया। दारिद्र्य और अभावग्रस्त जीवन में जो भी दुखों की कल्पना की जा सकती है, वह उन्होंने बालपन में ही भोगा है। अपनी मां को महज एक साड़ी में महीनों गुजारते देखने को भी वह विवश रहे। पूर्व जन्म के सत्कर्म के चलते किशोरावस्था में ही ईश्वर की कृपा ने उन्हें वह शक्तियां प्रदान की,ऐसी ऊंचाई दी कि आज हजारों-लाखों लोग उसके माध्यम से भगवान तक पहुंचने की कोशिश करते हैं। अपने दुख-दर्द के निवारण ओर उम्मीद-आकांक्षा की पूर्ति के लिए उन्हें ही माध्यम माने हुए हैं। यह पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का प्रभाव है। उनके प्रति लोगों की आस्था और श्रद्धा को देखकर कई बार यह महसूस होता है कि लोग उनमें ही ईश्वर की छवि तलाशने लगते हैं। कोई उनके चरणों की धूल अपने शीश पर लगाकर स्वयं को धन्य मानता है, तो कोई केवल एक बार उनका सानिध्य तो छोड़िए दर्शन मात्र से अपने आपको सौभाग्यशाली समझता है। ऐसे में व्यक्ति से स्वयं को ईश्वर मान लेने की भूल सहज ही हो जाती है,लेकिन धीरेंद्र शास्त्री जी अपने आपको इस भ्रम से अभी तक बचाए हुए हैं। वह अच्छा मनुष्य होने की प्रक्रिया में ही है। अपने शुरुआती जीवन की की कठिनाई और विपदाओं को वह भूले नहीं हैं। पांच सितारा सुविधाएं लंबी- लंबी गाड़ियों के काफिले, चार्टर विमान की कतारें, शिखर राजनेताओं और सफल उद्योगपतियों की उनके समक्ष निरंतर दंडवत उपस्थिति के बीच वह समाज के वंचित-दमित जन जीवन को भूलते नहीं है। आज भी हर रोज अठारह घंटे के श्रम और पांच से हजार नये लोगों के साथ मुलाकात को वह अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए हुए हैं। इस पूरे आभामंडल के बीच जो दो बात सबसे अधिक प्रभावित करती है, वह है—उनकी जीवन को लेकर विद्वता और आचरण में सहजता। सहज बने रहना कोशिश के तहत नहीं, स्वाभाविक है। विद्वता का बोध तो उनके मुख से निकले बोलों से सहज ही हो जाता है। गत दिवस उनका लगभग डेढ़ घंटे का सानिध्य मिला। इस दौरान कहीं भी ऐसा अनुभव नहीं हुआ कि सामने बैठा व्यक्ति अपनी प्रसिद्धि, उपलब्धियों या प्रभाव का बोध करा रहा हो। न अहंकार का प्रदर्शन, न उपलब्धियों का श्रेय स्वयं को देने की कोशिश। बार-बार एक ही भाव सामने आया—जो कुछ है, बालाजी की कृपा से है। और समाज से जो मिला है, उसे समाज को और बेहतर तरीके से लौटाना है। शायद यही भाव उनके काम की दिशा भी तय करता है।

जो लोग अपनी परेशानियां, अपने दुख और अपनी उम्मीदें लेकर उनके पास आते हैं, उनके लिए कुछ करने की कोशिश लगातार दिखाई देती है। आदिवासी बहुल और बुनियादी सहूलियत से भी वंचित इलाके में उनके द्वारा कैंसर अस्पताल जैसे बड़े प्रकल्प की स्थापना का प्रयास इसी सोच का विस्तार हैं। शिक्षा और भारतीय संस्कृति की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए गुरुकुल की स्थापना भी इसी कोशिश का हिस्सा है। भारतीय परंपरा में गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और वैदिक चेतना का अभिन्न हिस्सा रही है। इसी भाव से यहां गौशाला का संचालन भी जारी है। जहां पुंगनूर जैसी दुर्लभ प्रजाति की गायें भी मौजूद हैं।

इन सबको केवल निर्माण कार्यों की सूची के रूप में देखना शायद उचित नहीं होगा। इनके पीछे एक ऐसी सोच दिखाई देती है, जिसमें अपनी जड़ों, अपनी संस्कृति और समाज के प्रति दायित्व को निभाने की कोशिश है।यह सब उस व्यक्ति के द्वारा है जिसने अभी जीवन के तीन दशक भी पूरे नहीं किए हैं। दुनिया को चमत्कृत कर देने वाला प्रभाव पैदा कर दिया है। इस चमत्कार और हजारों लोगों की भीड़ के बीच उनसे एकांत में इत्मीनान से मुलाकात में करिश्माई आध्यात्मिक व्यक्तित्व से मिलने के साथ ही एक अल्हड़ युवा से मिलने जैसा अनुभव भी था।

बिंदास हंसी-बेफिक्र अंदाज और ताली बजाकर जोरदार ठहाके। इसके साथ ही चेहरे पर स्थायी रूप से विराजमान मंद-मंद मुस्कान। गंभीर से गंभीर विषय को भी सहजता से कहना, गूढ़ बात को भी मुस्कराते हुए समझा देना और बात-बात में ठहाका लगा देना, यही वह अंदाज है जो धीरेंद्र शास्त्री को सामान्य से अलग करता है। अन्य संतों के चेहरे पर दिखने वाली गंभीरता से बिल्कुल ही उलट उनका यह अंदाज उन्हें और अधिक प्रभावशाली बनाता है।

आवश्यकता है। बेहतर सड़कें, यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, ठहरने की सुविधाएं और श्रद्धालुओं के लिए समुचित आधारभूत ढांचा, इन सब पर गंभीरता से काम किया जाना चाहिए। गढ़ा की गलियों और रास्तों से गुजरते हुए कई जगह यह महसूस होता है कि जिस गति से आस्था यहां लोगों को खींच रही है, उस गति से व्यवस्थाएं अभी पीछे हैं। भविष्य में यदि यह स्थान शिरडी या कैंची धाम जैसे बड़े धार्मिक केंद्र का स्वरूप ग्रहण कर ले, तो इसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए। आस्था की शक्ति किसी साधारण से स्थान को असाधारण ऊंचाई तक पहुंचा सकती है। बागेश्वर धाम आज केवल वर्तमान की कहानी नहीं है। यह भविष्य की एक बड़ी संभावना का संकेत भी दे रहा है।इ स संभावना के केंद्र में हैं -बालाजी महाराज, उनकी कृपा, और उस कृपा को जन-जन तक पहुंचाने वाले धीरेंद्र शास्त्री।

पेज एक का शेष..

भाजपा का इंदिरा ...

यासर अराफात के साथ इंदिरा गांधी की तस्वीरें और साल 2018 में लोकसभा के भीतर राहुल गांधी द्वारा पीएम मोदी को गले लगाने की तस्वीर शेयर करते हुए राहुल गांधी के बयान पर सवाल खड़े किए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा तार-तार की: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल की टिप्पणी पर कहा कि अपने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने किसी भी नेता प्रतिपक्ष का ऐसा अभद्र व्यवहार नहीं देखा। यह आचरण स्वस्थ लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। राहुल ने भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा का अपमान किया है। जिसके नाम में गांधी शब्द लगा हो, वह ऐसा शर्मनाक बयान कैसे दे सकता है।

सीजेआई बोले- छात्र ...

कर रहे थे। इसके जवाब में बीसीआई ने 13 अगस्त को छात्रों के नामांकन पर रोक लगाते हुए जांच के आदेश दिए थे। बीसीआई का तर्क था कि सर्वोच्च न्यायिक पद का अनादर करने वाले छात्र भविष्य में अधिवक्ता बनने योग्य नहीं हैं। हालांकि, कोर्ट के कड़े रुख के बाद काउंसिल को अपना रुख बदलना पड़ा।

लापरवाही पर...

करने वाले अधिकारियों को सरकार पूरा सम्मान देगी, लेकिन जनता के कामों में लापरवाही और भ्रष्टाचार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। राजपुर तहसील के शिकायतकर्ता अजय-लाल ने सीएम को बताया कि 2016 में उनके पिता की मृत्यु के बाद नामांतरण के लिए आवेदन दिया गया था, लेकिन यह काम 2022 में जाकर पूरा हुआ। 6 साल की इस भारी देरी को मुख्यमंत्री ने अत्यंत गंभीर माना और तत्कालीन तहसीलदार आशा परमार सहित पटवारी मांगीलाल नरगांवे और ललित बोरसे को तुरंत निलंबित करने के आदेश दिए।

पीएम आवास की ...

तत्कालीन सीएमओ मायाराम सोलंकी, जगदीश धांगड़ और सहायक यंत्री राजू डावर को निलंबित कर दिया। इसी मामले में लापरवाही पर संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन (इंदौर) एसके सिन्हा को 'कारण बताओ नोटिस' थमाया गया।

25 अक्टूबर से ...

और वाराणसी के बीच सीधी कूटनीतिक व पर्यटन कनेक्टिविटी मजबूत होगी। इससे देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को एक सुलभ हवाई विकल्प मिलेगा।

ईओडब्ल्यू ने सैफ ...

कोहेफिजा, नयापुरा और हलालपुर क्षेत्रों की जमीनों से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार, सैफ अली खान ने पूर्व में हाईकोर्ट में इन जमीनों को नवाब की व्यक्तिगत संपत्ति बताया था। नवाब की बड़ी बेटी के पाकिस्तान जाने के कारण यह संपत्ति शत्रु संपत्ति घोषित हुई थी।

शीर्ष कोर्ट के आदेश ...

लक्कड़पीठा मार्ग से कमाल मौलाना दरगाह पहुंचे, तो उस दौरान भोजशाला के मुख्य आवागमन मार्ग को करीब 45 मिनट तक अवरुद्ध रखा गया। इससे कई श्रद्धालु दर्शन करने से वंचित रह गए। उन्होंने मांग की कि विवाद की स्थिति से बचने के लिए दोनों पक्षों के आवागमन के लिए पूरी तरह अलग-अलग मार्ग की व्यवस्था की जाए। हिंदू पक्ष के आरोपों का खंडन करते हुए एसडीएम राजकुमार हलदर ने कहा कि किसी भी श्रद्धालु का आवागमन नहीं रोका गया है। प्रशासन ने न्यायालय की अंतरिम व्यवस्था और निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करते हुए सुरक्षा व अन्य प्रबंध किए हैं।

कार्रवाई के आश्वासन ...

शांतिपूर्वक नमाज पढ़ी गई। उन्होंने दरगाह के भीतर से चादरें हटाए जाने के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर प्रस्तावित धरने को फिलहाल स्थगित करने की घोषणा की।

भुवनेश्वर एयरपोर्ट ...

की पहचान मामोनी खरात के रूप में हुई है, जिन्हें इंडिगो की उड़ान (6ई 7352) से कोलकाता जाना था। गुरुवार शाम लगभग 6 बजे तकनीकी खराबी का हवाला देते हुए एयरलाइन ने अचानक फ्लाइट कैंसिल कर दी। महिला अपने बच्चों के अर्जेंट मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए जा रही थी, इसलिए उड़ान रद्द होने की खबर सुनते ही उसका गुस्सा फूट पड़ा। हवाई अड्डा प्रशासन ने इस घटना को लेकर एयरफील्ड पुलिस स्टेशन में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस से आरोपी महिला के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और एयरपोर्ट की क्षतिग्रस्त संपत्ति के 49,000 के नुकसान की भरपाई महिला से ही कराने की मांग की है।

एयरपोर्ट स्टाफ से बहस ...

मौज-मस्ती के लिए नहीं, बल्कि बच्चे की आपातकालीन चिकित्सा के लिए थी। विवाद बढ़ने पर महिला ने डिपार्चर लाउंज में रखे एक कंप्यूटर मॉनिटर, कीबोर्ड और पासपोर्ट स्वाइपिंग मशीन को कथित तौर पर पटककर तोड़ दिया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

13वीं बार तिरंगा ...

बार 2014 में लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया था, लेकिन 2019 में अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल में छठवीं बार तिरंगा फहराकर भाजपा सरकार के पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बराबरी कर ली थी। गौरतलब हो कि राजग के मुखिया रहे अटल बिहारी वाजपेयी 19 मार्च 1998 से 22 मई 2004 के बीच छह बार लाल किला से तिरंगा फहराया था। हालांकि वाजपेयी 1996 में पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, लेकिन उनकी सरकार ज्यादा दिन नहीं चल पाई थी और उन्हें राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अवसर नहीं मिल पाया था।

देश में गैर कांग्रेसी पार्टी के शासन पर नजर डाले तो यह बदलाव 1977 में आया। दरअसल उन दिनों देश में आपातकाल को लेकर आम जनता में आक्रोश की लहर ने 1977 के आम चुनाव में तत्कालीन कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया और केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी। आजादी के बाद यह पहली गैर-कांग्रेसी सरकार थी। मोरारजी देसाई इस सरकार के मुखिया बने। उन्होंने दो बार 1977 और 1978 में लाल किले की प्राचीर पर तिरंगा फहराया। इसके बाद 28 जुलाई 1979 को चौधरी चरण सिंह समाजवादी दलों और कांग्रेस (यू) के सहयोग से प्रधानमंत्री बने तथा उसी साल पहली और आखिरी बार तिरंगा फहराया।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति गुना, जिला गुना (म.प्र.)

क्रमांक / मण्डी/2026-27/1163 गुना, दिनांक 13/08/26

// विज्ञप्ति सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डी प्रांगण में फैले घास, गोबर, कचरा. दाना का ठेका किया जाना है। जिसके कुटेशन दिनांक 02/09/2026 को समय शाम 05 बजे तक मण्डी कार्यालय में प्रस्तुत करा सकते हैं। उक्त टेण्डर दिनांक 03/09/2026 समय 3:00 बजे उपस्थित टेण्डरदाताओं के समक्ष खोले जावेगे। साथ ही दिनांक 01/09/2026 तक 20,000/- रू अमानत राशि (FDR) मण्डी कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य है। कार्य की शर्ते एवं टेण्डर फार्म दिनांक 17/08/2026 समय 12:30 बजे से 1,000/- रू. जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। विज्ञप्ति स्वीकृति / अस्वीकृति का अधिकार मण्डी समिति को होगा। जिसका कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति,
गुना जिला गुना (म.प्र.)

भारसाधक अधि
कृषि उपज मण्डी समिति,
गुना जिला गुना (म.प्र.)

कार्यालय - देवास विकास प्राधिकरण, देवास

विज्ञापन क्रमांकः 06/ सम्पदा शाखा/2026 दिनांकः 13.08.2026

किरायेदारी हेतु बोली आमंत्रण सूचना

आगरा मुम्बई मुख्य मार्ग पर आवास नगर स्थित सामुदायिक उपयोग के कम्युनिटी हॉल (यथास्थिति में) को "जिसमें भूखण्ड का क्षेत्रफल लगभग 1534.00 वर्गमीटर है तथा भू-तल एवं प्रथम तल पर निर्मित क्षेत्रफल लगभग 1345.58 वर्गमीटर है।" प्रथमतः किरायेदारी 3 वर्ष की होगी, जिसकी प्रतिवर्ष किरायेदारी की न्यूनतम दर रुपए 3,50,000/- निर्धारित है। उक्त सम्पत्ति किराये पर देने हेतु बोली आमंत्रण दिनांक 01.09.2026 को सायं 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं एवं दिनांक 02.09.2026 को प्राप्त बोलियां खोली जावेंगी। इच्छुक व्यक्ति अथवा फर्म उक्त स्थल का निरीक्षण कर निर्धारित बोली प्रपत्र देविप्रा की एकल खिड़की से कार्यालयीन समय एवं दिवस में दिनांक 18.08.2026 से 01.09.2026 तक बोली प्रपत्र शुल्क 500/- (GST पृथक से) जमा कर क्रय कर सकते हैं। बोली लगाने वाले को बोली प्रतिभूति राशि रु. 50,000/- देवास विकास प्राधिकरण के नाम बैंक ड्राफ्ट के रूप में बोली प्रपत्र के साथ जमा करना होगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)

निविदा सूचना

सूचना क्र. / 111 / लो.नि.वि. / 26 देवास दिनांक 07.08.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

क्र.	टेण्डर आ.ई.डी.	कार्य का नाम व स्थान	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा क्रय एवं जमा की अंतिम तिथि
1	2026 UAD 528059 1	शहर के स्टेशन रोड क्षेत्र का सौन्दर्यीकरण कार्य।	06 माह 4,94,00,000/-	15,000/- 2,47,000/-	09.09.2026

निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम देवास





R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


- व्यावस्थापक

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि खबार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र
3,55,000
हजार में
आसान किश्तों पर
साईट:-
220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
ADMISSION OPEN
B.A. BCA BBA BPES BSC
B.Com (Economics/Computer/Hon'S 4 Years)
PG COURSES
M.A: HINDI ENGLISH ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY
SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
PGDCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
(ONLINE COUNSELLING)
Mob. 9827208070, 9425346230
9893194695, 9981291288
पता: डी–1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com

राशिफल

मेष मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृष आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

वृश्चिक मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


धनु आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

मकर क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

मीन पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

शब्द पहेली - 6318



बाएँसेदाए±
1. कार्य, काम-2
2. अग्नि, अनल-2
3. संग, संगत-2
4. मदिरा, शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार, सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया, परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी, चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा, सरल-2
19. वीर, बहादुर-2
20. दलदल, गाद-3
21. तांत, टेलीग्राम -2
22. वंश, खानदान-2
23. नशा, नशापानी-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण, दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर, तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर, मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव, पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स, हाथ-2

ऊपर से नीचे
1. समय, वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर, सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक, द्वारयंत्र-2
7. धाय, नर्स, दाई-2
8. अवरोध, रुकावट-3
9. मगन, मग्न-2
10. सप्त, सप्तम-2
11. लक्ष्मी, रमा-3
12. मौज, मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन, रगस-3
15. गमन, जाना-2
16. पुनः, वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य, दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल, गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

शब्द पहेली -6317 का हल

क	क		ज	प		त	न		शा	न
प	त	न		ल	त		भ	ला		शा
	वा	न	र		म	ल		ज	रा	
फि		द	म	न		क	द		ज	न
दा	दा		ल	क	वा		म	स्त		ख
	न	या		ल	च	क		र	थ	
रा		क	ल		क	ल	म		ल	ब
ही	र		हू	र		ह	म	ल		ल
	स	जा		जा	ल		ता	ड़	ना	
य		म	त		व	ध		ना	का	रा
म	य		ल	क्ष्य		न	ल		म	जा

सूडोकु नवताल - 6328

कठिनतम

	9				4			7
					7	9		
8								
4		5	8					
3				1				2
					9	7		6
								4
		3	5					
2			6				8	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

सूडोकु नवताल - 6327 का हल

7	8	5	2	6	3	1	4	9
4	3	1	9	7	5	8	2	6
2	6	9	1	4	8	7	5	3
3	1	4	6	8	9	5	7	2
9	5	8	7	2	4	6	3	1
6	7	2	5	3	1	9	8	4
5	2	7	3	9	6	4	1	8
1	4	6	8	5	2	3	9	7
8	9	3	4	1	7	2	6	5

महिलाएं करेंगी शिवगौरी की पूजा, भगवान श्री कृष्ण मंदिरों में सजेंगे हिंडोलना

रवि, सिद्धि, शुभ और अमृत सिद्धि योग सहित कई मंगलकारी संयोग में महिलाएं चूड़ी पहनकर आज मनाएंगी हरियाली तीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सावन माह में हरियाली तीज का विशेष महत्व रहता है। हरियाली तीज व्रत उत्सव के साथ शनिवार को मनाया जाएगा। पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं हरे रंग की साड़ी, हरी चूड़ियां आदि पहनकर शिव गौरी की पूजा अर्चना करेंगी। इस बार की हरियाली तीज को बहुत खास माना जा रहा है, क्योंकि इस दिन कई शुभ योग बन रहे हैं। रवि योग, सिद्धि योग, शुभ योग होने में इस व्रत का विशेष महत्व रहेगा। ऐसे में यह व्रत रख कर पूजा करने से दोगुना पुण्य फल की प्राप्ति होगी।



पूजा का शुभ मुहूर्त

सावन मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 14 अगस्त को शाम 6 बजकर 47 मिनट पर तृतीया तिथि शुरू हो गई। जोकि 15 अगस्त को शाम 5 बजकर 29 मिनट पर यह तिथि समाप्त होगी। उदया तिथि के चलते शनिवार को हरियाली तीज मनाई जाएगी। शनिवार सुबह सूर्योदय से लेकर सुबह 9 बजकर 7 मिनट तक कभी भी पूजा कर सकती हैं। जो महिलाएं व्रत करेगी। वह शाम 6 बजकर 38 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 51 मिनट तक कभी भी व्रत का पारण कर सकती हैं।

मंदिरो में सजेगे हिंडोलना भगवान श्री कृष्ण

हरीयाली तीज से सभी मंदिरो में हिंडोलना उत्सव मनाया जायेगा। भगवान श्री कृष्ण कहीं बाल स्वरूप में तो कहीं राधा संग झूला झूलेगे। इसे लेकर मंदिरों में तैयारी की जा रही है।

33 साल में 5वीं बार सावन में सोमवार को नागपंचमी का संयोग

नागपंचमी 17 को, शिव, सर्वार्थ सिद्धि और सिद्धि योग में पूजे जाएंगे नाग



भोपाल। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को नागपंचमी पर्व मनाया जाता है। इस बार नागपंचमी 17 अगस्त सावन माह के तीसरे सोमवार के विशेष संयोग में मनाई जाएगी। मंदिरों में इसके लिए तैयारियां होने लगी हैं। इस बार सावन का तीसरा सोमवार (17 अगस्त) सबसे खास रहेगा, क्योंकि इसी दिन नागपंचमी का पर्व भी मनाया जाएगा। 4 सोमवार वाले सावन मास में नागपंचमी का सोमवार के दिन आना दुर्लभ ज्योतिषीय संयोग है। पिछले तीन दशक (33 वर्षों) के पंचांग को देखें तो सामान्य 4 सोमवार वाले सावन में ऐसा महासंयोग पांचवीं बार बन रहा है। इससे पहले वर्ष 1996, 1999, 2012 और 2019 में ऐसा संयोग बन चुका है।

कालसर्प दोष, मांगलिक दोष से मिलती है मुक्ति

इस संयोग में राजधानी के शिव मंदिरों में इस दिन भगवान शिव का महारुद्राभिषेक के साथ हवन-अनुष्ठान किया जाएगा। एक ओर जहां भगवान आशुतोष पर अखंड जलधारा समर्पित कर अभिषेक होगा, वहीं दूसरी ओर 21 वैदिक विद्वान शिव की प्रसन्नता तथा कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, राहु-केतु, पितृदोष शांति के लिए मंत्रोच्चारण के साथ विशेष आहुतियां देंगे।

खबर संक्षेप

निगम ने थमाए 4857 नोटिस, अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

भोपाल। राजधानी के आवासीय भवनों में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों पर नगर निगम शुक्रवार तक 4 हजार 857 नोटिस बांट दिए हैं। वहीं, दूसरी तरफ कार्रवाई के तहत शुक्रवार को जोन 1 वार्ड 3 जमुनिया चीर में फुल टैंक लेवल के 50 मीटर दायरे में बने हरविंदर भाटिया के अवैध निर्माण को ढहा दिया। संपत्ति कर रिकॉर्ड के आधार पर निगम ने 62 हजार 500 से अधिक ऐसी संपत्तियां लिस्टेड की हैं, जहां आवासीय अनुमति पर कारोबार चल रहा है। 14 अगस्त को नरेला विधानसभा में 337, हुजूर में 160, मध्य में 364, गोविंदपुरा में 300, दक्षिण-पश्चिम में 240 और उत्तर विधानसभा में 77 नोटिस थमाए गए हैं।

निशातपुरा-सुखी सेवनिया समपार फाटक 17 से रहेगा बंद

भोपाल। निशातपुरा-सुखी सेवनिया रेलखंड के मध्य किलोमीटर 844/8-10 पर स्थित समपार फाटक संख्या 255 (चोपरा फाटक) के स्थान पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य किया जाना है। इस निर्माण कार्य के मद्देनजर उक्त समपार फाटक को यातायात के लिए बंद किया जाना आवश्यक है। रेलवे द्वारा सूचित किया गया है कि समपार फाटक संख्या 255 (चोपड़ा फाटक) को 17 अगस्त से यातायात के लिए बंद कर दिया जाएगा। समपार फाटक बंद होने के दौरान आमजन एवं वाहन चालकों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है। यातायात चोपरा नाला-खेजरा बारामत अंडरपास एवं भोपाल बाईपास के माध्यम से संचालित किया जा सकेगा।

आयुक्त ने किया स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण

भोपाल। राजधानी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोहाया में शुक्रवार को लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह आकस्मिक निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अभिनव आर्य भी साथ रहे। उन्होंने विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से शिक्षण व्यवस्था, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संबंध में चर्चा की। आयुक्त ने क्लास में बच्चों को पढ़ाने के तरीके और विद्यालय की गतिविधियों को भी दो घंटे से अधिक समय तक मौजूद रहकर देखा। इसके बाद आयुक्त अभिषेक सिंह के विद्यालय निरीक्षण के बाद नवीन शिक्षक संवर्ग की पदोन्नति, क्रमोन्नति, टीईटी परीक्षा, ई-अटेंडेंस एवं अन्य सेवा संबंधी समस्याओं के संबंध में चर्चा कर उनका ध्यान आकर्षित कराया गया।

शिक्षकों के पास अटेंडेंस को लेकर पहुंचे मैसेज

भोपाल। प्रदेश के स्कूलों में अवकाश के दौरान एक साथ लॉग आउट करने के चलते सर्वर प्रभावित हुआ। ऐसे में विभाग ने सभी शिक्षकों को एसएमएस भेजकर बगैर लॉग आउट किए ही शाम की अटेंडेंस लगने की सुविधा दे दी। अब अगले तीन दिनों में सर्वर की कैपिसटी बढ़ाने का काम पूरा कर लिया जाएगा ताकि एक साथ लॉग आउट की स्थिति में भी शिक्षकों की अटेंडेंस आसानी से लग सके।

12वीं में 92.4 फीसदी अंक लाने वाली खुशबू ने कलेक्टर को बताई समस्या

...मैं यूपीएससी की पढ़ाई करना चाहती हूं, लेकिन गांव में ऐसा माहौल नहीं है

जनविश्वास शिविर में नहीं पहुंचे तीस गांव के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कुराना गांव में जर्जर पुलिया से होकर नदी पार करना पड़ती है, जिसकी वजह से खतरा बना रहता है। मुख्यमंत्री आवास योजना का मकान अधूरा होने की वजह से मुझे चाचा की छत पर जाकर पढ़ाई करना पड़ती है। यह बात शुक्रवार को मुगालिया हाट के शिविर में कुराना की मेधावी छात्रा खुशबू अहिरवार ने कही। छात्रा ने बताया कि वह यूपीएससी की पढ़ाई करना चाहती है, लेकिन उसे गांव में पढ़ाई का माहौल नहीं मिल पा रहा है। यह कहते हुए वह भावुक हो गई। छात्रा की बात सुनकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि आपकी सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

शिविर में तीस गांवों के लोगों को बुलाया गया था, लेकिन मौके पर दस गांव के लोग भी शिविर में नहीं पहुंच सके। दोपहर डेढ़ बजे तक शिविर में इक्का-दुक्का लोग ही बचे थे। शिविर को लेकर पिछले एक हफ्ते से तैयारी चल रही थी, लेकिन अफसर गांव में प्रचार-प्रसार नहीं कर सके, जिसकी वजह से शिविर में कम लोग पहुंचे। हालांकि ग्रामीणों ने पंचायतों से जुड़ी समस्याओं को अफसरों के सामने रखा। जिस पर अफसरों ने उनके निराकरण का भरोसा दिलाया। शिविर में 80 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश किए हैं। कार्यक्रम में साढ़े तीन लाख रुपए का टैक्स कलेक्शन करने पर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित टैक्स सखी सपना कुशवाहा की उपलब्धि भी बताई गई।

आठ जनवरी तक प्रत्येक शुक्रवार लगेगा शिविर

जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने बताया कि 7 अगस्त से 8 जनवरी तक प्रत्येक शुक्रवार जनविश्वास शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें ई-केवाईसी, बैंकिंग समस्या, डीबीटी, समग्र आईडी अपडेशन और आधार पंजीयन के लिए विशेष स्टॉल लगाए जा रहे हैं।

साइबर ठगी से सतर्क रहें ग्रामीण

डीआईजी देहात राजेश सिंह चंदेल ने ग्रामीणों से साइबर अपराधों को लेकर सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि अज्ञात वीडियो कॉल नहीं उठाएं और साइबर ठगी की स्थिति में राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें। इस तरह की ठगी से बचने के लिए स्थानीय पुलिस की भी मदद ली जा सकती है।

- शिविर में सिर्फ 10 गांव के लोग पहुंचे और 80 लोगों ने आवेदन पेश किए
- 8 जनवरी तक आयोजित होंगे शिविर लगाए जाएंगे विशेष स्टाल

अब कुराना में बनेगा रीडिंग रूम और लाइब्रेरी

छात्रा की समस्या सुनने के बाद संभाग कमिश्नर कर्मवीर शर्मा ने सरकारी स्कूलों को शाम के समय रीडिंग रूम और लाइब्रेरी के रूप में उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल बंद होने के बाद गांव के बच्चों के लिए पढ़ाई की व्यवस्था की जा सकती है।



ई-बस से मुगालिया हाट जाते अधिकारी-कर्मचारी।

ई-बस से मुगालिया हाट पहुंचे अफसर

शिविर को लेकर शुक्रवार को कलेक्टोरेट से संभाग कमिश्नर, कलेक्टर और अन्य विभागों के अफसर ई-बस से मुगालिया हाट पहुंचे, जहां शिविर में हिस्सा लिया। बताया जा रहा है कि तीस गांव का एक साथ शिविर रखने की वजह से दूरी के कारण गांव के लोग शिविर में नहीं पहुंचे सके।



ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर सांसद शर्मा ने पुलिस कमिश्नर से की बैठक।

सांसद शर्मा ने पुलिस कमिश्नर से की चर्चा

मोती मस्जिद से सदर मंजिल मार्ग की बैरिकेडिंग हटे, हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुराने भोपाल के बाजारों में यातायात व्यवस्था और व्यापारियों की समस्याओं को लेकर भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने पुलिस कमिश्नर संजय कुमार के साथ बैठक की। बैठक में भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों ने बाजारों में यातायात जाम, बैरिकेडिंग और अतिक्रमण की समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। व्यापारियों ने मोती मस्जिद के पास अनावश्यक बैरिकेडिंग के कारण बाजारों में आने-जाने में हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया। सांसद शर्मा ने पुलिस कमिश्नर से कहा कि मोती मस्जिद से सदर मंजिल की ओर जाने वाले मार्ग की अनावश्यक बैरिकेडिंग हटाई जाए और विपरीत दिशा में जाने वाले वाहनों को सख्ती से रोका जाए, ताकि यातायात सुचारू रहे और आम नागरिकों को बाजारों तक पहुंचने में परेशानी न हो।

अतिक्रमण का मुद्दा रहा खास

बैठक में सुल्तानिया रोड और इमामी गेट क्षेत्र में अतिक्रमण का मुद्दा भी उठा। सांसद ने कहा कि सड़क किनारे बड़ी संख्या में फल-सब्जियों के ठेले लगने से यातायात प्रभावित होता है। उन्होंने अतिक्रमण हटाने तथा ठेले-खोमचों को व्यवस्थित करने की बात कही। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने आश्वस्त किया कि सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम यातायात एक्सपर्ट्स के माध्यम से इन क्षेत्रों का सर्वे कराकर उचित जनहित में निर्णय करेंगे।

अपोलो सेज हॉस्पिटल्स में एडवांस गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और लिवर सर्जरी की सुपर स्पेशियलिटी सुविधा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल में जटिल पेट, पाचन तंत्र एवं लिवर संबंधी बीमारियों के उपचार के क्षेत्र में एक नई सुविधा की शुरुआत हुई है। अपोलो सेज हॉस्पिटल्स में एडवांस पेट एवं पाचन तंत्र (जीआई), हेपेटो-पैंक्रियाटो-बिलियरी (एचपीबी) एवं लिवर सर्जरी की सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अत्याधुनिक मेडिकल तकनीक, अनुभवी विशेषज्ञों और मल्टीडिसिप्लिनरी टीम के साथ अस्पताल में जटिल मामलों के उन्नत उपचार की सुविधा विकसित की गई है।

अस्पताल में डॉ. एस. दानिश एवं डॉ. सौरभ दुबे विशेषज्ञ सेवाएं दे रहे हैं। दोनों चिकित्सकों को एडवांस पेट एवं पाचन तंत्र, एचपीबी तथा लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी का व यापक अनुभव है। यहां लिवर, पैंक्रियाज, पित्ताशय एवं पाचन तंत्र से जुड़ी जटिल बीमारियों के उपचार के साथ एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जरी भी की जा रही है। मिनिमली इनवेसिव तकनीकों के माध्यम से मरीजों को कम दर्द, कम अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि और अपेक्षाकृत तेज रिकवरी का लाभ मिल सकता है।

उपभोक्ताओं को मिलेगी कम राशि में अधिकतम सुविधाएं

बीएसएनएल उपभोक्ताओं के लिए लाया नए किफायती प्लान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देश के अपने दूरसंचार सेवा प्रदाता बीएसएनएल ने इस ऐतिहासिक अवसर को सभी दूरसंचार परिमंडलों में भव्यतम तरीके से मनाने का निर्णय लिया है।

इस पावन अवसर पर बीएसएनएल अपने उपभोक्ताओं के लिये प्लान, ऑफर्स एवं आकर्षक सेवाए लेकर आया है, जिसमें 1 रुपए फ्रीडम 2.0 ऑफर में प्रमोशनल स्कीम में फ्रीडम प्लान के अंतर्गत जीएसएम प्रीपेड मोबाइल सेवा मात्र 1 रुपए में एफआरसी के साथ है। यह मोशनल ऑफर 12 अगस्त से 12 सितंबर तक उपलब्ध रहेगा। इसके अंतर्गत 24 दिनों की वैधता के साथ अनलिमिटेड काल्स, 1 जीबी डाटा प्रति दिन एवं 100 एसएमएस प्रतिदिन का लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीएसएनएल अपने मोबाइल उपभोक्ताओं को सेल्फ केयर पर मुफ्त एंटरटेनमेंट टीवी की सेवा आरंभ कर दी गई है।

1111 रु. में एफटीटीएच

यह फाईबर सुपर प्लस ओटीटी प्लान है, जिसमें 200 एमबीपीएस हाईस्पीड इंटरनेट, एक कनेक्शन में 27 ओटीटी, 5000 जीबी डेटा, अनलिमिटेड कॉल्स एवं ड्यूल बैण्ड वाई-फाई ओएनटी उपलब्ध है । रूरल एंट्री प्लान मात्र 259 रूपए में है। ग्रामीण ब्रॉड्बैन्ड कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने हेतु बीएसएनएल ने भारतनेट उद्यमी ग्राहकों के लिए प्रतिमाह 700 जीबी डेटा तक 25 एमबीपीएस की गति से ब्राडबैंड सेवा प्राप्त होगी। बीएसएनएल ग्लोबल सेटेलाईट फोन सर्विसः बीएसएनएल ने अपनी ग्लोबल सैटेलाइट फोन सर्विस और विषेष रूप से कठिन परिस्थितियों में उपयोग किये जा सकने वाले हैंडसेट को लॉन्च किया है। यह सर्विस इनमारसैट सैटेलाइट नेटवर्क के जरिए सीधे काम करती है।

होटल और ढाबों में कर रहे थे सप्लाई

सीहोर डिपो से भोपाल आ रहे गो गैस के 128 कमर्शियल सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीहोर के डोंडी गो गैस डिपो से दो वाहनों में शिव शक्ति इंटरप्राइजेज मिनाल और राधा रानी इंटरप्राइजेज नीलबड़ आ रहे 128 कमर्शियल सिलेंडरों को खाद्य विभाग की टीम ने पकड़ा है। यह एक वाहन में 80 और दूसरे में 48 सिलेंडर रखे थे।

सहायक आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव ने बताया कि खजूरी सड़क स्थित कुशवाहा पेट्रोल पंप के पास दोनों वाहनों को रोककर जांच की गई। वाहन चालकों ने बताया कि वे शिव शक्ति इंटरप्राइजेज, मिनाल और राधा रानी इंटरप्राइजेज, नीलबड़ से संबंधित निजी गो गैस एजेंसियों के सिलेंडर सीहोर के डोड़ी स्थित डिपो से लेकर आ रहे थे। जांच के दौरान चालकों के पास सिलिंडरों से संबंधित बिल या परिवहन के वैध दस्तावेज नहीं मिले। इसके बाद विभाग ने दोनों वाहनों सहित सभी 128 सिलेंडर जब्त कर लिए हैं।



कार्रवाई के बाद अधिकारियों ने दोनों वाहन थाने में खड़ा करवा दिए।

स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे पदक अलंकरण, सराहनीय सेवा के लिए 3 पदक भी दिए जाएंगे

पुलिस-होमगार्ड के 47 अधिकारियों कर्मचारियों को मिलेंगे राष्ट्रपति पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को लाल परेड मैदान पर आयोजित होने वाले पदक अलंकरण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पुलिस व होमगार्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक भी मुख्यमंत्री प्रदान करेंगे। समारोह में कुल 47 विभूतियों को पदक सौंपकर सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर दो सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक प्रदान करेंगे। साथ ही पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रपति के 9 विशिष्ट सेवा पदक व 33 सराहनीय सेवा पदक देकर सम्मानित करेंगे। इनके अलावा होमगार्ड के अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रपति के सराहनीय सेवा के लिए 3 पदक भी मुख्यमंत्री द्वारा दिए जाएंगे।



इन्हें मिलेंगे पदक

राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक

- योगेश देशमुख, महानिदेशक/अमनि, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश
- मकरंद देऊस्कर, आईजी, बीएसएफ, नई दिल्ली
- राकेश गुप्ता, एडीजीपी, उज्जैन जोन उज्जैन
- संतोष कुमार सिंह, अमनि/पुलिस आयुक्त, इंदौर
- मिथिलेश कुमार शुक्ला, आईजी , सागर जोन
- अवधेश कुमार गोस्वामी, एडीजीपी, कल्याण/लेखा, भोपाल
- शिवकुमार पटेल, निरीक्षक, विशेष शाखा, इंदौर (सेवानिवृत्त)
- वाल्टर हेनरी एक्का, प्रधान आरक्षक 25वीं वाहिनी विसबल,
- देवेंद्र कुमार कौशल, प्रआर (आर्म्स) 1159 7वीं वाहिनी भोपाल

राष्ट्रपति का सराहनीय सेवा पदक (पुलिस)

- *कृष्णावेणी देशावतु, पुमनि/वि. कर्तव्य. अधिकारी, गृह विभाग*
- *धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, उमनि/कमान्डेंट, आरएपीटीसी, इंदौर*
- *विजय कुमार खत्री, उप पुलिस महानिरीक्षक, छतरपुर*
- *मनोज कुमार राय, एडीजीपी, चयन/भर्ती, पुमु, भोपाल*
- *गीतेश कुमार गर्ग, जोनल एसपी, विशेष शाखा, ग्वालियर*
- *एलरिज विनसेन्ट सिंह, एसपी, एसटीएफ जबलपुर*
- *राजेश सहाय, पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त, इंदौर*
- *दुर्गेश कुमार राठौर, पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त, सागर*
- *नीरज पाण्डेय, एडीजीपी, विशेष शाखा, पुमु भोपाल*
- *रूपेश कुमार द्विवेदी,एसपी, साइबर मुख्यालय भोपाल*
- *सीमा अलावा, अति. पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, इंदौर*
- *आशीष खरे, सीएसपी, जिला छिंदवाड़ा*
- *दिनेश कुमार सिंह, सीएसपी, ईओडब्ल्यू, भोपाल*
- *वीरेन्द्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त, भोपाल*
- *संजय सिंह ठाकुर, सीएसपी, एटीएस, मुख्यालय, भोपाल*
- *निधि श्रीवास्तव, सीएसपी, एससीआरबी, पुमु, भोपाल*
- *राजू गोराने, सीएसपी,, विशेष शाखा, पुमु, भोपाल*
- *मनीता राय, सीएसपी, , पुमनि कार्यालय उज्जैन जोन*
- *मनोज कुमार दुबे, निरीक्षक, (रेडियो) सीहोर*
- *प्रवीण सिंह, निरीक्षक, (शहर) इंदौर*
- *राजेन्द्र प्रसाद, निरीक्षक, ईओडब्ल्यू, जबलपुर*
- *प्रवीण पंवार, निरीक्षक (अ) आरएपीटीसी, इंदौर (सेवानिवृत्त)*
- *कुंजेश श्रीवास्तव, निरी. (अ)/निस टू डीजीपी, कार्या. पुलिस महानिदेशक, म.प्र.*
- *प्रेम किशोर व्यास, निरीक्षक, शाजापुर*
- *उमराव प्रसाद जाटव, उप निरीक्षक 7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल*
- *संतोष मेहरा, उप निरीक्षक, इंदौर*
- *अशोक राव सावंत, उप निरीक्षक, ईओडब्ल्यू, उज्जैन*
- *महेन्द्र सिंह नेगी, उप निरीक्षक, पीटीसी, इंदौर*
- *राजेन्द्र कुमार दुबे, सहायक उप निरीक्षक, जिला छिन्दवाड़ा (सेवानिवृत्त)*
- *श्रीराम मिश्रा, प्रधान आरक्षक, 7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल*
- *कल्याण सिंह, प्र. आर. महिला सुरक्षा शाखा, पुलिस मुख्यालय, भोपाल*
- *सुशील कुमार चौबे, प्रधान आरक्षक 10वीं वाहिनी विसबल, सागर*
- *रवीन्द्र मिश्रा, आरक्षक, लोकायुक्त, भोपाल*

राष्ट्रपति का होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा पदक

- *संतोष कुमार शुक्ला, स्वयसेवी लांस नायक क्रमांक-45 जिला शाजापुर*
- *सुनील कुमार जैन, स्वयसेवी सीक्यूएम क्रमांक-57 जिला उज्जैन*
- *नरेन्द्र अवस्थी, स्वयसेवी लांस नायक क्रमांक-35 जिला इंदौर*

औबेदुल्लागंज में हुआ भव्य आयोजन, विधायक पटवा समेत जनता हुई शामिल

हर हाथ में तिरंगा, हर दिल में देशभक्ति... निकली भव्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

हर हाथ में तिरंगा, हर दिल में देशभक्ति लिए शुक्रवार को औबेदुल्लागंज में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। विधायक सुरेंद्र पटवा के नेतृत्व एवं भाजपा द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में भारत माता के जयघोष से नगर गुंजयमान हो उठा। तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, विद्यार्थी, खिलाड़ियों, छात्र-छात्राओं, धार्मिक, सामाजिक संगठनों और नगर वासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि तिरंगा हमारी शान है। देश की आन, बान और शान हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा है।

पटवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत भोजपुर विधानसभा के औबेदुल्लागंज मंडल में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।


भारत माता की स्तुति करते विधायक पटवा व जनप्रतिनिधि।

पटवा ने तिरंगा यात्रा सफल बनाने पर दिया धन्यवाद

विधायक सुरेंद्र पटवा ने संबोधित करते हुए तिरंगा यात्रा में शामिल नागरिकों का आभार व्यक्त किया। तिरंगा यात्रा को भव्य और सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हाथों में तिरंगा, हृदय में राष्ट्रभक्ति और कंठ में भारत माता की जय के उद्घोष के साथ तिरंगा यात्रा राष्ट्र के प्रति निष्ठा, एकता और गौरव का प्रतीक बनी। आइए, हर घर तिरंगा लहराएं और राष्ट्र प्रथम के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं। तिरंगा लहराएगा, भारत आगे बढ़ता जाएगा!

यह जनप्रतिनिधि हुए तिरंगा यात्रा में शामिल



हर घर तिरंगा यात्रा में वरिष्ठ कन्हैया नंदवंशी, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर, नरेंद्र शर्मा, सुरजीत सिंह गिल, ओपी मीणा, अशोक यादव, डॉ. कैलाश विनय, नंदू शर्मा, देवेंद्र सिंह राजू, नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, नपा उपाध्यक्ष नमिता बाजिश अग्रवाल, वचन लोधी, आरती यादव, माया राय, रेखा कपूर, सुरेखा चौहान, राधा कुशवाहा, सपना रैकवार, हेमलता मनोज चौरसिया, सना अमीर ममनून, दीपू परमार, भारती नरेश सेठी, राहुल प्रजापति, रामेश्वर नागर, रमेश वासवानी, आशीष दीक्षित, विक्रम धाड़ी, नीरज चावला, अनिल अरोरा, पवन खालसा, रामकिशोर नंदवंशी, माधव यादव, जीतू नंदवंशी, भूपेंद्र नंदवंशी, सर्वेश गौर आदि शामिल हुए।


महिला मंडल की सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

महिला मंडल ने सहभागिता की

तिरंगा यात्रा में सभी महिला मंडल की सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भाग लेने वाली अनुराधा, ममता, रेनू निशा मित्तल, मानसी मित्तल, नमिता रानी मित्तल, अनीता अग्रवाल, रानू मित्तल, अंजू मित्तल, संगीता, बबीता, सपना अग्रवाल, कमला जैन, उन्नति राय आदि महिलाएं उपस्थिति रही।


औबेदुल्लागंज में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा।

खबर संक्षेप

मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष करेंगे ध्वजारोहण

भोपाल। 80वें स्वतंत्रता दिवस पर मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह द्वारा 15 अगस्त, 2026 (शनिवार) की सुबह 8 बजे राजधानी स्थित पर्यावास भवन परिसर में ध्वजारोहण किया जायेगा। इस अवसर पर आयोग कार्यालय सहित पर्यावास भवन परिसर में लगने वाले सभी कार्यालयों के पदाधिकारी, अधिकारी, समस्त कर्मचारीगण एवं प्रेस, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।

नेशनल लोक अदालत 12 सितंबर को

भोपाल। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 12 सितंबर को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी ने कहा है कि नेशनल लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी जो आकलित सिविल दायित्व राशि दस लाख तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी।

सुशासन को प्रभावी बनाने कार्यसमूह बना

भोपाल। राज्य में सुशासन को अधिक प्रभावी बनाने व नागरिकों को शासकीय सेवाएं निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों में प्रचलित लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन्स एवं क्लियरेंस के संबंध में सुझाव देने के लिए राज्य शासन ने वित्त विभाग के सचिव लोकेश जाटव की अध्यक्षता में कार्यसमूह का गठन किया है। सामान्य प्रसासन विभाग की ओर से जारी आदेश अनुसार समिति में अवि प्रसाद सीईओ मप्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद, आशिष वशिष्ठ प्रबंध संचालक, मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम, सुधीर कोचर उप सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, सिद्धार्थ जैन उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, अंशुमन राज परियोजना निदेशक, मध्यप्रदेश स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क (एमपी-स्वान) सदस्य होंगे। कार्यसमूह की ओर से लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन्स एवं क्लियरेंस जारी करने की प्रक्रिया की मॉनीटरिंग को बेहतर बनाना एमपी ई-सेवा पोर्टल को नागरिकों के लिए सुगम एवं प्रभावी बनाना जैसे कार्यों का संपादन किया जाएगा।

गांधी नगर में लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले गिरोह सक्रिय, तीन गिरफ्तार, फरार साथी की चल रही तलाश, खुलासा जल्द

इंजीनियर को चाकू अड़ाकर सोने की चेन व मोबाइल लूट ले गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गांधी नगर में लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाला गिरोह काफी समय सक्रिय है। गिरोह ने पिछले दिनों एक इंजीनियर को लिफ्ट दी और फिर चाकू अड़ाकर सोने की चैन और मोबाइल फोन छीन लिया। हाल ही में बदमाशों ने एक पेंटर को लिफ्ट देने के बहाने लूटपाट की तो पुलिस ने दो आरोपियों को दबोच लिया। इंजीनियर के साथ लूटपाट करने वाले तीसरे आरोपी को भी हिरासत में लिया गया है, जबकि गिरोह के एक फरार साथी की तलाश की जा रही है। पुलिस का है कि जल्द ही इस पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

पुलिस के अनुसार उज्जैन निवासी प्रियांशु वर्मा इंजीनियर है और फिलहाल गांधी नगर इलाके में निमार्णाधीन सड़क कंपनी में काम कर रहा है। बीती इकतीस जुलाई की शाम करीब साढ़े सात बजे वह सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रहा था, तभी एक बाइक पर सवार दो युवकों ने उसे लिफ्ट दी। दोनों उसे एयरोसिटी रोड स्थित ब्रिज के पास लेकर पहुंचे और चाकू अड़ाकर सोने की चेन और मोबाइल फोन छीनकर भाग निकले।

रात के समय राहगीरों को लिफ्ट देकर बनाते थे शिकार



गांधी नगर निवासी अशोक पेंटर का काम करता है। दो दिन पहले रात करीब एक बजे वह करोंद जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उसके पास पहुंचे और पूछा कि कहां जाना है। अशोक ने बताया कि वह करोंद जाने के लिए साधन का इंतजार कर रहा है। इस पर दोनों युवकों ने कहा कि उसे करोंद छोड़ देंगे। वह बाइक पर बैठने के लिए तैयार हो गया। जेल रोड पर कुछ दूर आगे जाकर बाइक चालक ने बाथरूम के बहाने अंधेरे स्थान पर बाइक रोकी और उसके बाद अशोक को चाकू दिखाकर उसका मोबाइल फोन छीन लिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दो युवकों को दबोच लिया। आरोपियों से पूछताछ पर पता चला कि उनके दो अन्य साथी भी गिरोह में शामिल हैं, जो रात के समय राहगीरों को पहले लिफ्ट देते थे और बाद में सुनसान स्थान पर ले जाकर लूटपाट करते थे। इंजीनियर के साथ हुई लूटपाट में शामिल एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है, जबकि गिरोह के एक अन्य साथी की तलाश की जा रही है।

धरपकड़ में एक आरोपी कार से निकलकर भागा

गांधी नगर में कार से शराब की तस्करी पुलिस ने 12 पेटी अवैध शराब जब्त की

गांधी नगर पुलिस ने मुर्गी फार्म आसाराम आश्रम के पीछे से कार में शराब की तस्करी कर रहे तस्कर को गिरफ्तार किया है। देर रात पुलिस की धरपकड़ की कार्रवाई में तस्कर का साथी कार से निकलकर भाग गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 46 हजार रुपए कीमत की 12 पेटी देशी शराब जब्त की है। कार भी जब्त की गई। पुलिस के अनुसार रात करीब ढाई बजे गांधी नगर पुलिस द्वारा मुर्गी फार्म के पास, आसाराम आश्रम के पीछे पेट्रोलिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध कार आती हुई दिखी। कार में दो व्यक्ति बैठे हुए थे। जैसे ही कार को रोका गया तो कार चालक बाहर निकलकर भाग गया। पुलिस ने कोपेसेंजर सीट पर बैठे युवक को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान अमन घारू उर्फ बाबला के रूप में की गई। पुलिस की धरपकड़ कार्रवाई में कार चला रहा कुलदीप निवासी बैरागढ़ फरार हुआ है।

बिलखिरिया गांव की घटना, रात भर खेत में पड़ी रही लाशें

खेत में कीटनाशक का छिड़काव कर रहे पिता पिता-पुत्र की करंट से झुलसकर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित बिलखिरिया गांव में खेत पर खेत पर कीटनाशक का छिड़काव करने पहुंचे पिता-पुत्र की करंट से झुलसकर मौत हो गई। शुक्रवार सुबह उनका शव खेत में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार 50 साल के बृजमोहन राजपूत और उनका 20 साल का बेटा आशीष राजपूत किसान थे। बिलखिरिया गांव में करीब 10 साल से परिवार रह रहा थे। परिवार ने गांव का एक खेत बटाई पर ले रखा था। बृजमोहन की पत्नी ने पुलिस को बताया कि पति बृजमोहन और बेटा आशीष गुरुवार दोपहर घर से खेत में कीटनाशक का छिड़काव करने का कहकर निकले थे।

इसके बाद घर नहीं लौटे। शुक्रवार सुबह वह पति और बेटे को देखने खेत पहुंची। इस दौरान उसने थोड़ी-थोड़ी दूरी पर पति और बेटे का शव पड़ा देखा। उसकी चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण भी खेत में पहुंच गए थे। उसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पिता पुत्र के शव पीएम के लिए मचुर्री भेज दिए हैं।

बेटे को बचाने गई पिता की जान

थाना प्रभारी नरेंद्र कुलस्ते ने बताया कि निरीक्षण में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पहले आशीष को करंट लगा था फिर उसे बचाने की प्रयास में बृजमोहन राजपूत भी झुलस गए। शवों के पास से खुले बिजली के तार मिले हैं।

ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए बैंक संकल्पित

यूको बैंक नेहरू नगर शाखा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राजेन्द्र कुमार साबू, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (अतिरिक्त प्रभार) और कार्यपालक निदेशक ने वर्चुअल रूप से भोपाल अंचल में 14 अगस्त को नई शाखा नेहरू नगर शाखा का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर अंचल प्रमुख लोकेश कुमार, उप अंचल प्रमुख सुमन, सहायक महाप्रबंधक ओम प्रकाश गुनानी, प्राचार्य राजीव गंगवार, शाखा प्रमुख गौरव कुमार एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर अंचल प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि यूको बैंक अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए संकल्पित है।



यूको बैंक शाखा का शुभारंभ करते वरिष्ठ अधिकारी।

सीएमएचओ कार्यालय की टीम ने किया निरीक्षण

नर्सिंग होम पंजीयन के बिना संचालित हो रहा था न्यू संजीवनी अस्पताल, किया बंद

पैरामेडिकल स्टाफ भी उपस्थित नहीं मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अशोका गार्डन क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से संचालित न्यू संजीवनी अस्पताल को सीएमएचओ कार्यालय की टीम द्वारा बंद करवाया गया है। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा के निर्देश पर किए गए औचक निरीक्षण के दौरान इस अस्पताल की जांच की गई थी। अस्पताल के पास नर्सिंग होम पंजीयन नहीं पाया गया।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल संचालक अनुपस्थित मिले, इस दौरान कोई भी पैरामेडिकल स्टाफ भी उपस्थित नहीं मिला। अस्पताल संचालक डॉ. पवन सिंह से फोन पर पूछताछ करने पर बताया गया कि वे हमीदिया अस्पताल में ड्यूटी पर हैं। टीम द्वारा अस्पताल स्टाफ की मौजूदगी में दस्तावेजों की जांच कर पंचनामा तैयार किया गया। निरीक्षण के समय अस्पताल में 10 बेड लगे थे। साथ ही लेबर रूम, माइनर ओटी, आईसीयू भी मिला। अस्पताल में कार्डियक मॉनिटर, एंटासिड, एनाल्जेसिक, एंटी एमिटिक, एंटीबायोटिक, आई वी फ्लूड, न्यूट्रीशनल हेल्थ सीरप, माइनर ओटी प्रोसीजर उपकरण और इंजेक्शन पाए गए।

बिना अनुमति के संचालन अवैधानिक

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अनुमति के विपरीत अथवा बिना सक्षम अनुमति के निजी स्वास्थ्य संस्थाओं का संचालन अवैधानिक है। मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 एवं अधिनियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के तहत कार्यवाही की जा रही है। बिना सक्षम अनुमति चिकित्सा व्यवसाय करने पर विधि सम्मत दंडात्मक कार्रवाई के लिए पुलिस, निगम, औषधि प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण मंडल को सूचना दी जा रही है।
डॉ. मनीष शर्मा, सीएमएचओ

आरोग्य केंद्र एक 'हीलिंग होम' है : डॉ. गुलाब राय

साधक प्राकृतिक चिकित्सा से सीख रहे निरोगी जीवन जीने की कला



हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

आरोग्य केंद्र द्वारा आयोजित दस दिवसीय 'रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर' का शुभारंभ हुआ। शिविर में विभिन्न स्थानों से आए साधक प्राकृतिक चिकित्सा, अपक्व आहार, योग, आयुर्वेद, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा और पोटली मसाज जैसी प्राकृतिक एवं पारंपरिक उपचार पद्धतियों का लाभ ले रहे हैं। शिविर के दौरान साधकों को प्राकृतिक उपचार, योग, उपवास, अपक्व आहार, रसाहार और फलाहार के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की कला सिखाई जा रही है। साथ ही शरीर के शुद्धिकरण, संतुलित दिनचर्या और स्वस्थ आदतों के महत्व पर भी मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

आरोग्य केन्द्र के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. गुलाब राय टेवानी ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आरोग्य केन्द्र एक हीलिंग होम है। उन्होंने कहा कि यह स्थान संत हिरदाराम साहिब की पावन कुटिया के समान है, जहां सकारात्मक वातावरण और प्राकृतिक उपचार पद्धतियों के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ की दिशा में प्रयास किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि दस दिवसीय शिविर का उद्देश्य शरीर के शुद्धिकरण के साथ-साथ ऐसी जीवनशैली का प्रशिक्षण देना है, जिसे अपनाकर व्यक्ति लंबे समय तक स्वस्थ रह सके। शिविरार्थियों को दिनचर्या में सुधार, उपवास की कला और प्राकृतिक आहार के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। डॉ. टेवानी ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा में पंचतत्व पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के माध्यम से शरीर को संतुलित रखने की अवधारणा पर विशेष जोर दिया जाता है। स्वस्थ जीवन के लिए सबसे आवश्यक है कि व्यक्ति अपनी अस्वस्थ दिनचर्या में बदलाव कर स्वस्थ दिनचर्या को अपनाए।

उन्होंने कहा कि अपक्व एवं प्राकृतिक आहार को जीवनशैली का हिस्सा बनाने से दवाइयों पर निर्भरता कम करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने लोगों से बीमारी से बचाव और स्वास्थ्य संरक्षण के लिए प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने तथा अपनी दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव करने का आह्वान किया।

स्कूली बच्चों ने दी देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

उपनगर में स्वंतत्रता दिवस आज धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सैकड़ों स्थानों पर झंडा वंदन के साथ प्रभात फेरी और सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होंगे।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में बाल-विहार की कक्षा के बच्चों को स्वतंत्रता दिवस का महत्व समझाने के लिए विद्यालय में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर स्वतंत्रता दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के सचिव बसंत चेलानी, सुरेष राजपाल, चन्दर नागदेव, मनोहर वासवानी, कमल शेवानी ने दीप प्रज्जवलन कर किया गया। बसंत चेलानी ने कहा कि आज का कार्यक्रम बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व को समझाने एवं बच्चों तिरंगे का सम्मान करना सिखाने के लिए आयोजित किया गया है।

वार्ड 75

वार्ड में पानी, सफाई, सड़क और स्वास्थ्य की समस्याओं से जूझ रहे लोग, पार्षद बोलीं- सड़क, नालियां बनवाई हैं, साफ-सफाई भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आईएनएच न्यूज चैनल पर रविवार शाम 6.30 बजे से देखिए प्रसारण

आईएनएच न्यूज चैनल और हरिभूमि के तत्वावधान में शहर के वार्ड-75 में मेरा वार्ड-मेरी बात कार्यकम का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्रीय पार्षद, विपक्षी नेताओं के अलावा लोगों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि से अपनी समस्याओं बताई और सुझाव भी दिए।



कार्यक्रम में क्षेत्र के रहवासियों ने पानी, सफाई, सड़क और स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं बताई। विपक्ष का कहना रहा कि बारिश के दौरान नालियां चौक हो जाती हैं और कई जगह रास्तों की स्थिति खराब है। कचरा उठाने वाली गाड़ियों की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं है। पार्षद रीता जगदीश विश्वकर्मा का कहना है कि क्षेत्र में सड़क, नाली और सफाई की व्यवस्था पहले से बेहतर हुई है। सड़क और नालियों का निर्माण कराया गया है। सफाई व्यवस्था पर भी लगातार काम किया जा रहा है।

विपक्षी नेता बोले- बारिश में नालियां चौक, सफाई की स्थिति भी खराब

पार्षद बोले
क्षेत्र में सड़क, नाली और सफाई की व्यवस्था पहले से बेहतर सफाई व्यवस्था पर लगातार काम जारी है

पार्षद ने कहा- जल्द ही बदली जाएगी पुरानी पाइपलाइन



विपक्ष के जनप्रतिनिधियों ने कहा कि वार्ड में पानी, शिक्षा से लेकर सफाई की समस्याएं है। स्वास्थ्य को लेकर समस्या ज्यादा है। चार-चार घंटे लाइन लगानी पड़ती है, तब जाकर पर्ची बना पाती है। संजीवनी क्लीनिक में डॉक्टर नहीं मिलते हैं। दवाइयां ज्यादा उपलब्ध नहीं हैं। वार्ड में पानी की समस्या भी बनी हुई है।

सड़क और नालियों का निर्माण कराया है



पार्षद रीता का कहना है कि सड़क और नालियों का निर्माण कराया गया है। सफाई व्यवस्था पर काम किया जा रहा है। जल्द ही पुरानी पाइपलाइन बदली जाएगी। शिकायत मिलने पर पाइपलाइन की खराबी को तत्काल ठीक कराया जाता है।

सड़क की नालियां चोक



सड़क को लेकर परेशानी है। रोड की नालियां चौक रहती है, जिससे स्कूल ड्रेस खराब हो जाती है। सुरक्षा की स्थिति ठीक है।
गौरी विश्वकर्मा, छात्रा

बिजली, पानी की समस्या है



वार्ड में बिजली, पानी की समस्या है। उसकी गिनती नहीं की जा रही है। सफाई को लेकर दिक्कत बनी हुई है।
अरविंद शर्मा, रहवासी

नाला ठीक किया

समस्या का निवारण जल्दी-जल्दी किया जा रहा है। पानी और नाले की समस्या पहले थी। वह खत्म हो गई है।
रामबाई मेहरा, रहवासी

खबर संक्षेप

एलजी ने लिस्टिंग के बाद दर्ज तिमाही में वृद्धि

नई दिल्ली । एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में लिस्टिंग के बाद अपनी सबसे मजबूत तिमाही वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के मुताबिक, पोर्टफोलियो की सभी प्रमुख श्रेणियों में बेहतर प्रदर्शन और प्रीमियम उत्पादों की मजबूत मांग ने राजस्व और लाभप्रदता को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में कंपनी का संचालन से राजस्व 7,233 करोड़ रुपए रहा, जो वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही के 6,263 करोड़ रुपए की तुलना में 15.5 प्रतिशत अधिक है।

केनस्टार ने लांच किया 'नो फोन ऑवर 2.0'

गुरुग्राम । होम अप्लायंस ब्रांड केनस्टार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने लोकप्रिय 'नो फोन ऑवर' अभियान का दूसरा संस्करण 'नो फोन ऑवर 2.0' शुरू किया है। कंपनी के अनुसार, पिछले साल इस अभियान में 1.5 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया था और इस बार ब्रांड का लक्ष्य भागीदारी को तीन गुना तक बढ़ाना है। नो-फोन आवर अभियान के माध्यम से केनस्टार लोगों से अपील कर रहा है कि वे एक घंटे के लिए अपने मोबाइल फोन से दूरी बनाकर परिवार, दोस्तों और अपने करीबियों के साथ समय बिताएं।

गैलेक्सी जेड फोल्ड8 सीरीज पेश

गुरुग्राम। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने 22 जुलाई को अपनी गैलेक्सी जेड सीरीज़ की आठवीं पीढ़ी के फोल्डेबल स्मार्टफोन्स पेश किए। नई सीरीज में गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, यूजर्स से मिले फीडबैक और वर्षों के इंजीनियरिंग नवाचार के आधार पर विकसित ये डिवाइस फोल्डेबल स्मार्टफोन तकनीक में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाते हैं। नई गैलेक्सी जेड सीरीज में यूजर की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखते तैयार किया गया है।

महिंद्रा ने लांच किया ब्लेजो आई-टीआरके

मुंबई। महिंद्रा ट्रक एंड बस ने ऑल-न्यू ब्लेजो आई-टीआरके को लांच करने की घोषणा की है। महिंद्रा ग्रुप की इस कंपनी के मुताबिक, नया हैवी कमर्शियल ट्रक ट्रांसपोर्टर्स और फ्लीट ऑपरेटर्स की कमाई बढ़ाने, परिचालन लागत घटाने और वाहनों के बेहतर प्रबंधन में मदद करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। कंपनी ने इसे "प्रॉफिट का रॉकेट" के रूप में पेश किया है। महिंद्रा के अनुसार, ब्लेजो आई-टीआरके केवल एक ट्रक नहीं, बल्कि ट्रांसपोर्ट कारोबार के लिए एक व्यापक समाधान के तौर पर तैयार किया गया है।

रिटेल प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स पर भी निगरानी

भोपाल। एनालॉग पनीर की बिक्री और सप्लाई पर रोक के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच तेज कर दी है। इसी कड़ी में भोपाल के डेटा कॉलोनी स्थित ब्लिंकीटी, डीमार्ट4 का निरीक्षण कर पनीर और अन्य दुग्ध उत्पादों के नमूने लिए गए। टीम ने उत्पादों की लेबलिंग, पैकेजिंग, निर्माण और बिक्री से जुड़े दस्तावेजों के साथ उनकी गुणवत्ता की भी जांच की। विभाग ब्लींकिट, फ्लीपकार्ट और डीमार्ट, रिलायंस मॉल समेत ई-कॉमर्स और संगठित रिटेल प्लेटफॉर्म पर भी निगरानी कर रहा है। टीम यह जांच रही है कि कहीं एनालॉग या किसी वैकल्पिक उत्पाद को पनीर के नाम पर तो नहीं बेचा जा रहा है।

इंडियन बैंक ने बांटे 1,220 करोड़ के ऋण

मुंबई। इंडियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस पखवाड़े के तहत मुंबई में मेगा ऋण संवितरण एवं ग्राहक संपर्क शिविर आयोजित किया गया। इसमें महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा के लाभार्थियों को खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्रों में कुल 1,220 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी बिनोद कुमार ने शिविर का उद्घाटन किया और लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए।

आखिर क्यों रखे महामंत्री ने आंतरिक दस्तावेज जनता और व्यापारियों की अदालत में !

चेंबर अध्यक्ष गोविंद गोयल के मनमाने निर्णयों से संस्था के आंतरिक लोकतंत्र की हो रही हत्या

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

- संस्था की पहचान किसी एक व्यक्ति के फैसलों से नहीं, सम्मान देने से बनती है
- गोविंद गोयल की कार्यशैली नैतिक सिद्धांत के विपरीत दे रही है संदेश

पदाधिकारी बोले- हमें व्यापारियों की भावनाओं के अनुरूप कार्य करने में आ रही कठिनाई

चेंबर का अध्यक्ष पद किसी व्यक्ति की निजी जागीर नहीं, बल्कि व्यापारियों के विश्वास से मिली जिम्मेदारी है। लोकतंत्र में अध्यक्ष सर्वेसर्वा नहीं, बल्कि सामूहिक निर्णय प्रक्रिया का नेतृत्वकर्ता होता है। यदि निर्वाचित पदाधिकारियों की राय को दरकिनार कर मनमाने फैसले और नियुक्तियां होने लगें, तो सवाल सिर्फ कार्यशैली पर नहीं, बल्कि संगठन के आंतरिक लोकतंत्र पर भी उठता है। प्रतिष्ठित चेंबर की पहचान किसी एक व्यक्ति के फैसलों से नहीं, बल्कि सभी व्यापारियों की आवाज को सम्मान देने से बनती है। कुर्सी बड़ी हो सकती है, लेकिन संगठन उससे भी बड़ा होता है। यह कहना है चेंबर के जिम्मेदार पदाधिकारियों और बाजार प्रमुखों का।

चेंबर के मेंबरों के अनुसार भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स जो भोपाल के व्यापारियों की प्रतिष्ठित और सर्वमान्य संस्था है जिसकी रीति-नीति से सभी संगठन सीख भी लेते हैं। ऐसे में संगठन और प्रमुख पदाधिकारियों की यह स्वाभाविक जिम्मेदारी होती है कि उनके माध्यम से संगठनों को मजबूत करने का और आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत करने का संदेश दिया जाना चाहिए। परंतु भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के मौजूदा अध्यक्ष गोविंद गोयल की कार्यशैली इन नैतिक सिद्धांत के विपरीत संदेश दे रही है इनके द्वारा परिवारवाद को बढ़ावा, संगठन में गुटबाजी को बढ़ावा दिया जा रहा है और सामूहिक निर्णय के स्थान पर तानाशाही तरीके से मनमानी निर्णय थोपते हुए प्रतिष्ठित संगठन की छबि धूमिल की जा रही है। चेंबर के महामंत्री ललित जैन के द्वारा बीते दिनों सोशल मीडिया पर साझा किए गए आंतरिक दस्तावेज इस बात की गवाही देते हैं और ऐसा तब होता है, जब अनेक निर्णयों में जिम्मेदार पदाधिकारियों की अनदेखी की जाती है। बैठकों में तय विषय के अतिरिक्त निर्णय किए जाते तो निरन्तर अनदेखी के बाद उसके पास अन्य कोई विकल्प नही रह जाता, और जिम्मेदार पदाधिकारी को आंतरिक दस्तावेज जनता और व्यापारियों की अदालत में रखना पड़ा।



परिवारवाद के साथ, संगठन में गुटबाजी को बढ़ावा



भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कार्यालय

कुर्सी से बड़ा संगठन और व्यक्ति से बड़ा व्यापारी समाज

चेंबर के जिम्मेदार पदों पर रहे पूर्व पदाधिकारियों के अनुसार व्यक्ति तीन साल,पांच साल तक पद पर तो रह सकता है, लेकिन संगठन वर्षों तक चलता है। कुर्सी बदल सकती है, चेंबर नहीं] इसलिए कुर्सी से बड़ा संगठन और व्यक्ति से बड़ा व्यापारी समाज होता है। अतः किसी भी व्यापारिक संगठन का सामूहिक निर्णय संगठन के आंतिरक ढाचे को मजबूत करता हैं और सर्वमान्य भी होते है। इसका पालन और सर्वाधिक दायित्व संगठन के मुखिया के ऊपर होता है, इसके अतिरिक्त सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को भी पालन करना चाहिए, जो संगठन के मजबूत ताने बाने के लिए महत्वपूर्ण है,लेकिन जब मुखिया मनमानी, अनेदखी करने लगे और अन्य पदाधिकारियों की उपेक्षा करने लगे तो संगठन के अन्य पदाधिकारियों का दायित्व है कि व्यापारियों की अदालत से निर्णय लिया जाए ।

चेंबर के जिम्मेदार पदाधिकारियों का कहना है कि हमको व्यापारियों की सेवा करने की जिम्मेदारी के साथ ही सभी व्यापारिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के साथ ही व्यापारिक समस्याओं के निदान सहायक व्यापारियों को चेंबर की व्यवस्थाओं से जोड़कर जिनकी प्रतिभा का प्रत्यक्ष लाभ व्यापारी समाज को मिले, इस भाव से और इस वादे के साथ व्यापारियों ने वोट देकर हमको चुना है। हम लोग अध्यक्ष द्वारा मनोनीत नहीं है पर अध्यक्ष की कार्यशैली की वजह से हमें व्यापारियों की भावनाओं के अनुरूप कार्य करने में कठिनाई आ रही है तो निर्णय भी और आगे का मार्ग भी व्यापारियों और बाजार प्रमुखों को सुझाना है।



अध्यक्ष संगठन का मुखिया जरूर होता है, लेकिन वह संगठन का मालिक नहीं

किसी भी व्यापारिक संगठन की असली ताकत उस संस्था की कार्यकारिणी के सामूहिक नेतृत्व में होती है। अध्यक्ष की जिम्मेदारी होती है सबको साथ लेकर चलने की। अध्यक्ष संगठन का मुखिया जरूर होता है, लेकिन वह संगठन का मालिक नहीं होता। खासकर उस संस्था में, जहां पदाधिकारी सदस्यों के वोट से निर्वाचित होकर आते हैं।

सीए राजेश जैन , वरिष्ठ कर सलाहकार

मंडी बोर्ड एमडी का बरेली मंडी में दौरा

किसानों, व्यापारियों, हम्मालों और तुलावटियों से किया सीधा संवाद, व्यवस्थाओं से हुए रूबरू



निरीक्षण करते कुमार पुरुषोत्तम और मंडी अधिकारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मंडी बोर्ड के आयुक्त-सह-प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने शुक्रवार को कृषि उपज मंडी समिति बरेली का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पुरुषोत्तम ने किसानों, व्यापारियों, हम्मालों एवं तुलावटियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने कहा कि किसानों को सरल, पारदर्शी और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना मंडी बोर्ड की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को किसान हित को केंद्र में रखते हुए मंडी की व्यवस्थाओं को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने ई-मंडी एवं ई-नाम प्रणाली, ई-नाम लैब, पेमेंट काउंटर, कृषक विश्राम गृह, कैंटीन, पेयजल, स्वच्छता एवं सूचना प्रसारण व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके साथ ही नीलामी शेड, सीसी रोड, शौचालय, 10 मीट्रिक टन क्षमता के इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे तथा प्रस्तावित ग्रेडिंग एवं क्लीनिंग प्लांट के लिए चिह्नित स्थल का भी अवलोकन किया।

अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए

उन्होंने मंडी परिसर में अतिरिक्त प्रवेश एवं निकास मार्ग विकसित करने, सीसी कार्य कराने तथा विभिन्न भवनों एवं संरचनाओं की आवश्यक मरम्मत के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान मंडी कर्मचारियों एवं सुरक्षागार्डों की उपस्थिति और ड्रेस कोड की भी जानकारी ली गई। निरीक्षण के अवसर पर मंडी बरेली की सचिव ऋतु गढ़वाल, अधीक्षण यंत्री मधुकर पवार, कार्यपालन यंत्री एससी गोयल, सहायक यंत्री आनंद योगी, उपयंत्री एनसी जाटव एवं मंडी लेखापाल दीपिका धुर्वे सहित मंडी का स्टाफ उपस्थित रहा।

बिक्री के सात दिनों के भीतर चीनी स्टॉक उठाना अनिवार्य, उल्लंघन पर होगी कानूनी कार्रवाई

कृत्रिम कमी और सट्टेबाजी रोकने के लिए केंद्र की सख्ती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने चीनी मिलों के लिए स्टॉक उठान को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अंतर्गत चीनी एवं वनस्पति तेल निदेशालय ने देश की सभी चीनी मिलों को निर्देश दिया है कि बिक्री के बाद खरीदार सात दिनों के भीतर चीनी का उठान कर लें। निर्धारित अवधि के बाद चीनी मिल अपने परिसर में बिक्री किया हुआ स्टॉक नहीं रख सकेंगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई चीनी मिल सट्टेबाजी, कृत्रिम कमी पैदा करने या स्टॉक से संबंधित गलत जानकारी देने जैसी गतिविधियों में लिप्त पाई जाती है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में 14 अगस्त 2026 को सभी चीनी मिलों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और प्रबंध निदेशकों को पत्र जारी किया गया है।



पी-2 फॉर्म और बिक्री कोटे में मिली गड़बड़ियां

विभाग के अनुसार, जांच के दौरान कुछ चीनी मिलों में पी-2 फॉर्म में घोषित मात्रा से अधिक चीनी स्टॉक पाए जाने की जानकारी सामने आई है। वहीं कुछ मिलें उन्हें आवंटित मासिक बिक्री कोटे की तुलना में कम चीनी बेच रही हैं। हाल ही में किए गए भौतिक सत्यापन अभियान में भी ऐसी विसंगतियों की पुष्टि हुई है। विभाग ने चेतावनी दी है कि आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 और 7 तथा चीनी (नियंत्रण) आदेश, 2025 के प्रावधानों के तहत गलत या भ्रामक स्टॉक जानकारी देने वाली चीनी मिलों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

सात दिन से ज्यादा स्टॉक रखने पर रोक

सरकार ने पाया कि कुछ मिलें महीने की शुरुआत में चीनी की बिक्री कर देती हैं, लेकिन खरीदारों पूरे महीने नहीं उठाते। इससे बाजार में कृत्रिम कमी की स्थिति बन सकती है सट्टेबाजी को बढ़ावा मिल सकता है। डीलर, एजेंट या थोक उपभोक्ता को चीनी बेचने के बाद मिल सात दिनों से अधिक समय तक संबंधित स्टॉक अपने परिसर में नहीं रख सकेगी।

30 नवंबर तक प्रभावी रहेगा निर्देश

यह निर्देश 30 नवंबर 2026 तक प्रभावी रहेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित चीनी मिल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त टीमें चीनी मिलों में स्टॉक की जांच और भौतिक सत्यापन अभियान जारी रखेंगी। इसका उद्देश्य आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना और बाजार में चीनी की उपलब्धता बनाए रखना है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि अक्टूबर 2026 में उत्पादन शुरू करने वाली चीनी मिलों को अक्टूबर में उत्पादित चीनी को अक्टूबर-नवंबर 2026 के दौरान बेचने की अनुमति होगी।

देशभक्ति के साथ 'लोकल' मिठास

15 अगस्त के लिए 'सांची' के पेड़ों की बढ़ी मिठास, पिछले साल से 3 हजार ज्यादा ऑर्डर

सांची के पेड़े अब बनते जा रहे है एक लोकप्रिय विकल्प

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

स्वतंत्रता दिवस के जश्न में इस बार सांची के पेड़े की मिठास कुछ ज्यादा घुलने वाली है। क्योंकि15 अगस्त के लिए सांची दूध संघ के पास पेड़ों की मांग ने पिछले साल का आंकड़ा पार कर लिया है। पिछले वर्ष स्वतंत्रता दिवस के लिए करीब 42 हजार पेड़ों की मांग आई थी, जबकि इस साल 13 अगस्त तक ही 45 हजार पेड़ों के ऑर्डर मिल चुके हैं।

खास बात यह है कि अभी 15 अगस्त तक दो दिन बाकी हैं, ऐसे में मांग और बढ़ने की उम्मीद है। स्वतंत्रता दिवस पर सांची के पेड़ों की बढ़ती मांग को स्थानीय उत्पादों के प्रति लोगों के बढ़ते भरोसे से भी जोडक़र देखा जा रहा है। राष्ट्रीय पर्व के आयोजनों में मिठाई वितरण के लिए सांची के पेड़े अब एक लोकप्रिय विकल्प बनते जा रहे हैं।



सांची के पेड़ों की मांग इस बार सरकारी और निजी संस्थानों से बड़े पैमाने पर आई है। अब तक करीब 175 संस्थानों ने पेड़ों के लिए ऑर्डर दिए हैं। इसके अलावा रिटेल ग्राहकों की ओर से भी करीब 300 किलो पेड़ों की मांग दर्ज की गई है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्थानों में होने वाले कार्यक्रमों और वितरण के लिए सांची के पेड़ों की खास डिमांड देखी जा रही है। सांची के पेड़ों की मांग सिर्फ भोपाल तक सीमित नहीं है।

बुंदेलखंड क्षेत्र से करीब 10 हजार पैकेट का ऑर्डर मिला है। इससे सांची के पेड़ों की बढ़ती लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। पिछले साल की तुलना में इस बार स्वतंत्रता दिवस से पहले ही मांग में करीब 7 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

सीईओ जोशी ने कहा सांची उत्पादों की गुणवत्ता के प्रति लोगों का भरोसा

सांची दूध संघ के सीईओ प्रितेश जोशी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर इस बार सांची के पेड़ों की मांग में पिछले वर्ष की तुलना में



अच्छा इजाफा देखने को मिला है। जोशी ने कहा कि सांची के उत्पादों की गुणवत्ता और लोगों के भरोसे के कारण त्योहारों एवं राष्ट्रीय पर्वों पर इनकी मांग लगातार बनी रहती है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोग सांची के पेड़ों को प्राथमिकता दे रहे हैं। संघ की ओर से मांग के अनुरूप पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस सिर्फ देशभक्ति का पर्व नहीं है, बल्कि यह स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का भी अवसर है। सांची के पेड़ों की बढ़ती मांग इस बात का संकेत है कि उपभोक्ताओं का स्थानीय ब्रांड और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के प्रति भरोसा मजबूत है।

बिजनेस न्यूज

एलएनसीटी विवि में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर संगोष्ठी

भोपाल। एलएनसीटी विश्वविद्यालय, भोपाल के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर सीएमई हॉल, जे.के. अस्पताल में संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के पूर्व कुलपति प्रो. अखिलेश पाण्डेय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. पाण्डेय ने भारत विभाजन की ऐतिहासिक त्रासदी, उससे उत्पन्न मानवीय पीड़ा तथा लाखों लोगों के साहस, संघर्ष और बलिदान को स्मरण किया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. नरेंद्र कुमार थापक ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस केवल अतीत की पीड़ा को याद करने का अवसर नहीं है, बल्कि नई पीढ़ी को इतिहास से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा भी देता है।



राधारमण आयुर्वेद कॉलेज में विश्व अंगदान दिवस पर पोस्टर प्रदर्शनी एवं सेमिनार

भोपाल। विश्व अंगदान दिवस के उपलक्ष्य में राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल के रचना शरीर विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंगदान के महत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के साथ विद्यार्थियों को समाज में अंगदान का संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राधारमण ग्रुप के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पी.के. लाहीरी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डीन एसबी खरे, आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र मिश्रा तथा उप प्राचार्य एवं रचना शरीर विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमेन्द्र रघुवंशी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ शिक्षकगण तथा हॉस्पिटल के चिकित्सक एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर राधारमण ग्रुप के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव सक्सेना ने कहा कि अंगदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जीवन का नया अवसर देने का माध्यम है।

टैक्स लॉ बार एसो.ने स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति का दिया संदेश

भोपाल। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर टैक्स लॉ बार एसोसिएशन, भोपाल के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज कुमार पारख ने देशवासियों को 15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रप्रेम, एकता, अखंडता और देश के प्रति नागरिक कर्तव्यों की भावना को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पर्व बताया। अधिवक्ता पारख ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करने का दिन है, जिनके प्रयासों से देश को आजादी मिली। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी में देश के प्रति सम्मान, गौरव और जिम्मेदारी की भावना मजबूत होती है। अधिवक्ता पारख ने "मेरा भारत मेरा गौरव" की भावना के साथ सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की पुनः शुभकामनाएं दीं और "जय हिंद" का उद्घोष किया।



एयरटेल का 'ऑपरेशन सफेद सागर' बना प्रमुख आकर्षण

भोपाल। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एयरटेल आईपीटीवी ने देशभक्ति, साहस, त्याग और सेवा की भावना से जुड़ी फिल्मों और कहानियों की खास वॉचलिस्ट पेश की है। इस वॉचलिस्ट में भारतीय इतिहास और देश के लिए समर्पित लोगों की प्रेरणादायक कहानियों को प्रमुखता दी गई है। वॉचलिस्ट का प्रमुख आकर्षण 'ऑपरेशन सफेद सागर' है। यह सीरीज 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय वायुसेना की गोल्डन एरोज स्क्वाड्रन की भूमिका से प्रेरित है। एयरटेल और नेटफ्लिक्स ने इस स्वतंत्रता दिवस पर लाखों-लाखों धन्यवाद अभियान के जरिए भारतीय वायुसेना के प्रति आभार व्यक्त करने की पहल भी की है। इसके तहत 10 राज्यों के 11 शहरों में 'थैंक यू स्टेशन' बनाए गए हैं।

टोयोटा ने पेश किया अर्बन क्रूजर हायराइडर 'एरो ब्लैक एडिशन'

नई दिल्ली । टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी अर्बन क्रूजर हायराइडर का नया लिमिटेड-एडिशन 'एरो ब्लैक एडिशन' पेश किया है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स–सर्विस–यूज्ड कार बिजनेस एवं प्रॉफिट एन्हांसमेंट, सबरी मनोहर ने कहा कि अर्बन क्रूजर हायराइडर अपने स्टाइलिश डिजाइन, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और बेहतर कम्फर्ट के कारण आधुनिक एसयूवी ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। कंपनी के अनुसार, अर्बन क्रूजर हायराइडर एरो ब्लैक एडिशन का स्टाइलिंग पैकेज 31,999 में उपलब्ध है।

ओम फ्रेट फॉरवर्डर्स का पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन, राजस्व 105 फीसदी बढ़ा

मुंबई। ओम फ्रेट फॉरवर्डर्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 13 अगस्त 2026 को 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। कंपनी के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में परिचालन से राजस्व सालाना आधार पर 105 प्रतिशत बढ़कर 193.35 करोड़ रुपए हो गया। इसी अवधि में कंपनी का एबिटडा 104 प्रतिशत बढ़कर 11.29 करोड़ रुपए हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एबिटडा 5.52 करोड़ रुपए रहा था। वहीं, कंपनी के कर पश्चात लाभ में 126 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 7.30 करोड़ रुपए पहुंच गया।

आईटीएल ग्रेटर नोएडा में बनाएगा 25 एकड़ का ग्लोबल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भारत से ट्रैक्टर निर्यात के क्षेत्र में अग्रणी ब्रांड सोनालीका इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड (आईटीएल) ने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में 25 एकड़ में नया ग्लोबल रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है। कंपनी के मुताबिक, यह केंद्र भविष्य की कृषि जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तकनीक और किसान-केंद्रित नवाचार के लिए एक ग्लोबल एडवांस्ड इंजीनियरिंग हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

यह निर्णय लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और आईटीएल प्रबंधन के बीच हुई बैठक के बाद लिया गया। बैठक में कृषि क्षेत्र में नवाचार के अगले चरण, तकनीक आधारित निवेश और उत्तर प्रदेश में कंपनी की भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। आईटीएल के अनुसार, प्रस्तावित आरएंडडी सेंटर एक नई ग्रीनफील्ड सुविधा होगी, जहां इंजीनियरिंग विशेषज्ञता को किसानों के व्यावहारिक अनुभव और उनकी जरूरतों की समझ के साथ जोड़ा जाएगा।

क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई–5, अरेरा कालोनी, भोपाल

लोक सुनवाई के संबंध में आम सूचना

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के तहत सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है मेसर्स श्री अमित सिंह आत्मज श्री दिनकर प्रताप सिंह राजीव नगर स्टोन एण्ड एम–सेण्ड क्वारी माईनिंग ऑफ मिनरल्स 2.00 हेक्टेयर क्षमता (गिट्टी 4,000 M³/Yea & एम सेण्ड 2,000 M³/Yea) खसरा नं. 151, 152 ग्राम राजीव नगर तहसील हुजूर जिला भोपाल में प्रस्तावित स्टोन क्वारी की स्थापना हेतु पर्यावरण स्वीकृति संबंध में लोक सुनवाई हेतु आवेदन किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं कार्यपालक–सार का अवलोकन कार्यालय कलेक्टर भोपाल, कार्यालय जिला पंचायत भोपाल, ग्राम राजीव नगर, तहसील हुजूर जिला भोपाल, कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र भोपाल, कार्यालय जनपद जिला भोपाल, क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड़ कमांक–3, राजयोग भवन के पास, ई–5, अरेरा कालोनी भोपाल मुख्यालय/ क्षेत्रीय कार्यालय मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण परिसर, भोपाल में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है। उक्त परियोजना के कार्यपालक–सार की जानकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के बेवसाइट **www.mppcb-mp.gov.in** पर भी उपलब्ध है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव विचार, टीका टिप्पणी अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों **(Concerned Regulatory Authority) /** क्षेत्रीय अधिकारी, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण परिसर, ई–5, अरेरा कालोनी, भोपाल, के कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई दिनांक **17-09-2026** दिन गुरुवार को **12:00** बजे से परियोजना स्थल ग्राम नीलबड़ तहसील हुजूर जिला भोपाल में आयोजित की गई है, जिसमें भी सुझाव विचार, टीका टिप्पणी अथवा आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी
म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल

चिंतन

आजाद देश में अपशब्द कहने की आजादी नहीं



मुद्दा
दिनेश शर्मा 'दिनेश'

लोकतंत्र में सत्ता से सवाल पूछना और सरकार की नीतियों की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन राजनीतिक असहमति को व्यक्तिगत अपमान और अभद्र भाषा में बदल देना लोकतांत्रिक मर्यादा के लिए गंभीर चुनौती है। देश को ऐसी राजनीति की जरूरत है, जिसमें कटाक्ष की जगह मुद्दे हों, आरोपों की जगह तथ्य हों और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच संवैधानिक पदों की गरिमा कायम रहे। नेता बदलते रहेंगे, लेकिन लोकतांत्रिक मर्यादा और जनता का सम्मान स्थायी रहना चाहिए। ऐसे में आजाद देश में किसी को अपशब्द कहने की आजादी कतई नहीं हो सकती। ऐसे में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा भाजपा और आरएसएस पर मनुवादी सोच को बढ़ावा देने का आरोप लगाना कहां तक उचित है? लोकतंत्र में असहमति की जगह जितनी बड़ी है, सार्वजनिक जीवन में मर्यादा की जरूरत भी उतनी ही है। राजनीतिक बहस जब तर्क से हटकर व्यक्तिगत कटाक्ष और सार्वजनिक उपहास में बदल जाती है तो चोट केवल किसी व्यक्ति को नहीं लगती, लोकतांत्रिक संवाद की गुणवत्ता भी गिरती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की हल्द्वानी रैली के बाद मंच के 'शुद्धिकरण' का विवाद इसी व्यापक राजनीतिक गिरावट के बीच सामने आया है। यहां भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का यह कहना महत्वपूर्ण है कि ऐसी घटना दुखद है और भाजपा ऐसी गतिविधियों का समर्थन नहीं करती। यदि किसी स्तर पर भेदभावपूर्ण व्यवहार हुआ है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने पर कानून के मुताबिक कार्रवाई भी। लोकतंत्र में किसी गलत घटना का विरोध करते हुए भी शब्दों की मर्यादा कायम रखना जरूरी है। अन्यथा एक गलत व्यवहार दूसरे गलत व्यवहार के लिए बहाना बन जाता है और समाज लगातार टकराव की ओर बढ़ता जाता है। राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं। यह पद उन्हें सरकार से सवाल पूछने की असाधारण जिम्मेदारी देता है। उन्हें बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक न्याय, आर्थिक असमानता और संवैधानिक संस्थाओं जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरना चाहिए, लेकिन यदि हर राजनीतिक विवाद को व्यक्तिगत हमले और उत्तेजक भाषा में बदल दिया गया तो विपक्ष की गंभीरता स्वयं कमजोर होगी। जनता विपक्ष से केवल सरकार की आलोचना नहीं, बेहतर विकल्प की अपेक्षा करती है। सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी भी इससे कम नहीं है। विपक्ष की तीखी भाषा का जवाब उससे भी तीखे व्यक्तिगत हमले से देना स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा नहीं हो सकती। लोकतांत्रिक मर्यादा का पैमाना सत्ता और विपक्ष के लिए अलग-अलग नहीं हो सकता। आज राजनीति सोशल मीडिया के दौर में है, जहां एक उत्तेजक वाक्य कुछ मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच जाता है। इसलिए नेताओं के शब्दों की जिम्मेदारी पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। मीम और वायरल क्लिप तत्काल राजनीतिक लाभ दे सकते हैं, लेकिन वे बेरोजगारी नहीं मिटाते, महंगाई कम नहीं करते और सामाजिक विश्वास नहीं बनाते। आजाद देश में बोलने की आजादी लोकतंत्र की ताकत है, लेकिन अपशब्द बोलने की आजादी लोकतंत्र की पहचान नहीं हो सकती। असहमति को दबाया नहीं जाना चाहिए, मगर असहमति की भाषा भी ऐसी होनी चाहिए जो समाज को जोड़े। चुनाव आते-जाते रहेंगे, सरकारें बदलती रहेंगी और नेता भी बदलेंगे; स्थायी रहना है तो संविधान, संस्थाओं और नागरिक गरिमा का सम्मान। यही परिपक्व लोकतंत्र की कसौटी है। सत्ता सवालों से न डरे, विपक्ष तर्क से न भागे और दोनों भाषा की मर्यादा न भूलें।

आजादी के अमृतकाल में एआई और युवा

आज हम गर्व के साथ 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। आजादी के इस पावन त्योहार पर जहां हम अपने महान स्वतंत्रता सेनानियों के अमर बलिदानों को याद करते हैं, वहीं स्वतंत्र भारत के भविष्य को नई दिशा देने के लिए संकल्प लेते हैं। वर्तमान परिदृश्य में यह नया संकल्प तकनीकी स्वाधीनता, मानसिक संप्रभुता और आत्मनिर्भरता का होना आवश्यक जान पड़ता है। हम मानव सभ्यता और औद्योगिक इतिहास के एक ऐसे मुहाने पर खड़े हैं जहां तकनीक केवल हमारे जीवन को सुविधाजनक ही नहीं बना रही है, बल्कि हमारे सोचने, काम करने और जीने के बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से बदल रही है। इस अभूतपूर्व तकनीकी क्रांति के केंद्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई है। भारत वर्तमान में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है, जिसके लिए इस तकनीक से तालमेल बिठाना केवल एक आर्थिक जरूरत नहीं रह गया है, बल्कि इक्कीसवीं सदी में अपनी वैश्विक स्थिति को मजबूत करने की सबसे बड़ी अनिवार्यता बन गया है। भारत में एआई का प्रयोग अब केवल भविष्य की विज्ञान कथाओं का हिस्सा नहीं रहा, बल्कि यह हमारे वर्तमान का एक ठोस और जीवंत सच है। आज देश के सुदूर गांवों में एक आम किसान अपनी फसल की बीमारियों को पहचानने और मौसम का सटीक पूर्वानुमान लगाने के लिए एआई आधारित मोबाइल ऐप का इस्तेमाल कर रहा है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में, जहां ग्रामीण इलाकों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी हमेशा से एक बड़ी चुनौती रही है, वहां एआई की मदद से बीमारियों की शुरुआती पहचान, टेलीमेडिसिन और एक्स-रे विश्लेषण का काम तेजी से हो रहा है। इसके अलावा हमारी बैंकिंग व्यवस्था, ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा और यहां तक कि सरकारी कामकाज में भी एआई का बढ़ता प्रयोग नागरिकों के जीवन को सरल और पारदर्शी बना रहा है। देश का स्टार्टअप इकोसिस्टम आज एआई के नए प्रयोगों से भरा हुआ है। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत एआई को सिर्फ एक उपभोक्ता के रूप में नहीं अपना रहा है, बल्कि अपनी स्थानीय और जमीनी समस्याओं को सुलझाने के लिए इसके स्वदेशी मॉडल भी विकसित कर रहा है। लेकिन इस अभूतपूर्व तकनीकी विकास के साथ एक बड़ी और गंभीर बहस भी छिड़ गई है। अर्थशास्त्र की भाषा में भारत की इस विशाल युवा आबादी को जन सांख्यिकीय लाभांश कहा जाता है। इसका सीधा अर्थ यह है कि हमारे पास काम करने वाले ऊर्जावान युवाओं की एक ऐसी फौज है, जो देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है। मगर एआई से वास्तव में कई पारंपरिक नौकरियां सीधे तौर पर खतरे में आ गई हैं। डाटा एंट्री, सामान्य कोडिंग, ग्राहक सेवा, बुनियादी अनुवाद और लेखा-जोखा जैसे काम अब एआई बहुत तेजी से, बिना थके और अचूक सटीकता के साथ कर रहा है। भारत के लाखों युवा इन्हीं सेवा क्षेत्रों में अपना करियर बनाते हैं। आजकल नौकरियां तेजी से खत्म हो रही हैं और अगर हमने समय रहते अपने इस विशाल कार्यबल को नई तकनीक के अनुकूल नहीं ढाला तो हमारा यह जन सांख्यिकीय लाभांश बेरोजगारी के एक नए और विकराल संकट में बदल जाएगा। रोजगार के इस संभावित संकट से परे एआई का एक और बहुत



गहरा, अदृश्य और चिंताजनक प्रभाव मनुष्य की वास्तविक बुद्धिमत्ता और उसकी सोचने-समझने की प्राकृतिक क्षमता पर पड़ रहा है। आज जब हमारे हर छोटे-बड़े सवाल का जवाब, हर लंबे लेख का सारांश और हर जटिल समस्या का समाधान एक मशीन कुछ ही सेकंड में हमारे सामने परोस देती है तो इंसान के अपने मस्तिष्क का व्यायाम बहुत कम होने लगता है। मनोवैज्ञानिक और वैज्ञानिक जगत इस बात को लेकर बेहद चिंतित है कि मशीनों पर यह अत्यधिक और अंधी निर्भरता कहीं मनुष्य की स्मृति, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता और गहन चिंतन की स्वाभाविक प्रवृत्ति को कुंद न कर दे। वास्तविक मानवीय बुद्धिमत्ता केवल डाटा या जानकारी का संग्रह नहीं है। यह जीवन के अनुभव, मानवीय संवेदना, नैतिकता, संघर्ष और उस सहज बोध से बनती है जो ब्रह्मांड में केवल एक इंसान के पास ही हो सकता है। अगर हमने अपनी तर्कशक्ति, कल्पना और विश्लेषणात्मक क्षमता का प्रयोग बंद कर दिया तो हम तकनीकी रूप से एक बेहद उन्नत लेकिन बौद्धिक और भावनात्मक रूप से एक बेहद गरीब समाज बन जाएंगे। ऐसे में इन बहुआयामी चुनौतियों से निपटने के लिए हमारी शिक्षा प्रणाली में बड़े स्तर पर और तत्काल बदलाव करना आवश्यक है। क्योंकि आज के इस युग में जानकारी के मामले में कोई भी इंसान किसी सुपर कंप्यूटर का मुकाबला नहीं कर सकता। ऐसे में हमें अपने बच्चों को वह सिखाना होगा जो मशीनें कभी नहीं कर सकतीं। हमें अपनी स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच, जटिल समस्या समाधान और भावनात्मक बुद्धिमत्ता पर सबसे ज्यादा जोर देना होगा। इसके साथ ही, जो करोड़ों युवा पहले से ही नौकरी बाजार में हैं, उनके लिए कौशल के पुनर्विकास की अत्यंत आवश्यकता है। सरकार और निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र को मिलकर ऐसे निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने होंगे जहां कामगारों को नई तकनीक सिखाई जा सके। तकनीक और डिजिटल क्रांति का एक और बड़ा प्रभाव हमारे समाज में गिग इकॉनमी के रूप में आया है। आज लाखों युवा किसी स्थायी नौकरी के बजाय फ्रीलांसर, फूड डिलीवरी पार्टनर या ऐप-आधारित टैक्सी चालक के रूप में काम कर रहे हैं। एआई और डेटा एल्गोरिदम से चलने वाले इन प्लेटफॉर्म्स ने तुरंत रोजगार के अवसर तो जरूर पैदा किए हैं, लेकिन इन्होंने रोजगार की सुरक्षा की अवधारणा को खत्म कर दिया है। इन युवाओं के पास न तो भविष्य निधि है, न स्वास्थ्य बीमा और न ही काम के निश्चित घंटे। एक कंप्यूटर एल्गोरिदम उनके काम और कमाई को नियंत्रित करता है। एक कल्याणकारी लोकतांत्रिक राज्य के रूप में भारत सरकार के लिए यह परम आवश्यक है कि वह इन लाखों गिग श्रमिकों के लिए ठोस सामाजिक सुरक्षा कानून बनाए। अंततः हमें इस बात को गहराई से समझना होगा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारा कोई दुश्मन नहीं है, बल्कि मानव द्वारा निर्मित शक्तिशाली टूल है। स्वतंत्रता दिवस के इस राष्ट्रीय पर्व पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि जिस तरह हमारे पूर्वजों ने विदेशी दासता से मुक्ति पाई थी, उसी तरह हम भी अज्ञानता, तकनीकी पिछड़ेपन और मशीनी निर्भरता की बेड़ियों को तोड़ेंगे। यह तय मानिए कि एआई इंसानों की जगह नहीं लेगा, बल्कि वह कुशल इंसान आपकी जगह जरूर ले लेगा जो एआई का सही इस्तेमाल करना जानता है। दुनिया भर में एआई के विकास और नियंत्रण के लिए भारी मात्रा में कुशल मानव संसाधन की जरूरत है। अगर हम अपनी युवा शक्ति को सही दिशा, आधुनिक शिक्षा और प्रासंगिक कौशल प्रदान कर सकें तो भारत पूरी दुनिया के लिए सबसे बड़ा एआई टैलेंट हब बन सकता है। यह नई तकनीक से डरने का नहीं, बल्कि अपनी वास्तविक मानवीय बुद्धिमत्ता को बचाए रखते हुए तकनीक के स्वामी बनने का समय है।


(लेखक शिक्षक एवं स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सारा संसार



पुडुचेरी का मनकुला विनयगर मंदिर गणेश जी का 300 साल से भी ज्यादा पुराना मंदिर है, जो बंगाल की खाड़ी के पास स्थित है। मनकुला नाम का मतलब रेत का तालाब है। यह मंदिर अपनी स्वर्ण रथ यात्रा और हाथियों के आशीर्वाद के लिए काफी प्रसिद्ध माना जाता है। इस मंदिर में विराजमान गणपति जी को वरसिद्धि विनायक के नाम से जाना जाता है।


अहंकार को त्यागने और अनुशासन से मिलती है सफलता



संकलित
दर्शन

आज के समय में ज्योतिषी या अध्यात्मिक गुरु के पास आने वाले अधिकांश लोग किसी चमत्कार या शॉर्टकट की तलाश में होते हैं। वे चाहते हैं कि कोई रत्न पहन लेने से या कोई छोटा सा उपाय कर लेने से उनके जीवन के सारे कष्ट बिना किसी परिश्रम अथवा बिना किसी आत्म-परिवर्तन के दूर हो जाएं। अगर सूर्य से व्यक्ति को लाभ न मिल रहा हो तो ज्योतिष के साधारण नियम अनुसार, उसे बलवान करने के लिए माणिक्य रत्न पहनाया जाता है। यदि किसी की जन्मकुंडली में सूर्य कमजोर है और ज्योतिषी ने उसे मान-सम्मान वृद्धि के लिए अपने भीतर के अहंकार को त्यागने और अनुशासन लाने को कहा, तो शायद यह बात सामने वाले जातक को उतनी अच्छी न लगकर केवल उपदेशात्मक लगे। अनुभव में आया है कि जातक ने सूर्य का रत्न तो पहन लिया, लेकिन यदि जातक अपने अहंकार को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, तो केवल सूर्य का रत्न पहन कर भी उसे पूर्ण सफलता नहीं मिलती, ऐसे में वह सारा दोष रत्न, ज्योतिषी या गुरु को देगा, अपने व्यवहार को नहीं। एक सच्चा गुरु या ज्योतिषाचार्य इस मानवीय स्वभाव को भली-भांति जानता-समझता है। कबीरदास जी ने गुरु और शिष्य के इस संबंध को बहुत ही अच्छे ढंग से कहा है- गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट। अन्तर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट।। शास्त्रों में एक उदाहरण आता है, यदि वर्षा की बूंदें स्वाति नक्षत्र की भी हों, तब भी वे सीप में गिरकर ही मोती बनती हैं।

सच्चे प्रेम में आजादी, मोह में अधिकार की भावना



संकलित
प्रेरणा

किसी के साथ रहना अच्छा लगना प्रेम हो सकता है, लेकिन उसके बिना बेचैन हो जाना हमेशा प्रेम नहीं होता। कई बार रिश्तों में अपनापन और अधिकार की भावना इतनी घुल जाती है कि हमें पता ही नहीं चलता कि हम प्यार कर रहे हैं या सामने वाले से मोह करने लगे हैं। प्रेम में मन को विस्तार मिलता है, जबकि मोह धीरे-धीरे मन को बांधने लगता है। श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षाओं में भी आसक्ति, अपेक्षा और मन की स्थिरता को लेकर गहरी बातें कही गई हैं। सच्चा प्रेम किसी व्यक्ति को अपनी इच्छाओं के अनुसार बदलने की कोशिश नहीं करता। इसमें सामने वाले की पसंद, भावनाओं और स्वतंत्रता का सम्मान होता है। इसके विपरीत मोह में यह भावना मजबूत होने लगती है कि दूसरा व्यक्ति हमेशा हमारे मुताबिक व्यवहार करे। गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं- 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।' अर्थात मनुष्य का अधिकार कर्म करने पर है, उसके परिणाम पर नहीं। रिश्तों में भी इस सीख को समझा जा सकता है। प्रेम करें, अपना व्यवहार सच्चा रखें, लेकिन सामने वाला उसी तरह प्रतिक्रिया दे, इसकी जिद न करें। अगर किसी रिश्ते में सच्चा प्रेम है तो दूरी या व्यस्तता के बावजूद विश्वास बना रहता है। लेकिन, मोह बढ़ने पर व्यक्ति बार-बार यह सोच सकता है कि कहीं दूसरा उसे छोड़ न दे। फोन का जवाब देर से मिलना, कम बातचीत होना या अकेले समय बिताना भी बेचैनी पैदा करने लगता है।

स्वतंत्रता दिवस विशेष



डॉ. नरेश मिश्र

हिंदी: स्वतंत्रता की आवाज से राष्ट्र की अभिव्यक्ति तक

पंद्रह अगस्त केवल उस दिन की स्मृति नहीं है, जब भारत ने अंग्रेजी शासन की बेड़ियां तोड़ी थीं। यह उस आत्मसम्मान की याद भी है, जिसने एक गुलाम देश को स्वतंत्र राष्ट्र बनने का साहस दिया। लेकिन स्वतंत्रता के आठ दशकों बाद भी एक प्रश्न हमारे सामने खड़ा है-जिस हिंदी ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारत की आवाज बनकर देश को जोड़ा, वह आज भी 'राष्ट्रभाषा' क्यों नहीं कहलाती? हिंदी केवल एक भाषा नहीं, करोड़ों भारतीयों की संवेदना, संवाद और अभिव्यक्ति है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हिंदी ने भाषाई विविधताओं के बीच राष्ट्रीय चेतना का सेतु बनाया।

'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' और 'जय हिंद' जैसे उद्घोषों में देश की धड़कन सुनाई देती थी। महात्मा गांधी का स्पष्ट मत था—"राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है।" आज हिंदी का संसार और भी व्यापक हो चुका है।



साहित्य से सिनेमा तक, समाचार से सोशल मीडिया तक और बाजार से वैश्विक मंचों तक हिंदी अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा रही है। दुनिया भारत को जिस तेजी से जान रही है, उसी तेजी से हिंदी भी भारत की पहचान बनकर उभर रही है। फिर भी विडंबना देखिए—हम हर वर्ष हिंदी दिवस, हिंदी सप्ताह और हिंदी पखवाड़ा मनाते हैं, हिंदी के गौरव का बखान करते हैं, लेकिन हिंदी के राष्ट्रीय स्वरूप पर गंभीरता से विचार करने से बचते हैं। यह प्रश्न किसी अन्य भारतीय भाषा के विरोध का नहीं है।

भारत की शक्ति उसकी भाषाई विविधता में है। प्रश्न केवल इतना है कि इस विविधता के बीच वह भाषा, जिसने सदियों से जनमानस को जोड़ा और स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रीय चेतना को स्वर दिया, उसे उसके उचित सम्मान की दृष्टि से कब देखा जाएगा? तिरंगा हमारी आंखों में भारत का स्वाभिमान जगाता है, राष्ट्रगान हमारे हृदय में राष्ट्रभाव भरता है और हिंदी करोड़ों कंठों को अभिव्यक्ति देती है। इस स्वतंत्रता दिवस पर आइए, हिंदी को किसी भाषा के विरुद्ध नहीं, बल्कि भारतीय एकता, संस्कृति और राष्ट्रीय संवाद की सशक्त कड़ी के रूप में देखें। क्योंकि सवाल केवल यह नहीं कि हिंदी राष्ट्रभाषा क्यों नहीं है; सवाल यह भी है कि जिस भाषा में करोड़ों भारतीय अपने मन की बात कहते हैं, क्या हमने कभी उस आवाज को पूरे मन से सुना है? यही प्रश्न इस स्वतंत्रता दिवस पर हमारे मन में रहना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

तिरंगा यात्रा



दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की महिलाओं ने अपने मुख्यालय टोडापुर से 'तिरंगा यात्रा' निकाल

आज की पाती

आयकर के प्रति गंभीरता जरूरी

वर्ष 1860 को सर जेम्स विल्सन ने कर व्यवस्था को शुरू किया था। आयकर दिवस मनाने का मुख्य कारण करदाताओं का देश के विकास में जो महत्वपूर्ण योगदान है, उसके लिए इन्हें सम्मान देना और लोगों को आयकर के प्रति जागरूक करना भी है। जितने भी करदाता हैं, चाहे वो बिजनेसमैन हों, छोटे-बड़े उद्योगपति हों, दुकानदार या अन्य कोई भी, इन सभी का देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। सरकारें आमजन को जितनी भी मुफ्त की सुविधाएं देती हैं वो भी इन्हीं करदाताओं की बदौलत हैं। देश की आर्थिक व्यवस्था को सुधारने में टैक्स प्रणाली का बहुत बड़ा योगदान होता है। कर देने वालों का सम्मान जरूरी है, ताकि देश में विकास कार्य न रुकें।

– मोहन परुथी, अंबाला

ट्रेंड

जीरो टॉलरेंस



नशीले पदार्थों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति में एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए एनसीबी ने इ्रग तस्करी के सरगना व भगोड़े वीरेंद्र सिंह बसोया को यूएई से वापस लाने में सफलता हासिल की है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

राष्ट्रीय ध्वज



राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' सभी को जोड़ता है... आम नागरिकों से लेकर साधु-संतों और त्यागियों तक, यह सबको अपनी ओर आकर्षित करता है और उन लोगों के दिलों-दिमाग में राष्ट्रवाद और गर्व की भावना जगाता है जो हिंदुस्तान को अपने भीतर बसाए हुए हैं।

- स्मृति ज़ेड ईरानी, पूर्व कैबिनेट मंत्री

माइंस एंड मिनरल्स बिल



संसद ने बिना किसी बहस के 'माइंस एंड मिनरल्स बिल' पास कर दिया, लेकिन इसके संघीय ढांचे पर बुरे असर पड़ सकते हैं। यह बिल सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले को पलटता है, तटीय राज्यों को उनके जायज़ राजस्व से वंचित करता है और निश्चित रूप से इसे कोर्ट में चुनौती दी जाएगी।

- शशि थरूर, सांसद, कांग्रेस

मिलावट की समस्या




आज देश में मिलावट की समस्या प्रमुखता से सामने आ रही है। मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थ जन-स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है।

- कमलनाथ, पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

करंट अफेयर

उत्तर कोरिया ने की अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास की निंदा



सियोल। उत्तर कोरिया ने अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को युद्ध का पूर्वाभ्यास बताते हुए शुक्रवार को इसकी निंदा की और आत्मरक्षा के अपने अधिकार का इस्तेमाल करने की धमकी दी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाएं सोमवार से अपना वार्षिक व्यापक सैन्य अभ्यास शुरू करेंगी। दोनों देशों ने कहा है कि इस साल अभ्यास का दायरा पिछले वर्षों के समान होगा। दोनों सहयोगी देशों ने कहा है कि 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' अभ्यास का उद्देश्य उत्तर कोरिया के खतरों से निपटने की उनकी तैयारियों को मजबूत करना है। उन्होंने दोहराया कि यह अभ्यास रक्षात्मक प्रकृति का है। उत्तर कोरिया की चेतावनी से संकेत मिलता है कि वह आगामी दिनों में हथियारों के और परीक्षण कर सकता है। उसके पड़ोसी देशों ने पिछले सप्ताह उत्तर कोरिया के पूर्वी तट से दो बैलिस्टिक मिसाइलों के प्रक्षेपण की जानकारी दी थी। उत्तर कोरिया ने इन प्रक्षेपणों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन विशेषज्ञों का आकलन है कि इनका संभावित उद्देश्य अमेरिका-दक्षिण कोरिया सैन्य अभ्यास का विरोध करना या हथियार प्रणालियों को उन्नत करना था। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को सरकारी मीडिया में जारी एक बयान में अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को 'आक्रामक युद्ध का ऐसा पूर्वाभ्यास'' बताया जिससे 'क्षेत्र में अलग स्तर की अस्थिरता पैदा हो रही है।'

ऑफ बीट

दूसरे के गलत होने का अहसास भी करता है परेशान



वॉशिंगटन। टीके, जलवायु परिवर्तन या चुनाव जैसे मुद्दों पर मतभेद अक्सर इतने व्यक्तिगत क्यों महसूस होते हैं? एंड्रास मोलनार (मिशिगन विश्वविद्यालय) और जॉर्ज लोवेनस्टीन (कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय) का कहना है कि हमारे शोध से पता चलता है कि ऐसा केवल इसलिए नहीं होता कि दूसरे लोगों की मान्यताएं हमसे अलग होती हैं, बल्कि इसलिए होता है, क्योंकि हमें लगता है कि उनकी मान्यताएं गलत हैं। हम व्यवहार विज्ञान के शोधकर्ता हैं और राजनीति तथा रोजमर्रा की जिंदगी में मान्यताओं की भूमिका का अध्ययन करते हैं। हमारे नए शोध में पाया गया है कि लोग दूसरों की मान्यताओं से तब ज्यादा परेशान होते हैं, जब उन्हें लगता है कि वे मान्यताएं केवल उनसे अलग नहीं हैं, बल्कि गलत सूचनाओं पर आधारित हैं। उदाहरण के लिए, दो लोग आव्रजन के आदर्श स्तर को लेकर असहमत हो सकते हैं। लेकिन, अगर उनमें से एक का मानना है कि प्रवासी, अमेरिका में जन्मे लोगों की तुलना में अधिक अपराध करते हैं और दूसरा व्यक्ति आंकड़ों के आधार पर इसके विपरीत मानता है, तो उनकी असहमति वास्तविकता और सच्चाई को लेकर विवाद में बदल जाती है। यह अंतर महत्वपूर्ण है, क्योंकि ध्रुवीकरण पर होने वाली सार्वजनिक बहस अक्सर एक सामान्य विचार से शुरू होती है, लोग उन लोगों को पसंद करते हैं जो उनके जैसा सोचते हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।



जश्न-ए-आजादी के रंग में रंगा सारा देश, देशभर में भव्य 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया गया, ऐतिहासिक इमारतों पर शान से लहराया ध्वज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभर में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का माहौल देखने को मिल रहा है। दिल्ली, भोपाल, प्रयागराज, रायपुर और जम्मू-कश्मीर के विभिन्न इलाकों में विशाल तिरंगा यात्रा और बोट रैलियों का भव्य आयोजन किया गया। श्रीनगर की डल झील में शिकारे और एसडीआरएफ की नौकाओं पर तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें भारी बारिश के बावजूद लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा लद्दाख और कारगिल में सेना व स्कूली छात्रों ने तिरंगा फहराया और रिहर्सल में भाग लिया। ऐतिहासिक इमारतों को तिरंगे की रोशनी से सजाया गया है।

80वें स्वतंत्रता दिवस पर दिखा देशभर में देशभक्ति का जज्बा

देशभर में रैलियों की धूम

दिल्ली, प्रयागराज और जम्मू-कश्मीर में विशाल तिरंगा यात्रा और बोट रैलियों का आयोजन किया गया। डल झील में एसडीआरएफ की नौकाओं पर तिरंगा रैली निकाली



जम्मू में तिरंगा यात्रा

'हर घर तिरंगा' शुरू, प्रधानमंत्री का अभियान जनांदोलन बना

देश के अलग-अलग राज्यों में 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साल 2022 में शुरू हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान आज राष्ट्रप्रेम और जनभागीदारी का एक व्यापक जनआंदोलन बन चुका है। इस साल 9 से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है।

हृदय में राष्ट्रभक्ति की भावना का संदेशः योगी



लखनऊ। यहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभियान की शुरुआत की। वे लखनऊ से 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत 'तिरंगा यात्रा-युवाओं के साथ' का शुभारंभ किया। योगी 'काकोरी ट्रेन एक्शन' के शताब्दी समारोह में सहभाग कर हृदय में राष्ट्रभक्ति की भावना का संदेश दिया।

तिरंगा राष्ट्र की अस्मिता, एकता का प्रतीक



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि तिरंगा राष्ट्र की अस्मिता, एकता और गौरव का सर्वोच्च प्रतीक है। यह हृदय में देशभक्ति, कर्तव्य जगाता है।



जम्मू। जम्मू-कश्मीर के जम्मू में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 'तिरंगा यात्रा' रैली के दौरान पुलिसकर्मी और ज़िला प्रशासन।

खबर संक्षेप

गड्ढों का विरोध करने के लिए एस्ट्रोनॉट बने लोग

जयपुर। जयपुर में गोकुलपुरा में2 एस्ट्रोनॉट कोई और नहीं, बल्कि वहीं रहने वाले लोग थे, जिन्होंने



प्रदर्शन के लिए अनोखा रास्ता अपनाया था। वार्ड 46 और 47 के लोगों ने प्रताप सर्कल रोड पर विरोध प्रदर्शन किया। दो प्रदर्शनकारी एस्ट्रोनॉट की तरह कपड़े पहन कर आए थे और सड़क पर पानी से भरे गड्ढों में जाकर खड़े हो गए।

अदालत ने राहुल के खिलाफ समन रद्द किया

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वीर सावरकर पर की गई टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के



खिलाफ लखनऊ की अदालत में चल रही आपराधिक शिकायत और समन की कार्रवाई को 14 अगस्त को पूरी तरह रद्द कर दिया है। मामले में मुकदमा चलाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की जरूरी कानूनी मंजूरी नहीं ली गई थी।

पूर्व टीएमसी विधायक को पीटा, अंडे भी फेंके

कोलकाता। आरजी कर अस्पताल की दुष्कर्म-हत्या पीड़िता की कथित जल्दबाजी में अंत्येष्टि का मामला



गरमा गया है। गिरफ्तार पूर्व टीएमसी विधायक निर्मल घोष पर उत्तर 24 परगना जिले में भीड़ ने हमला कर दिया। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बावजूद लोगों ने उन्हें लात-घूंसों से पीटा। जूते, अंडे और कीचड़ भी फेंका।

रैना को राहत, टिप्पणी केस में एफआईआर रद्द

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना और 4 के खिलाफ सभी प्राथमिकी रद्द



कर दी। ये मामले उनके शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के एक एपिसोड में दिव्यांग व्यक्तियों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियों से जुड़े थे। कोर्ट ने कहा कि दिव्यांग के लिए धन जुटाने का पालन किया है।

प्रधानमंत्री ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रभावितों को किया याद

कई जिंदगियां तबाह कर दीं, परिवार उजड़े लोगों को अपनों को खोना पड़ा, पीड़ा झेली

लोगों ने जीवन पुनर्स्थापित किया, विपरीत हालातों को उपलब्धियों में बदला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर हम विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास का वह एक ऐसा क्षण था जिसने कई जिंदगियां तबाह कर दीं, लोगों के परिवार उजड़ गए, कई लोगों को अपनों को खोना पड़ा और लोगों ने अत्यधिक पीड़ा झेली। ऐसी स्थिति में भी लोगों ने शून्य से शुरू कर अपना जीवन पुनर्स्थापित किया, विपरीत परिस्थितियों को उपलब्धियों में बदला और राष्ट्र की प्रगति में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि इन लोगों का जीवन सभी को मानवीय जिजीविषा की शक्ति की याद दिलाता है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि यह दिन हमारे देश में सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने तथा विकसित भारत के निर्माण की दिशा में सामूहिक रूप से काम करने के हमारे संकल्प को और मजबूत करे।प्रधानमंत्री ने उस भयावह दौर से उबरकर देश की प्रगति में अमूल्य योगदान देने वाले सभी देशवासियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने सभी से सद्भावना और एकजुटता की राष्ट्रीय भावना को और सशक्त करने का आह्वान किया।

इतिहास के क्षणों को याद किया



स्वतंत्रता आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

सद्भाव और भाईचारे के संकल्प को बढ़ाएं

पीएम मोदी ने कहा, विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को हम याद करते हैं। इतिहास का वह क्षण कई जिंदगियों को तहस-नहस कर देने वाला था। इन पर विजय प्राप्त करते हुए विपत्ति को सफलता में परिवर्तित किया। राष्ट्र की प्रगति में अमूल्य योगदान दिया। उनकी जीवन यात्राएं हमें मानवीय जिजीविषा की शक्ति की याद दिलाती हैं। आशा है कि यह दिन हमारे देश में सद्भाव और भाईचारे को बनाए रखने के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगा और हम सब मिलकर एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम करेंगे।

परिश्रम, उद्यम और समर्पित प्रयासों से सब कुछ संभव होगा

प्रधानमंत्री ने एक सुभाषितम साझा करते हुए इस बात पर बल दिया कि परिश्रम, उद्यम और समर्पित प्रयासों से ही विविध कलाएं, विज्ञान, तकनीकी कौशल, शिल्प तथा नवाचार विकसित होते हैं और सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इसलिए, किसी को भाग्य के भरोसे नहीं बैठना चाहिए बल्कि साहस, कर्मठता और निरंतर प्रयास के साथ अपने लक्ष्यों की ओर दृढ़ता से रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी बोले




तब मोदी प्रधानमंत्री होते तो भारत को कोई नुकसान नहीं होता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि यदि भारत की आजादी के समय नरेंद्र मोदी, भारत के प्रधानमंत्री रहे होते तो कोई भी भारत को नुकसान नहीं पहुंचा सका होता था। योगी ने यह भी कहा कि यदि सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसा व्यक्ति उस समय प्रधानमंत्री होता तो कोई भी भारत को खंडित नहीं कर पाता। मुख्यमंत्री ने देश के विभाजन और उस समय हुए नरसंहार के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। विभाजन की विभीषिका पर लखनऊ में योगी ने कहा कि ये वही हैं जो देश के विभाजन और इसके बाद हुए नरसंहार के लिए वास्तव में जिम्मेदार हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा

बंटवारे का दंश इतिहास कभी नहीं भूल पाएगा



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 14 अगस्त, 1947 का दिन इतिहास के सबसे क्रूर अध्यायों में से एक का साक्षी है और देश के बंटवारे का यह दंश 'कांग्रेस की देन है' जिसे इतिहास कभी नहीं भूल नहीं पाएगा। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अमानवीय पीड़ा सहते हुए लाखों लोगों को अपना जीवन गंवाना पड़ा और करोड़ों लोगों को घर, संपत्ति और अपनों को छोड़कर विस्थापित होना पड़ा। इस विभीषिका में प्राण गंवाने वाले और संघर्ष करने वाले सभी लोगों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। मोदी सरकार 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के माध्यम से इस त्रासदी की स्मृतियों को युवा तक पहुंचा रही है।

देश के नाम राष्ट्रपति मुर्मू का संबोधन

'सिंधु जल संधि' निलंबन को राष्ट्रीय हित में सही कदम कहा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधित किया। उन्होंने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक विकसित देश बनने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। अपने भाषण में उन्होंने देश की तरक्की, संविधान, विदेश नीति, सरदार पटेल, सिंधु जल संधि और सरकार की कई योजनाओं के बारे में बात की। न्याय व्यवस्था से जुड़े हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि संसाधनों की कमी के कारण किसी को न्याय से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को पनाह देने वाले देश के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करना राष्ट्रीय हित में है।

हर भारतीय देश की तरक्की में योगदान दे

उन्होंने कहा कि हर भारतीय को अपने सपनों को पूरा करने के साथ देश सर्वश्रेष्ठ बनाने में भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए। देश की तरक्की में योगदान देना आजादी की असली कीमत है।

हमारा संविधान जनता की भागीदारी पर टिका

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने मुर्मू ने कहा कि हमारा संविधान जनता की भागीदारी पर आधारित है। देश के लोग इस भावना को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र की बड़ी ताकत बताया। राष्ट्रपति ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की भी बात की। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक हिंसा के कारण लाखों लोगों को अपना घर छोड़कर शरणार्थी बनना पड़ा। यह इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी थी।

देशहित में है भारत की विदेश नीति

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की विदेश नीति देश के हित को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। आर्थिक सहयोग बढ़ाने और दूसरे देशों के साथ रिश्ते मजबूत करने भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। ग्लोबल साउथ के देशों में भारत आगे बढ़कर काम कर रहा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने पर्यावरण को बचाने की भी बात कही।

78 वीरता पुरस्कारों का ऐलान, 13 को मरणोपरांत

राष्ट्रपति ने रक्षा बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को 78 वीरता पुरस्कार देने की मंजूरी दी है। इनमें 13 मरणोपरांत दिए जाने वाले पुरस्कार शामिल हैं। वीरता पुरस्कारों में सात मरणोपरांत सहित 9कीर्ति चक्र शामिल हैं। इसके अलावा 1 शौर्य चक्र बार, 1 मरणोपरांत सहित 19 शौर्य चक्र, 5सेना पदक बार (वीरता), 5 मरणोपरांत सहित 36 सेना पदक (वीरता), 3 नौसेना पदक (वीरता) और 5 वायु सेना पदक (वीरता) शामिल हैं।

झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में धांधली

सीबीआई जांच और परीक्षाएं रद्द कराने छात्रों का आमरण अनशन



एजेंसी ▶▶ रांची

रांची में जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित धांधली, अनियमितताओं और पेपर लीक के विरोध में छात्रों का आंदोलन 20 से जारी है। छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में धरना और आमरण अनशन चल रहा है।

'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान' में वसूली

झारखंड में 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के सत्यापन और लाभ दिलाने के नाम पर साहिबगंज और उधवा प्रखंड में 200 से 1000 रुपए तक की अवैध वसूली के मामले सामने आए हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर काफी नाराजगी है। सत्यापन और फॉर्म पास कराने को रुपए वसूले जा रहे हैं। पैसे न देने पर गरीब महिलाओं के आवेदन और सत्यापन कार्य को जान-बूझकर लंबित रखा जाता है।

एयर इंडिया सीईओ की दो टूक

गलत काम करोगे तो चालकों को भुगतने होंगे गंभीर परिणाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैंपबेल विल्सन ने गुरुवार को कर्मचारियों को ईमानदारी से काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जब कोई न देख रहा हो, तब भी सही काम करें। विल्सन ने कर्मचारी यात्रा विशेषाधिकारों के दुरुपयोग सहित कई मुद्दों पर प्रकाश डाला। उन्होंने गलत काम करने के गंभीर परिणामों की भी चेतावनी दी। विल्सन की यह टिप्पणी एक टाउनहॉल बैठक के दौरान आई। यह मुख्य रूप से



जनवरी 2022 में निजीकरण के बाद से विभिन्न उल्लंघनों के लिए करीब 1,000 लोगों की सेवा समाप्ति के संदर्भ में थी। लोग नियमों और विनियमों को खुद पर लागू नहीं मानते। गलत काम करने के अवसर कम होते जा रहे हैं। एयरलाइन ने निजीकरण के बाद से दुरुपयोग को रोकने और उससे निपटने के लिए प्रणाली और नियंत्रण लागू हैं।

चमोली हादसे पर आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री ने समीक्षा की

लापता 3 लोगों की तलाश जारी, बारिश से टनल में फिर रिसाव होने से हो रही परेशानी

अधिकारियों ने भी अपने स्तर की जांच शुरू की

एजेंसी ▶▶ चमोली

आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक ने शुक्रवार को राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में जनपद चमोली के



पीपलकोटी स्थित टीएचडीसी टनल में हुई घटना को लेकर संचालित राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने टनल में लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए चलाए जा रहे सअभियान, घायलों के उपचार तथा घटनास्थल पर संचालित अन्य राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

टनल के अंदर पहुंचे सीएम धामी

अस्पताल में घायलों से मिले मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने घटनास्थल पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने टनल के अंदर जाकर रेस्क्यू अभियान की प्रगति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए। शेष तीन लोगों की तलाश जारी है। 7 लोगों की मृत्यु की सूचना है। धामी ने घायलों का हाल जाना और जांच के आदेश दिए।

अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद बोले सुखबीर बादल

दो बार हो चुका है हमला

जितना मर्जी जोर लगा लो लेकिन हम पंजाब का माहौल खराब नहीं होने देंगे

एजेंसी ▶▶ नांदेड़

शिरोमणि अकाली दल (बादल) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। बादल पर गुरुवार को महाराष्ट्र के नांदेड़ में माता साहब गुरुद्वारे में हमला किया गया था और इसमें उनके हाथ में चोट आई थी। नांदेड़ में पत्रकारों से बातचीत में बादल ने कहा कि उन पर दो बार हमला किया जा चुका है और दोनों बार यह हमला पवित्र धार्मिक जगहों पर किया गया। बादल ने कहा कि कुछ लोग पंजाब का माहौल खराब करना चाहते हैं लेकिन अकाली दल का अध्यक्ष होने के नाते वह कतई ऐसा नहीं होने देंगे और उनके पिता प्रकाश सिंह बादल ने भी ऐसा ही किया था।

वाहेगुरु के आदेश पर किया हमलाः सिंह

अदालत ने 24 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेजा

सुखबीर बादल पर हमला करने वाले आरोपी निहंग सिख जसपाल सिंह को अदालत ने 24 अगस्त तक पुलिस हिरासत में



भेज दिया है। पुलिस अभी हमले की वजह पता नहीं कर सकी है। हमले को लेकर उसने पुलिस को बताया कि उसे (देव आदेश) वाहेगुरु से आदेश मिला था। बादल पर हमला महाराष्ट्र के नांदेड़ में मुगत स्थित गुरुद्वारा माता साहिब देवन जी में हुई, जब बादल गुरुद्वारे की सीढ़ियों से नीचे उतर रहे थे। जसपाल वहां 3 अन्य लोगों के साथ खड़ा था, इसी बीच उन्हें देखते ही कृपाण से उनपर हमला कर दिया, जिससे सुखबीर के हाथ में चोट लग गई।

स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व वीरता और सेवा पदक का ऐलान

पैरामिलिट्री फोर्स में सर्वाधिक सीआरपीएफ को मिले 86 पदक

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वीरता और सेवा पदक का ऐलान करते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (पैरामिलिट्री फोर्स) में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स को सबसे ज्यादा (86) पदक मिले हैं। अधिसूचना के अनुसार देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल को 24 वीरता पदक, विशिष्ट सेवा के लिए 5 राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा के लिए 57 पद मिले हैं।



दिनकरन ने अर्धसैनिक बल में लंबी सेवा दी

एस. दिनकरन पहले एसपीजी में रह चुके हैं। वर्तमान में वह चेन्नई के अवादी में सीआरपीएफ रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर चीफ हैं। दिनकरन ने पिछले तीन दशकों से अधिक समय तक अर्धसैनिक बल में सेवा की है। इसमें उन्होंने नक्सल विरोध ऑपरेशन के दौरान यूनिट्स की कमान संभाली है। सीआरपीएफ के इंटेलिजेंस और वीआईपी सुरक्षा विंग को लीड किया है। डीआईजी को उनकी लंबी और विशिष्ट सेवा, ईमानदारी के लिए दिया है।

सीएपीएफ को मिले 20 पदक

लगभग 3 लाख 25 हजार कर्मियों वाली सीआरपीएफ देश की मुख्य आंतरिक सुरक्षा बल है। इसकी यूनिट्स मुख्य रूप से तीन क्षेत्रों में तैनात है। इनमें नक्सल विरोधी ऑपरेशन, जम्मू कश्मीर में आतंकवाद रोधी कार्य और पूर्वोत्तर राज्यों में उग्रवाद विरोधी ड्यूटी शामिल है। बीएसफ यानी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स को 1, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) को 20 पदक से सम्मानित किया गया है।

11 अधिकारी भी होंगे सम्मानित

केरल पुलिस, अग्निशमन और बचाव सेवा, तथा कारागार एवं सुधार सेवाओं के 11 अधिकारियों को विभिन्न पुलिस और अग्निशमन सेवा पदकों के लिए चुना गया है। सहायक स्टेशन अधिकारी राजेंद्रन नायर और सेबेस्टियन जोसेफ एन. को भी सराहनीय सेवा पदक के लिए चुना गया है।

11 अगस्त को बलूचिस्तान में किए गए नरसंहार के लिए एफ-16 विमानों के इस्तेमाल पर अमेरिका से दखल देने की मांग

भारत को कश्मीर में मानवाधिकारों का पाठ पढ़ाने वाले पाकिस्तान को बलूचों ने दिखा दिया आईना

नई दिल्ली पहले ही मामले पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से दखल देने और पाक की जवाबदेही तय करने की बात कह चुका है

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कश्मीर को लेकर अक्सर भारत को मानवाधिकारों का पालन करने की नसीहत देने वाले पाकिस्तान को बलूचिस्तान के लोगों ने आईना दिखा दिया है। मामला बीते 11 अगस्त यानी बलूचिस्तान द्वारा घोषित किए गए आजादी के दिन से जुड़ा हुआ है। जिसमें पाकिस्तान ने अमेरिका की तरफ से दिए गए एफ-16 लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कर वहां कई हवाई हमलों को अंजाम दिया। नतीजा बड़ी तादाद (30) में महिलाओं और मासूम बच्चों की मौत के रूप में सामने आया है। बलूच नेताओं ने पाकिस्तान की इस नापाक कारगुजारी को लेकर अमेरिका की भूमिका पर भी गंभीर सवालिया निशान लगाया है। साथ ही यह मांग भी की है कि वो पाकिस्तान को दी


एआई इमेज

जाने वाली हर प्रकार की सैन्य मदद पर तत्काल आधार पर रोक लगाए। जिसमें एफ-16 विमानों के अपग्रेड, रखरखाव और कलपुर्जों की सप्लाई का मामला शामिल है। वहीं, ये भी स्पष्ट कर दें कि यह पहला मामला नहीं है, जब पाकिस्तान ने इस तरह से एफ-16 विमानों का उपयोग किया हो। पूर्व में उसके द्वारा पीओके के खैबर-पख्तूनख्वा इलाके में इन विमानों द्वारा बड़ी तबाही मचाई जा चुकी है।

जनता की आवाज को सैन्य बल से दबाना बंद करे पाक

उधर, बलूचिस्तान में जारी पाकिस्तानी हिंसा और मानवाधिकारों के उल्लंघन के मसले पर भारत पहले ही अपने पड़ोसी दुश्मन देश को यह हिदायत दे चुका है कि उसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से लेकर अपने कब्जे वाले अन्य इलाकों में आम जनता की आवाज को सैन्य बल के दम पर दबाने का कथित प्रयास बंद करना चाहिए। पीओके में हुई हिंसा में अब तक कुल करीब 90 लोग मारे जा चुके हैं। ऐसे में अब वैश्विक समुदाय की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह पाकिस्तान को मानवाधिकार उल्लंघन, सैन्य हिंसा और मासूम लोगों के कत्लेआम के लिए जिम्मेदार ठहराना चाहिए।

पाकिस्तान के पास एफ-16 की 5 स्क्वाड्रन, कुल 85 में 66 पुराने विमान

बता दें, पाकिस्तान के पास एफ-16 लड़ाकू विमानों की कुल संख्या करीब 85 है। इस लिहाज से देखें तो इसकी 5 स्क्वाड्रन बनती हैं। जिनमें से एक में विमानों की संख्या 16 से 18 है। 85 में से 66 विमान पुराने ब्लॉक-15 वाले हैं। जबकि 19 का संबंध नए ब्लॉक यानी 52 वेरिएंट के हैं। कुछ एफ-16 विमान अलग-अलग संघर्षों में नष्ट हो चुके हैं। इसके बाद अभी फिलहाल पाकिस्तान के हवाई बेड़े में इन विमानों की अनुमानित संख्या 70 के लगभग ही बची हुई है।

11 अगस्त को पाक से अलग होकर आजादी का ऐलान

बलोच नेता मीर बलोन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में 11 अगस्त को ही पाकिस्तान से स्वतंत्र होने की घोषणा कर दी थी। जिसके पीछे उन्होंने पाकिस्तान द्वारा उनके इलाके में की जा रही हिंसा, अपहरण और मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन को मुख्य वजह बताया है। भारत समेत विश्व के बाकी देशों से मामले पर समर्थन करने की अपील भी बलूच नेता द्वारा की गई है।


दुनिया आगे आए, पाक को जिम्मेदार ठहराए

बलूच नेता मीर यार बलोच ने इस मुद्दे पर बनी हुई अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चुप्पी पर सवालिया निशान लगाए हैं। साथ ही उन्होंने दुनिया के अन्य दूसरे देशों से पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराने की भी मांग की है। बलोच का यह भी कहना है कि पाकिस्तान को युद्ध अपराध का दोषी ठहराया जाना चाहिए।

खबर संक्षेप

भूस्खलन की चपेट में आने से बची बस

शिमला। हिमाचल प्रदेश में बिलासपुर और सोलन जिले की सीमा के पास भराड़ीघाट-नलाग



मार्ग पर देर रात अचानक पहाड़ी का एक हिस्सा टूटकर सड़क पर आ गिरा। इसी दौरान वहां से गुजर रही हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस बड़े हादसे की जद में आने से बच गई। बस चालक ने खतरे को भांपते हुए वाहन पीछे कर लिया, जिससे यात्रियों की जान बच गई। रात में अचानक पहाड़ी से पत्थरों के गिरने की आवाज आई। उस वक्त एचआरटीसी बस उसी रास्ते से गुजर रही थी।

जेली फिश के हमले से 3 परमाणु रिएक्टर बंद किए

पेरिस। जेलीफिश के एक झुंड ने फ्रांस के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र में घुसकर उपकरणों पर



हमला कर इसे जाम कर दिया। इसके चलते ग्रेवलिन्स पावर स्टेशन के तीन परमाणु रिएक्टरों को मजबूरन बंद करना पड़ा। यह संयंत्र अपने रिएक्टरों को ठंडा करने के लिए समुद्री जल का उपयोग करता है। जेलीफिश समुद्री जल सेवन प्रणाली में घुस गईं और उपकरणों को जाम कर दिया। यह बंद करना एक सुरक्षा उपाय था। फ्रांसीसी ऊर्जा समूह इलेक्ट्रिसिटे डी फ्रांस (ईडीएफ) ने यह बताया।

इटली की पीएम को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय की नसीहत

विदेशी नेताओं से जुड़ी टिप्पणी को हमेशा 'सम्मान' के दायरे में रखा जाना चाहिए


रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

दुनिया में कहीं भी भारतीयों के साथ होने वाली घटना पर दूतावास हरसंभव मदद के लिए मौजूद

एफसीआरए विधेयक को जेपीसी को भेजे जाने के मामले में खारिज किया अमेरिकी हस्तक्षेप का आरोप

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हाल ही में इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को लेकर की गई टिप्पणी के मामले पर शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने बेहद सधे हुए अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया दी है। यहां राजधानी में शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में इस मामले पर पूछे गए एक सवाल के उत्तर में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत और इटली दो करीबी मित्र राष्ट्र हैं। जिनके बीच बहुत गहरे और मजबूत संबंध हैं। हम इन मजबूत संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के इच्छुक हैं। जहां तक विदेशी नेताओं से जुड़ी हुई टिप्पणियों का मसला है। तो उसमें मैं यही कहना चाहूंगा कि इस प्रकार की किसी भी टिप्पणी को हमेशा सम्मान यानी आदरपूर्ण दायरे में ही रखा जाना चाहिए। वहीं, इस ब्रीफिंग में रणधीर ने कई अन्य प्रश्नों के भी जवाब दिए हैं।

एफसीआरए भारत का आंतरिक मामला

रणधीर ने एफसीआरए विधेयक को संसद की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को सौंपे जाने को लेकर अमेरिकी दखल से जुड़े एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि यह विधेयक देश की आंतरिक विधायी प्रक्रिया का हिस्सा है। जिसे लेकर देश की संसद को निर्णय लेने का अधिकार है। किसी विधेयक पर चर्चा या विचार कर उसे संसदीय समिति के पास भेजने का फैसला करने का अधिकार सिर्फ और सिर्फ संसद के पास ही है। जो भारत की विधायी प्रक्रिया को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। यहां बता दें कि लोकसभा ने 12 अगस्त को एफसीआरए विधेयक को जेपीसी के पास भेजा है। इसके लिए दोनों सदनों की कुल 31 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। रिपोर्ट संभवतः संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में पेश की जा सकती है।

जर्मनी में मारा गया कुरुक्षेत्र का युवा

उन्होंने जर्मनी में मारे गए कुरुक्षेत्र के एक बच्चे के मामले को लेकर किसी प्रकार की जानकारी होने से इंकार कर दिया। लेकिन यह बताया कि दुनिया में भारतीयों के साथ होने वाली किसी भी घटना को लेकर सबसे पहले प्रतिक्रिया हमारा दूतावास देता है। वह देश के लोगों के कल्याण और मदद के लिए हमेशा मौजूद रहता है। जिसमें प्रयास हर संभव मदद पहुंचाने का ही होता है। रूस के साथ भारत के बहुआयामी संबंध हैं। जिसमें कनेक्टिविटी का मुद्दा शामिल है।

राहुल ने उठाए विदेश नीति पर सवाल

बता दें, कांग्रेस नेता ने पार्टी के एक कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा था कि ऐसा लगता है कि मोदी सरकार की विदेश नीति केवल दुनिया के बाकी देशों के नेताओं को गले लगाने तक ही सीमित रह गई है। इटली की प्रधानमंत्री की ओर इशारा करते हुए राहुल ने अपने इस बयान को कांग्रेस के एक अन्य नेता व पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को गले लगाते हुए प्रदर्शित की थी। राहुल ने यह भी कहा कि सोचिए कितनी अज्ञानता है। उन्हें यह विचार कहां से आया कि विदेश नीति का मतलब नेताओं को गले लगाना है?

भारत नियमित रूप से बांग्लादेश को डीजल सप्लाई कर रहा

ब्रीफिंग में बांग्लादेश में बढ़ते बिजली संकट के बीच उसके द्वारा भारत से लगाई गई मदद की गुहार को लेकर मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में पड़ोसी देश के साथ हमारी एक स्थापित व्यवस्था के साथ कार्रवाई की जाती है। जिसमें डीजल की सप्लाई करने का मुद्दा भी शामिल है। नई दिल्ली नियमित रूप से बांग्लादेश को डीजल की सप्लाई कर रहा है। जहां तक अतिरिक्त सप्लाई करने की बात है तो उसे लेकर भारत डीजल की उपलब्धता, घरेलू जरूरतों की पूर्ति के साथ-साथ अपनी डीजल रिफाइनिंग क्षमता को ध्यान में रखते हुए निर्णय ले रहा है। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान को भारत ने नई दिल्ली की द्विपक्षीय यात्रा और ब्रिक्स के आउटरीच सत्र में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। इसे लेकर जो भी प्रगति होगी, उसे मीडिया के साथ साझा किया जाएगा।

चीन को टैरिफ से बचाने में नहीं की मदद

चीन को टैरिफ से बचाने में भारत पर मदद करने का आरोप लगाने वाली एक अमेरिकी रिपोर्ट को लेकर रणधीर ने कहा कि आज सुबह ही मंत्रालय ने भी ऐसी एक रिपोर्ट देखी है। अभी फिलहाल हम उसका अध्ययन कर रहे हैं, उसमें लिखी गई बातों को समझने का प्रयास कर रहे हैं। रिपोर्ट में प्रयोग की गई कार्यप्रणाली का मुद्दा है। उस पर भारत की निगाह है। लेकिन मैं यहां ये स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हमारे देश में भी अपनी खुद की आर्थिक व्यवस्था मौजूद है। फिर चाहे कस्टम का मामला हो, नियम प्रक्रियाओं का मसला हो या निर्यात की बात हो। पूरी व्यवस्था काफी मजबूत है। ऐसे में किसी भी प्रकार का उल्लंघन होने की स्थिति में हम संबंधित मामले से अपने कानूनों के मुताबिक निपटेंगे। कोलंबिया में आए भूकंप को लेकर भारत ने 20 मीट्रिक टन राहत सामग्री की खेप भेजी है। आगे की मदद के लिए बातचीत जारी है।

जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग

नार्वे के विदेश मंत्री द्वारा पाकिस्तान में जम्मू-कश्मीर को लेकर दिए गए एक हालिया बयान को लेकर उन्होंने कहा कि लद्दाख समेत समूचा जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान के अवैध कब्जों वाले इलाकों में जारी हिंसा, स्थानीय जनता की निर्मम हत्याओं और मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिंधु जल समझौता स्थगित है। इसे लेकर भारत के रुख में कोई परिवर्तन नहीं आया है।

गृह मंत्री बोले- ड्रग्स तस्कर बच नहीं सकते

ऑपरेशन भगोड़ा के तहत यूएई से पकड़ा गया वीरेंदर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


दिल्ली एयरपोर्ट पर पुलिस की गिरफ्त में वीरेंदर बसोया

विदेशों में छिपकर भारत के खिलाफ अपराध करने पर सरकार का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। इसी कड़ी में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को एक बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से फरार ड्रग तस्कर वीरेंदर सिंह बसोया को एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर 4310 से भारत वापस लाया गया है। एनसीबी ने वीरेंदर के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस था।

बसोया पुणे के 6 हजार करोड़ रुपए केस का आरोपी है। वह दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल द्वारा पकड़ी गई करीब 13 हजार करोड़ रुपए की ड्रग्स के मामले में भी वह वांटेड है। भारत सरकार की पहल पर डिपोर्ट किया गया। दिल्ली पुलिस के ड्रग्स के 13000 केस के मामले में मुख्य आरोपी संदीप धुनिय का वीरेंदर बसोया करीबी है।

बेटा ऋषभ भी एजेंसियों के रडार पर

इस केस में उसका बेटा ऋषभ बसोया भी जांच एजेंसियों के रडार पर है। ऋषभ के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया जा चुका है और उसके विदेश में छिपे होने की जानकारी है। बसोया की गिरफ्तारी के बाद अब एजेंसियों का पूरा ध्यान ऋषभ बसोया की तलाश और उसकी भारत वापसी पर केंद्रित है। सरकार के मुताबिक पिछले 3 साल में 401 भगोड़े अपराधियों के खिलाफ इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराए गए। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपराधियों की आवाजाही सीमित होती है।

'जीरो टॉलरेंस' का एक बड़ा उदाहरण



बसोया की गिरफ्तारी पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार विदेशों में छिपे नशा तस्करों को लगातार ढूंढ रही है और उनके पूरे नेटवर्क को सख्ती से खत्म कर रही है। बसोया को वापस लाना नशीली दवाओं के खिलाफ सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का एक बड़ा उदाहरण है। नशीले पदार्थों के तस्कर चाहें दुनिया के किसी भी कोने में छुप जाएं, वे भारतीय कानून की पहुंच से बच नहीं सकते।

'ग्रीष्मकालीन वार्षिकोत्सव-2026' का उद्घाटन



16 अगस्त से 15 सितंबर तक खुला रहेगा अमृत उद्यान

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अमृत उद्यान के ग्रीष्मकालीन वार्षिकोत्सव-2026 का उद्घाटन किया। अमृत उद्यान का ग्रीष्मकालीन वार्षिकोत्सव 16 अगस्त से 15 सितंबर, 2026 तक लोगों के लिए खुलेगा। इस अवधि के दौरान, उद्यान सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक खुला रहेगा और इसमें शाम 5:00 बजे तक प्रवेश करने की अनुमति होगी। वहीं, रखरखाव के लिए उद्यान प्रत्येक सोमवार को बंद रहेगा।

एनएसए अजीत डोभाल का विश्व को कड़ा संदेश

भारत की उदारता और सहनशीलता को उसकी कमजोरी नहीं समझें

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने पाकिस्तान सहित पूरी दुनिया को



साफ शब्दों में यह संदेश दे दिया है कि हमारे देश की उदारता और सहनशीलता को किसी भी नजरिए से उसकी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। भारत न केवल जोखिम उठाने बल्कि उसके साथ ही नतीजों की परवाह किए बिना दुश्मन पर अचूक वार करने में पूरी तरह से सक्षम है।

यह जानकारी एनएसए ने डिस्कवरी की आगामी डॉक्यूमेंट्री सीरीज को लेकर दिए गए अपने पहले साक्षात्कार में दी है। डोभाल ने कहा कि कुल 88 घंटे तक चले ऑपरेशन सिंदूर का असल मकसद सिर्फ और सिर्फ सीमा पार मौजूद आतंकवादियों के ठिकानों को तहस-नहस करना था। डिस्कवरी ने बताया कि इस डॉक्यूमेंट्री सीरीज को दो भागों में तैयार किया गया है। जिसका प्रीमियर 15 अगस्त रात 9 बजे डिस्कवरी और स्ट्रीमिंग सेवा डिस्कवरी+ पर किया जाएगा।

चार राज्यों में पोंजी स्कीम का जाल

2110 करोड़ रुपए जुटाने वाला ठग अरेस्ट, 12 दिन ईडी कस्टडी में रहेगा

एजेंसी ⏭ मैंगलोर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मैंगलोर सब-जोनल ऑफिस ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत कई राज्यों में फैले करोड़ों रुपए के पोंजी-स्टाइल स्कीम मामले में शिवानंद सिद्दप्पा नीलान्नवर को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं। आरोपियों ने चार राज्यों में पोंजी स्कीम का जाल फैला रखा था। निवेशकों से झूठ बोलकर 2110.97 करोड़ रुपए जुटाए गए। चार राज्यों में डिजिटल मैपिंग सिस्टम पोंजी स्कीम को आगे बढ़ाया गया।

पैसे निवेश करने के लिए उकसाया

ईडी ने बेलागावी शहर के मालमरुथी पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि लोगों को बहुत ज़्यादा और पक्के रिटर्न का वादा करके पैसे निवेश करने के लिए उकसाया गया था। जांच में पता चला है कि शिवम एसोसिएट्स एक बहुत ही व्यवस्थित, कई राज्यों में फैली पोंजी स्कीम चला रही थी, जो मुख्य रूप से इसके ज़्यादा हिस्सेदारी वाले पार्टनर शिवानंद सिद्दप्पा नीलान्नवर के कंट्रोल में थी।

रेफरल के लिए 0.5% प्रतिशत कमीशन

पार्टनरशिप फर्म ने 3 प्रतिशत के मासिक रिटर्न का झूठा वादा करके निवेशकों से 2,110.97 करोड़ रुपए की भारी रकम गैर-कानूनी तरीके से जुटाई थी। कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा और छत्तीसगढ़ में एक डिजिटल मैपिंग सिस्टम और बड़े रेफरल नेटवर्क का इस्तेमाल किया गया था। 0.5% प्रतिशत के रूप में कमीशन पेश किया।

अडाणी डिफेंस सिस्टम्स और बीईएमएल के साथ एचएएल ने किए समझौते पर हस्ताक्षर

देश में बनेगा हल्के युद्धक हेलिकॉप्टर 'प्रचंड' का मुख्य ढांचा, निजी क्षेत्र की होगी भागीदारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अब वो दिन दूर नहीं जब स्वदेशी हल्के युद्धक हेलिकॉप्टर, 'प्रचंड' का मुख्य ढांचा यानी धड़ को देश के अंदर बनाया जाएगा। जिसमें पहली बार निजी क्षेत्र को शामिल किया गया है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने इस दिशा में आगे बढ़ते हुए भारतीय उद्योग जगत के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की है।

जिसके तहत अडाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (एडीएसटीएल) और भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) के साथ समझौते किए गए हैं। एचएएल ने शुक्रवार को एक बयान के जरिए यह जानकारी देते हुए बताया कि इन समझौतों की मदद से एलसीएच के धड़ का निर्माण किया जाएगा। जिससे देश में हेलिकॉप्टर उत्पादन तंत्र को मजबूती मिलेगी।


एचएएल के साथ एमओयू करते एडीएसटीएल और बीईएमएल के प्रतिनिधि

तैयार किए जाएंगे 90 ढांचे

समझौतों के मुताबिक, अडाणी डिफेंस हेलिकॉप्टरों के 42 धड़ का निर्माण करेगा। जबकि बीईएमएल 48 को बनाएगा। समझौतों को लेकर की गई औपचारिक हस्ताक्षर प्रक्रिया में एचएएल के हेलिकॉप्टर डिवीजन के महाप्रबंधक तुषार रंजन बेहेरा शामिल हुए। वहीं, दूसरी ओर बीईएमएल की तरफ से इसमें उनके एयरोस्पेस और मैरीटाइम के कार्यकारी निदेशक कमोडोर (सेवानिवृत्त) आर.जी.के राव ने भाग लिया। अडाणी डिफेंस की तरफ से उपाध्यक्ष प्रसन्न कार्तिक मौजूद रहे। इन सभी के अलावा तीनों पक्षों से वरिष्ठ अधिकारियों की भी उक्त हस्ताक्षर प्रक्रिया के दौरान उपस्थिति रही।

एयरोस्पेस इकोसिस्टम की बढ़ेगी ताकत

एचएएल के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) रवि.के ने समझौतों को लेकर कहा कि यह साझेदारी भारत के एयरोस्पेस इकोसिस्टम को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहला ऐसा मौका है जब हेलिकॉप्टर के मुख्य भाग का निर्माण करने के लिए निजी उद्योग को उत्पादन का हिस्सा बनाया जा रहा है। जिससे घरेलू आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी, उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और देश के अंदर एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

एचएएल ने बढ़ाई उत्पादन क्षमता

एचएएल ने सशस्त्र सेनाओं के लिए दिए गए 156 प्रचंड हेलिकॉप्टरों के ऑर्डर को लेकर अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ा दी है। जिसमें रक्षा क्षेत्र के इस पीएसयू की कर्नाटक के तुमकुरु में अपनी नई विनिर्माण सुविधा की अहम भूमिका होगी। उत्पादन पहले ही शुरू हो चुका है। दो अतिरिक्त उत्पादन लाइनों की मदद से एलसीएच की विनिर्माण क्षमता बढ़ेगी और सेनाओं को हेलिकॉप्टरों की समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। औद्योगिक आधार का विस्तार होने से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों, कॉम्पोनेंट निर्माताओं, एयरोस्पेस आपूर्तिकर्ताओं को भी लाभ मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

भारतीय सेना के खिलाड़ियों से मिले राजनाथ

कहा- युद्ध से खेल के मैदान तक अजेय है इंडियन आर्मी


खिलाड़ियों के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

ग्लासगो की धरती पर भारतीय सेना के 20 खिलाड़ियों ने पांच अलग-अलग खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इन खिलाड़ियों ने 8 गोल्ड, 7 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज सहित कुल 16 पदक जीतकर भारत के कुल पदकों में 41% और कुल स्वर्ण पदकों में 62% का योगदान दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के इन खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से बातचीत की और उनके प्रदर्शन, अनुभवों तथा खेलों के प्रति समर्पण की सराहना की।

विभाजन की पीड़ा से स्वतंत्रता के संघर्ष तक, प्रवासी सेनानियों की गाथा अब डिजिटल वीथि में


'प्रवासी सेनानी वीथि' का लोकार्पण करते सीएम।

प्रवासी भारतीयों का योगदान पहुंचाया नई पीढ़ी तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत विभाजन की विभीषिका की स्मृतियों को संजोते हुए स्वतंत्रता संग्राम में प्रवासी भारतीयों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा शौर्य स्मारक परिसर में नवनिर्मित 'प्रवासी सेनानी वीथि' का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शौर्य स्मारक में किया 'प्रवासी सेनानी वीथि' का लोकार्पण


देश की आजादी के संघर्ष में प्रवासी भारतीयों के योगदान को समर्पित प्रवासी सेनानी वीथी का अवलोकन करते सीएम डॉ. यादव।


प्रवासी सेनानी वीथी का अवलोकन करते सीएम डॉ. यादव।

विभाजन के दौरान लाखों लोगों की झेली गई पीड़ा को दर्शाते चित्र

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विभाजन के दौरान लाखों लोगों द्वारा झेली गई पीड़ा, विस्थापन और आघात को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया। परिसर में भारत विभाजन विभीषिका और वंदे मातरम पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनियां लगाई गईं, जिनमें करीब 70 चित्रों के माध्यम से इतिहास के उस दौर की मार्मिक स्मृतियों को सामने रखा गया।


चित्र प्रदर्शनी देखते सीएम।



बीएसएसएस में धूमधाम से मनाया 'आगमन 26' फ्रेशर्स डे

रेचल सिंह बनी मिस फ्रेशर तो नीलमणि बने मिस्टर फ्रेशर

स्टूडेंट्स ने पेश किए एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

किसी ने डांस प्रस्तुति से तो किसी ने म्यूजिक और मिमिक्री से जीता दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

द भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज (बीएसएस) में शुक्रवार को फ्रेशर्स डे 'आगमन- 26' का आयोजन किया गया। रेट्रो थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. फादर जॉन पीजे के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ। इसके बाद स्टूडेंट्स ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की ऐसी लड़ी लगाई कि सभागार तालियों की गूंज से गूंजता रहा। जिसमें किसी ने डांस परफार्मेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया तो किसी ने म्यूजिक और मिमिक्री से दर्शकों का दिल जीता। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस्टर और मिस फ्रेशर रहा जिसमें बेस्ट अटायर, फेस इन द क्राउड और अर्ली बर्ड जैसे खिताबों के लिए भी प्रतियोगिताएं हुईं। इस प्रतियोगिता में मिस फ्रेशर का खिताब रेचल सिंह को मिला, जबकि मिस्टर फेशर नीलामणि पाटिल रहे।


मिस्टर और मिस फ्रेशर का खिताब पाने के बाद विद्यार्थी।





इन्होंने निभाई निर्णायक की भूमिका

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका नंदिता नायर, ताजवर खान और पंकज रावत ने निभाई। जिसमें विशेष अतिथि के रूप में मिस भोपाल 2026 डॉली भाद्रे की उपस्थिति ने पूरे माहौल में चार चांद लगा दिए।



आईएचएम भोपाल में आयोजित 'अभिनंदन' फ्रेशर पार्टी 2026

रैंप पर स्टूडेंट्स संग टीचर्स का फैशन शो ने मोहा मन


रैंप वॉक करते हुए प्राचार्य रोहित सरीन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) में शुक्रवार को फ्रेशर पार्टी 2026 'अभिनंदन' में सीनियर्स ने जूनियर्स का वेलकम बेहद की खास और दिलकश अंदाज में किया। जहां सीनियर्स ने डांस और म्यूजिक के तड़के से समा को मनभावन बनाया तो वहीं पार्टी का खास आकर्षण स्टूडेंट्स संग प्रोफेसर्स और प्रिंसिपल की रैंप वॉक भी रही। जिसमें जैसे ही प्रोफेसर्स ने रैंप पर अपने अनूठे अंदाज में वॉक की तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में मार्गदर्शन प्राचार्य रोहित सरीन का रहा।

सुजोति और कृष्णा बने मिस व मिस्टर फ्रेशर

इस पार्टी में सीनियर्स ने डांस का ऐसा जलवा बिखेरा कि पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। रंगबिरंगे परिधानों में सजे धजे सीनियर जूनियर की खास पेशकश के अंत में मिस्टर एंड मिस फ्रेशर का चयन भी किया गया। जिसमें सुजोति मिस फेशर और कृष्णा मिस्टर फेशर के रूप में चयनिए हुए।


विनर प्रो. अंकुर।



पारंपरिक कला के उत्सव का शुभारंभ

खजाना इंडिपेंडेंस एडिट में दिखा हुनर, विरासत-उद्यमिता का उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ताज होटल में शुक्रवार को तीन दिवसीय 'खजाना इंडिपेंडेंस एडिट 2026' का शुभारंभ खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने किया। बेगम्स ऑफ भोपाल और वूमेन एजुकेशन एम्पावरमेंट सोसाइटी (वीज)द्वारा आयोजित इस इंडिपेंडेंस एडिट में देश की पारंपरिक हस्तकलाओं, हस्तनिर्मित उत्पादों, महिला उद्यमियों, शिल्पकारों और डिजाइनरों को एक साझा मंच उपलब्ध कराया गया है। आयोजन का उद्देश्य भारतीय कला और विरासत को आधुनिकता से जोड़ते हुए सामाजिक सरोकारों और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

इस परंपरा से नई पीढ़ी को जोड़ने की आवश्यकता

इस दौरान आयोजित पैनल डिस्कशन में क्षेत्रीय कला, हैंडलूम और पारंपरिक शिल्प को नई पीढ़ी से जोड़ने की जरूरत पर चर्चा हुई। सत्र में मलिका शाह ने कहा कि क्षेत्रीय कला को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जाने चाहिए। बेगम्स ऑफ भोपाल की अध्यक्ष रख्शां शमीम जाहिद ने कहा कि शहर की अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान है। दुपट्टों की चुनाई सहित कई पारंपरिक कामों से जुड़े शिल्पकार आज भी अपनी कला को आगे बढ़ा रहे हैं।

देश के विभिन्न हिस्सों में मौजूद पारंपरिक कलाओं को मिलेगी पहचान

इसके माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों में मौजूद रचनात्मक और पारंपरिक कलाओं को पहचान दिलाने,संरक्षित करने तथा शिल्पकारों को नए बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है। इंडिपेंडेंस एडिट में भी इसी सोच को केंद्र में रखते हुए हस्तनिर्मित उत्पादों की विविधता प्रदर्शित की जा रही है।

यूथ पार्लियामेंट में युवाओं ने महसूस की सकारात्मक ऊर्जा

ऊर्जा गुरु आयुष गुप्ता ने कराया रेकी हीलिंग सेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संसद यूथ पार्लियामेंट 2026 के दूसरे दिन शुक्रवार को विधानसभा परिसर में विशेष रेकी हीलिंग सेशन का आयोजन किया गया। ऊर्जा गुरु आयुष गुप्ता द्वारा आयोजित इस सेशन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर रेकी हीलिंग सेशन लिया। इस दौरान आयुष ने युवाओं को रेकी हीलिंग की अवधारणा और इसके विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सकारात्मक सोच, मानसिक शांति और स्वयं के प्रति जागरूकता युवाओं के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आयुष ने कहा कि जिस तरह से आज यूथ पार्लियामेंट ध्यान से शुरू हुई, उसी प्रकार हमारे देश की संसद भी ध्यान से शुरू हो जिससे देश के विकास की योजनाएं शांति और ध्यानपूर्वक बनाई जा सकें।



राष्ट्रपति भवन में बिखरेगी बाग प्रिंट की छटा

राउंड टेबल कवर के साथ अतिथियों को भेजे जाने वाले निमंत्रण पत्र के कवर पर भी धार जिले की बाग प्रिंट की पारंपरिक डिजाइन नजर आएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल/बाग

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त मध्यप्रदेश की पारंपरिक कला बाग प्रिंट के लिए ऐतिहासिक अवसर बनने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा आयोजित 'एट होम' समारोह में देश-विदेश से आने वाले करीब 650 विशेष अतिथियों के स्वागत के लिए राष्ट्रपति भवन में धार जिले के बाग प्रिंट से तैयार आकर्षक राउंड टेबल कवर सजाए जाएंगे। वहीं, अतिथियों को भेजे जाने वाले आधिकारिक निमंत्रण पत्र के कवर पर भी बाग प्रिंट की पारंपरिक डिजाइन नजर आएगी।



खत्री भाइयों ने तैयार किए कवर

राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विजेता मास्टर क्राफ्ट्समैन मोहम्मद बिलाल खत्री ने अपने भाइयों काजिम खत्री और अब्दुल करीम खत्री के साथ ये विशेष टेबल कवर तैयार किए हैं। 36×36 इंच के इन कवर में बाग गुफाओं से प्रेरित डिजाइन, फूलों की आकृतियां, ताजमहल और लाल किले की वास्तुकला तथा पारंपरिक आदिवासी पैटर्न को प्राकृतिक रंगों और लकड़ी के ठप्पों के जरिए उकेरा गया है।

समाचार पत्रों में ऐतिहासिक घटनाओं, जनभावनाओं और विश्व की भारत के प्रति दृष्टि की झलक

बिड़ला संग्रहालय में स्वतंत्रता के साक्षी समाचार-पत्रों की दुर्लभ प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अंग्रेजी राज की समाप्ति और भारत की स्वतंत्रता की घोषणा से संबंधित देश-विदेश के प्रमुख हिंदी, अंग्रेजी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के समाचार-पत्रों के प्रथम पृष्ठों के फोटो की चित्र प्रदर्शनी को शुक्रवार से बिड़ला संग्रहालय में एग्जीबिट किया गया। 17 अगस्त तक आयोजित इस चित्र प्रदर्शनी में यह दर्शाने का प्रयास किया कि भारत की स्वतंत्रता के उस ऐतिहासिक क्षण को विश्व के विभिन्न देशों के प्रमुख समाचार-पत्रों ने किस प्रकार अपनी सुर्खियों और समाचारों के माध्यम से प्रस्तुत किया था। इन दुर्लभ समाचार-पत्रों के प्रथम पृष्ठ उस समय की ऐतिहासिक घटनाओं, जनभावनाओं और विश्व की भारत के प्रति दृष्टि की महत्वपूर्ण झलक प्रस्तुत करते हैं।





भारतीय संविधान की हस्तलिखित मूल प्रति भी

प्रदर्शनी का एक अन्य प्रमुख आकर्षण भारत सरकार द्वारा प्रकाशित भारतीय संविधान की हस्तलिखित मूल प्रति की प्रतिकृति पर आधारित पुस्तक है। इसमें संविधान सभा के सदस्यों के हस्ताक्षर तथा प्रसिद्ध कलाकार नंदलाल बोस और राम मनोहर सिन्हा द्वारा बनाए गए चित्र शामिल हैं। साथ ही प्रदर्शनी में देवेंद्र प्रकाश तिवारी द्वारा कबाड़, स्क्रैप एवं रीसाइकिल्ड वस्तुओं से तैयार कलाकृतियों और विभिन्न सामग्रियों को भी प्रदर्शित किया गया है।



दुष्यंत संग्रहालय में अंतरविद्यालयीन प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केंद्र के निदेशक महेश सक्सेना के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर दुष्यंत संग्रहालय में अंतरविद्यालयीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भोपाल के लगभग 18 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाषण, देशभक्ति गीत, निबंध लेखन एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में सोनाक्षी डेहरिया प्रथम, निबंध प्रतियोगिता में शिवानी शाह प्रथम रहीं।

स्वियातेक ने जीता साल का पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब

कैनेडियन ओपन में स्वियातेक ने रायबाकिना 6-2, 6-3 से हराया

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

पौलेंड की इगा स्वियातेक ने कैनेडियन ओपन 2026 महिला एकल का खिताब जीत लिया है। टोरंटो में खेले गए फाइनल मुकाबले में स्वियातेक ने कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना को 6-2, 6-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। स्वियातेक का इस सीजन का यह पहला खिताब है।

टूर्नामेंट में जारी अपने शानदार फॉर्म को बरकरार रखते हुए पोलैंड की सातवीं सीड खिलाड़ी स्वियातेक ने पहले सेट में ही बढ़त बना ली थी, जबकि दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी रायबाकिना ने लगातार दो डबल फॉल्ट पर ब्रेक पॉइंट गंवा दिया। स्वियातेक के पहला सेट जीतने के लिए रायबाकिना की यह गलती काफी थी। दूसरे सेट में भी रायबाकिना को अपनी गलतियों का नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने दो मिस्ड बैकहैंड ने स्वियातेक को एक और ब्रेक दिया। रयाबाकिना एक चैंपियनशिप पॉइंट बचाने में कामयाब रहीं, लेकिन स्वियातेक ने पिछले सितंबर के बाद से अपना पहला खिताब हासिल करने के लिए दूसरे मौके को भुना लिया।

स्वियातेक के लिए जीत बेहद अहम


स्वियातेक के लिए यह जीत बेहद अहम है। यूएस ओपन की तैयारी कर रही स्वियाटेक का इस जीत के बाद आत्मविश्वास बढ़ेगा। लंबे समय से कोई खिताब न जीत पाने के कारण आलोचन का सामना कर रहीं स्वियातेक ने खिताबी जीत के बाद कहा कि यह खिताब मेरे लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि पिछले कुछ महीने बिल्कुल भी आसान नहीं रहे हैं। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने आगे बढ़ने, अपने गेम को थोड़ा बदलने, इंटरनेट और ऑनलाइन पर ऑडियंस की मेरे बारे में हर समय बनी राय के बावजूद बेहतर होने पर फोकस किया है। इन सब से डील करना आसान नहीं है। मुझे खुशी है कि असलियत अलग है, मेरे आस-पास ऐसे लोग हैं जो हर सप्ताह और हर दिन मेरा समर्थन करते हैं। ये लोग यहां अपना बेस्ट करने और अपना बेस्ट देने के लिए हैं, जो मुझे पुश करता रहता है।



खुद पर फोकस करते रहो : स्वियातेक

स्वियातेक ने कहा, मैं यह खिताब उन सभी लोगों को समर्पित करना चाहती हूं जिन्हें गलत तरीके से जज किया जा रहा है या जिन्हें नफरत का सामना करना पड़ रहा है, चाहे वह खेल में हो या जिंदगी के किसी और क्षेत्र में। मुझे पता है कि यह कितना भारी लग सकता है। सच कहूं तो, उन विचारों को पावर देना सही नहीं है, और यह जानना जरूरी है। आगे बढ़ते रहो, पूरी कोशिश करते रहो, खुद पर फोकस करते रहो, क्योंकि यही सबसे अच्छी चीज है जो तुम कर सकते हो। हमेशा वह सब याद रखो जो आने वाला है और वह सब कुछ जो तुम हासिल कर सकते हो। हां, हम यहां हैं।"

नेशनल बैंक ओपन : शेल्टन बने चैंपियन, नकाशिमा को दी मात



मॉन्ट्रियल। बेन शेल्टन ने ऑल अमेरिकन फाइनल में ब्रैंडन नकाशिमा को 6-3, 7-6 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। पांचवीं वरीयता प्राप्त शेल्टन के नाम अब एटीपी टूर में सात खिताब हैं। उन्होंने इस साल डलास, म्यूनिख और स्टुटगार्ट में भी खिताब जीते हैं। उन्होंने पिछले साल टोरंटो में इस कनाडाई टूर्नामेंट का खिताब जीता था।

शेल्टन ने की 142 मील प्रति घंटे की रफ्तार से सर्विस

शेल्टन ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया। 2019 में राफेल नडाल के बाद कनाडा में खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले पहले खिलाड़ी बने 23 वर्षीय बाएं हाथ के इस खिलाड़ी के विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचने की उम्मीद है। शेल्टन ने पूरे मुकाबले में 142 मील प्रति घंटे की रफ्तार से सर्विस की और एक घंटे 27 मिनट चले मुकाबले में नकाशिमा को एक भी ब्रेक प्वाइंट हासिल नहीं करने दिया। युगल फाइनल में ब्राजील के रफेल मातोस और ऑरलैंडो लूज ने क्रोएशिया के माते पाविच और अल सल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो को 5-7, 6-4, 10-6 से हराया।

आज सुबह 10 बजे से गॉल में भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मैच

डब्ल्यूटीसी में वापसी की तलाश में भारत

एजेंसी ▶▶| गॉल

भारतीय बल्लेबाजों की शनिवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में स्पिन के खिलाफ कड़ी परीक्षा होगी और इस श्रृंखला का नतीजा मुख्य कोच गौतम गंभीर की देश के लाल गेंद क्रिकेट के प्रभारी के तौर पर भूमिका के लिए काफी अहम होगा। गंभीर के कार्यकाल में भारत सफेद गेंद (सीमित ओवरों का क्रिकेट) के क्रिकेट में लगभग अजेय टीम रहा है, जिसका अंदाजा चैंपियंस ट्रॉफी, एशिया कप और टी20 विश्व कप में उसके खिताबी अभियान से लगाया जा सकता है। लेकिन टेस्ट क्रिकेट की तस्वीर काफी निराशाजनक है। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर क्लीन स्वीप ने भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया है। लगातार मिली इन नाकामियों और इसके बाद सहयोगी स्टाफ के दो सहायक कोच तथा एक क्षेत्ररक्षण कोच के जाने से गंभीर और टीम के लिए तत्काल नई ऊर्जा के संचार की जरूरत महसूस होने लगी है। इसका यह मतलब नहीं है कि अगर श्रीलंका में भारत जीत हासिल नहीं कर पाता है तो गंभीर को तुरंत हटा दिया जाएगा लेकिन लाल गेंद के क्रिकेट में आगे की रणनीति को लेकर सत्ता के गलियारों में निश्चित रूप से चर्चा तेज होगी।

श्रीलंका के स्पिन चक्रव्यूह को भेदना लक्ष्य



पंत और जुरेल के लिए अहम मैच

भारत को स्पिन के इस जाल से निकलने के साथ-साथ कुछ खिलाड़ियों के खराब व्यक्तिगत दौर से बाहर निकलने की उम्मीद भी करनी होगी। खासकर ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल के लिए यह अहम समय है। जुरेल को सरफराज खान पर तरजीह मिल सकती है। इन दोनों का हालिया प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा है। मध्यक्रम के इन दोनों बल्लेबाजों के बल्ले से निकलने वाले रन और श्रीलंकाई स्पिनरों के खिलाफ उनका प्रदर्शन इस टेस्ट में बेहद महत्वपूर्ण होगा।



भारत ने 2017 में जीती थी टेस्ट सीरीज

यह स्थिति मौजूदा भारतीय टीम के लिए अनुकूल नहीं है, जिसके बल्लेबाज हाल के समय में मिचेल सैंटनर और साइमन हार्मर जैसे स्पिनरों के खिलाफ बुरी तरह संघर्ष करते नजर आए हैं। हालांकि, मौजूदा टीम में उस भारतीय टीम की झलक दिखती है, जो 2017 में पिछली बार टेस्ट श्रृंखला खेलने श्रीलंका आई थी। विराट कोहली की अगुआई वाली उस टीम में कई ऐसे खिलाड़ी थे, जो अपने करियर के मध्य चरण में थे। भारत ने उस दौरे पर 3-0 से श्रृंखला जीती थी, जिसमें गॉल में मिली जीत भी शामिल थी।


खबर संक्षेप



सिराज के साथ नई गेंद संभाल सकते हैं कृष्णा

गॉल। कप्तान शुभमन गिल ने संकेत दिया है कि शनिवार से श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट में अनुभवी मोहम्मद सिराज के साथ प्रसिद्ध कृष्णा नई गेंद संभाल सकते हैं। हालांकि युवा गुरनूर बरार ने पुरानी गेंद से प्रभावी गेंदबाजी करने की अपनी क्षमता के दम पर मजबूत दावेदारी पेश की है। भारत इस दौरे पर बाएं हाथ के तीन स्पिनरों रविंद्र जडेजा, मानव सुथार और कुलदीप यादव के साथ उतर रहा है। वहीं चार तेज गेंदबाजों में सिराज की जगह लगभग तय है। आकिब नबी दौड़ में नहीं हैं जबकि छह फुट पांच इंच लंबे गुरनूर और उनसे एक इंच छोटे प्रसिद्ध के बीच चयन होना है। प्रसिद्ध सात टेस्ट खेल चुके हैं और उनके नाम 25 विकेट हैं।

चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट 2 नवंबर से



चेन्नई। चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन 2 से 8 नवंबर तक किया जाएगा। तमिलनाडु टेनिस संघ ने शुक्रवार को यह घोषणा की। चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 प्रतियोगिता है। टीएनटीए अध्यक्ष विजय अमृतराज ने कहा, 'डब्ल्यूटीए 250 टूर्नामेंट तीसरी बार भारत लौट रहा है और इसमें दुनिया की शीर्ष 100 रैंकिंग वाली खिलाड़ियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है।' उन्होंने कहा, 'इस तरह के महिला टूर्नामेंट का आयोजन महिला टेनिस को बढ़ावा देने की चली आ रही जरूरत को पूरा करेगा और राज्य की अधिक लड़कियों को इस खेल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

51 साल का सूखा खत्म करने उतरेगी हॉकी टीम

एजेंसी ▶▶| एम्सटेलवीन

लगातार दो ओलंपिक पदक जीत चुकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को वेल्स के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो उसका लक्ष्य विश्व कप में 51 साल के पदक के सूखे को खत्म करने के अभियान का शानदार आगाज करके देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस का तोहफा देने का होगा। 8 बार के ओलंपिक चैंपियन भारत ने एकमात्र विश्व कप 1975 में पाकिस्तान को हराकर जीता था। इससे पहले 1971 में कांस्य और 1973 में रजत पदक जीता था, लेकिन पिछले 51 साल में पोडियम पर जगह बनाने में भारतीय टीम नाकाम रही है।



सिन्कफील्ड कप : प्रज्ञानानंदा ने की वापसी, फॉरेस्ट को दी मात

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने पिछले दौर में हार के बाद शानदार वापसी करते हुए सिन्कफील्ड कप के चौथे दौर में नीदरलैंड के जोर्डन वान फॉरेस्ट को हराया और दूसरे स्थान पर चल रहे खिलाड़ियों के समूह में शामिल हो गए। इस जीत से प्रज्ञानानंदा के 10 खिलाड़ियों के नौ दौर वाले इस टूर्नामेंट में चार बाजियों में 2.5 अंक हो गए हैं।

पिछले दौर में जर्मनी के विन्सेंट कीमर से हारने के बाद यह वापसी उनके लिए काफी महत्वपूर्ण है। इससे उनकी पोडियम पर जगह बनाकर ग्रैंड चेस टूर के फिनाले के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद बढ़ जाएगी। दिलचस्प बात यह रही कि दिन का यह एकमात्र निर्णायक मुकाबला था। बाकी चार बाजियां ड्रॉ रहीं।



पांच दौर का खेल बाकी

अभी पांच दौर बाकी हैं और वेस्ली सो शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा, वाचियर-लाग्रेव और अरोनियन उनसे केवल आधे अंक पीछे हैं। वहीं करुआना, कीमर और सैमुअल के दो-दो अंक हैं। अनीश गिरी और सिंदारोव 1.5-1.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर हैं जबकि वान फॉरेस्ट आधे अंक के साथ आखिरी पायदान पर हैं।

तीन अंक के साथ शीर्ष पर वेस्ली

अमेरिका के वेस्ली सो हमवतन लेवोन अरोनियन के साथ ड्रॉ खेलने के बावजूद तीन अंक के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। अमेरिकी खिलाड़ियों के बीच हुए एक अन्य मुकाबले में फैबियानो करुआना को सेवियन सैमुअल ने ड्रॉ पर रोक दिया, जबकि अनीश गिरी ने उज्बेकिस्तान के विश्व चैंपियनशिप के दावेदार जावोखिर सिंदारोव के साथ अंक बांटे। दिन की एक अन्य बाजी में मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव ने कीमर के साथ ड्रॉ खेला।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

